ॐ श्रीललितायै नमः । श्रीगणेशाय नमः

श्रीसंजय शर्मा-संग्रहालय एवं शोध-संस्थान (प्रन्यास)

(प्रथम-पुष्प)

श्रीललितासहस्रनामस्तोत्रम्

(श्रीशम्भुनाथ नागर कृत बालातपभाष्य तथा हिन्दीव्याख्यायुक्त)



CSUGCKL 1
Q25:4173x1,1
21638
Acc.No: 21638

श्री ललितासहस्रनाम स्तोत्र
का महत्व

अनादिकाल से ही देव मानव आदि परमशक्ति की उपासना करते रहे हैं। उपासना एवं आराधना के पाँच अंगों में सहस्रनाम का महत्त्व भी विदित ही है। शक्ति के उपासकों ने परमसिद्धि के साधनभूत जगज्जननी त्रिपुरसुन्दरी परमशिव की अर्धाङ्गिनी श्री ललिताजी की आराधना हेतु मंत्रशास्त्रों का सर्वस्व "श्री ललितासहस्रनाम स्तोत्र" हृदयङ्गम किया। शंकर पीठों में एवं दक्षिण भारत के घर-घर में इस सहस्रनाम का पाठ व पूजन शताब्दियों से चलता रहा है।

ललिता सहस्रनाम जहाँ पाठमात्र से पुण्य एवं सिद्धि प्राप्त करने वालों के लिए सरल है, वहीं तंत्र, मंत्र एवं शक्ति से सम्बद्ध दर्शनज्ञानार्थियों के लिए अनेकार्थक शब्दों के प्रयोग के कारण अत्यन्त क्लिष्ट भी है।

भास्कर राय ने अपनी विस्तृत व्याख्या में इस ग्रन्थ के सभी पक्षों को यद्यपि अनावृत किया है, तथापि उनकी भाषा पण्डिततोषिणी ही है।

साधारण जिज्ञासुओं को इसका सरलार्थ प्रस्तुत करते हुए पण्डित प्रवर शम्भुनाथ नागर ने 'बालातप भाष्य रचा, जिसका अब तक प्रकाशन नहीं हुआ था।

श्री संजय शर्मा संग्रहालय एवं शोध संस्थान ने इस बहुमूल्य एवं अत्यन्त उपयोगी संस्कृत भाष्य के साथ एवं हिन्दी अनुवाद तथा विद्वत्तापूर्ण भूमिका एवं प्रस्तावना के साथ ललितासहस्रनाम स्तोत्र का प्रकाशन कर बड़ा श्रेयस्कर कार्य किया है।

विश्वास है कि यह प्रकाशन विद्वज्ज[illegible] लिए आत्मसन्तोषदायक होगा।

FORWARDED FREE OF COST WITH
THE COMPLIMENTS OF RASTRIYA
SANSKRIT SANSTHAN, NEW DELHI.

CAT NO. 2999.
HOLD ID. 5036.
Book No. 1.
Location. 22B-1

ॐ श्रीललितायै नमः । श्रीगणेशाय नमः

श्रीसंजय शर्मा-संग्रहालय एवं शोध-संस्थान (प्रन्यास)

(प्रथम-पुष्प)

श्रीललितासहस्रनामस्तोत्रम्

(श्रीशम्भुनाथ नागर कृत बालातपभाष्य तथा हिन्दीव्याख्यायुक्त)

सम्पादकः
गोस्वामि श्रीलक्ष्मीनारायण दीक्षित

Rashtriya Sanskrit Sansthan Deemed University
GURUVAYOOR CAMPUS
KERALA 680 551
LIBRARY

प्रस्तावना
श्रीगोपालनारायण बहुरा

हिन्दी व्याख्याकार, भूमिका लेखक
डॉ. अर्कनाथ चौधरी
वरिष्ठ प्राध्यापक
व्याकरणाचार्य, एम.ए. (दर्शन) शिक्षाशास्त्री, पी-एच.डी.
केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, जयपुर

रामकृपालु शर्मा,
संस्थापक
श्रीसंजय शर्मा-संग्रहालय एवं शोध-संस्थान
ठठेरों का रास्ता, चौड़ा रास्ता,
जयपुर ।

1997

मुखपृष्ठ पर श्री ललितादेवी का चित्र और
अन्तिम पृष्ठ पर रंगोली का चित्र
श्री संजयशर्मा संग्रहालय एवं शोध संस्थान के हैं।

प्रकाशक
श्रीरामकृपालु शर्मा,
"संस्थापक-अध्यक्ष"
श्रीसंजय शर्मा संग्रहालय एवं शोध-संस्थान
1670, ठठेरों का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर।
दूरभाष : 312813, 323436

प्राप्ति स्थान
श्रीसंजय शर्मा संग्रहालय एवं शोध-संस्थान
1670, ठठेरों का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर।

Q25:417 3oc1,1
RASHTRIYA SANSKRIT SANSTHAN DEEMED UNIVERSITY (UNDER MINISTRY OF H.R.D. GOVT. OF INDIA)
ACCESSION NO 21638
DATE 21/4/04

© *प्रकाशकाधीन*
प्रथम संस्करण - 1997

मूल्य : 250/-

लेजर टाइप सैटिंग :-
श्रीनाथ कम्प्यूटर्स, जयपुर ।

मुद्रक
जयपुर प्रिन्टर्स,
मिर्जा इस्माइल रोड, जयपुर।

SHREESANJAY SHARMA MUSEUM AND RESEARCH INSTITUTE

(FIRST PUBLICATION)

SHREELALITASAHASRANAMSTOTRAM WITH COMMENTARY OF BALATAPABHASHYA

Edited By

GOSWAMI SHREELAXMI NARAYAN DIXIT

Introduction
By
SHREEGOPALNARAYAN BAHURA

Preface and Hindi Commentary
By
DR. ARK NATH CHOUDHARY
VYAKARAN ACHARYA
M.A. (DARSHAN) Ph.D.

RAMKRIPALU SHARMA
"FOUNDER CHAIRMAN"

SHREESANJAY SHARMA MUSEUM AND RESEARCH INSTITUTE

JAIPUR

1997

Publisher
SHRI RAM KRIPALU SHARMA
FOUNDER CHAIRMAN
SHREE SANJAY SHARMA MUSEUM
AND RESEARCH INSTITUTE
1670/ THETERON KA RASTA,
S.M.S. HIGHWAY,
JAIPUR-302 003

Available At-
SHREE SANJAY SHARMA MUSEUM
AND RESEARCH INSTITUTE
1670/ THETERON KA RASTA,
S.M.S. HIGHWAY,
JAIPUR-302 003

© Reserved with the Publisher

First Edition 1997

Price Rs.250/-

Laser Typesetting
Shreenath Computers, Jaipur

Printers
Jaiupr Printers
M.I. Road, Jaipur

मैं आपको प्रणाम करता हूँ

पुण्यात्मा श्री सजंय शर्मा

जन्म तिथि	पुण्य तिथि
3-4-1966	3-3-1982

भारद्वाज कुलोद्भवः शशिनिभो दान्तो दया भावनः
समृद्धेश्च सुखस्य विस्तरकरो भक्त सहिष्णुर्गुणी।
पुण्यात्मा गणपाम्बिकाङ्घ्रिकमलध्यानेकतानोऽनघः
बालो राम् कृपालु शर्मतनुजः श्री संजयः स्मर्यते।।

श्री यंत्र



विन्दुत्रिकोणसंयुक्तं वसुकोणसमन्वितम्।
दशकोणद्वयोपेतं.. भुवनारसमान्वितम्।।
दलाष्टकमलोपेतं दलषोडशकान्वितम्।
वृत्तत्रयान्वितं भूमिसदनत्रयभूणितम्
नमामि ललिताचक्रं साधकानामभीष्टदम्।।

विषय - सूची

	पृष्ठ सं.
प्रकाशकीय -	I-VI
प्रस्तावना -	VII-XVI
भूमिका -	XVII-XXIV
मूल प्रति का प्रारंभिक एवं अन्तिमांश का स्वरूप	XXV-XXVI
श्रीललितासहस्रनामस्त्रोत्रम् (उपोद्घात विनियोगादि)	1-4
श्रीललितासहस्रनामस्त्रोत्रम् सभाष्य	1-76
भाष्यकार प्रशस्ति -	76-77
फलश्रुतिः -	78-84
श्रीललितासहस्रनामस्तोत्रम् (हिन्दी व्याख्या सहितम्)	1-९1

नीराजनम्

जय सुन्दरि ललिते।
श्री सुन्दरि ललिते।
श्रीचक्रोपरिराजित
कामेश्वरसहिते।। श्री सुन्दरि.।।
सविन्दुगुणकोणोपरि
राजितवसुकोणे।
तदुपरिदशकोणद्वय
शोभितमन्वस्त्रे।। जय सुन्दरि.।।
मात्तङ्गेन्दुकलादलभूषितगुणरेखे
तदुपरि त्रिरेखनिर्मित-शुद्ध चतुर्द्वारे।। जय देवि.।।
श्री चक्रे ललितार्चनमनुदिनमातनुते।
नीराजन सहितं य: परमसुखं लभते।। जय देवि.।।
शश्वद्वसतिं कुरु भोरीश्वरि मम हृदये।
जय सुन्दरि ललिते।।
श्री सुन्दरि ललिते।।

श्री चक्रोपरिराजित कामेश्वर सहिते।।

प्रकाशकीय

गुरुजनों से सुना, स्वयं मनन किया तथा जाना कि इस जगत् में जो कुछ सार भूत है, पवित्र है, वह ज्ञान है। "नहि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते"। ज्ञान ही परमप्रकाश है। ज्ञान के बिना मुक्ति नहीं है -

ऋते ज्ञानान्न मुक्तिः, इत्यादि श्रुतिवाक्य भी ज्ञान माहात्म्य को प्रकट करते ही हैं।

ज्ञान प्राप्त करने तथा अन्यों को ज्ञान प्राप्त कराने के दो साधन हैं - अध्ययन तथा अध्यापन और इन दोनों में दक्षता के लिए आवश्यक है कि विपुल ग्रन्थ-राशि हमें सुलभ होती रहे, जिनसे नये-नये तथ्यों का ज्ञान हम सबको होता रहे। हमने यह अनुभव किया कि हमारे मनीषियों ने, विद्वानों ने विपुल ग्रन्थ रचकर नये-नये विचार सारभूत तथ्यों के साथ प्रस्तुत किये हैं, किन्तु वे जिज्ञासुओं के लिए अप्रकाशित होने के कारण प्राप्य नहीं हैं। ज्ञान-भण्डार को पाण्डुलिपियों के रूप में मैंने यत्र-तत्र बिखरा पड़ा देखा और गुरु की कृपा कहें या ईश्वरीय प्रेरणा, मुझमें इनको संग्रहीत कर सुरक्षित रखने की एवं कालान्तर में प्रकाशित कर जन–जन तक पहुँचाने की सदिच्छा का उदय हुआ। जिस से बिखरे पड़े ज्ञान-भण्डार का उपयोग मनुष्य अपने–अपने अभीष्टों की प्राप्ति हेतु एवं जीवन को समुन्नत करने हेतु कर सके। इसी सदिच्छा के कारण मैंने जीवन संग्राम से जूझते हुए भी आर्थिक कठिनाइयों की पराकाष्ठा में भी पाण्डुलिपियों का संग्रह प्रारम्भ किया। परिणामतः 25 अप्रेल, सन् 1970 ई. को ही स्वयं द्वारा संग्रहीत-पाण्डुलिपि-सम्पदा एवं कलात्मक-सामग्री को शर्मा ग्रन्थ संग्रहालय के नाम से तत्कालीन केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री श्रीभक्तदर्शन जी के सान्निध्य में समर्पित कर दिया।

वही शर्मा ग्रन्थ संग्रहालय वर्तमान में श्रीसंजय शर्मा संग्रहालय एवं शोध संस्थान के नाम से एक प्रन्यास के रूप में परिवर्तित हुआ है। यद्यपि प्रन्यास के रूप में यह नाम नया लगता है किन्तु यह वस्तुतः 27 वर्ष पुराना संग्रहालय एवं शोध संस्थान है।

संग्रहालय के प्रेरणास्रोत श्री संजय शर्मा -

श्रीसंजय शर्मा मेरा कनिष्ठ आत्मज था। वह अल्पवय में ही अपनी विनम्रता, बुद्धि, प्रखरता तथा वाक्शक्ति आदि अनेकों गुणों के कारण लोगों में प्रिय हो गया था। सबसे बड़ी बात थी कि वह सिद्धवाक् था। मेरे लिए तो वह पुत्र ही नहीं था, वह मेरा अदृष्ट था, मेरे पूर्वजन्म के किसी पुण्य का फल

था, किसी सिद्ध पुरुष का अंश था, या दैवीशक्तिमय कोई अन्य मेरा सुहृद् उपकारी था, जिसने मेरे घर में उत्पन्न होकर असाध्य रोग से जीवन–पर्यन्त संघर्ष ही करता रहा और मुझे इस कार्य को करने की सामर्थ्य एवं संकल्प–शक्ति प्रदान कर गया। श्रीगणपति एवं जगदम्बा के इस अनन्य भक्त के उदय के साथ हमारे घर में एक प्रकार से सौभाग्योदय होता गया। उसकी गणपति एवं जगदम्बा कीं दृढ़ भक्ति को देखकर मैं स्वयं भी सोचने के लिये विवश हो जाता हूँ। कितने ही जन्म–जन्मान्तर की दृढ़भक्ति को लेकर स्व. संजय शर्मा मेरे घर में आया और अपने जीवन की सुमधुर गन्ध बिखेरता हुआ ब्रह्मलीन भी हो गया। ऐसा प्रतीत होता है कि वह सिद्ध बालक जितना भी दायित्व लेकर आया था उसे पूर्ण करके अनन्त में विलीन हो गया और हमारे जीवन में ऐसी अमिट छाप छोड़ गया कि हम सभी उस दिव्य–आत्मा के ऋणी हैं।

हम सभी स्व. संजय के प्रति श्रद्धावनत हैं। उसी के यशःशरीर को चिरजीवित रखने के लिए मैंने श्रीसंजय शर्मा के नाम पर इस प्रन्यास का नामकरण किया। वही इस शोध-संस्थान एवं संग्रहालय का प्रेरणास्रोत भी था।

संग्रहालय (MUSEUM)

संजय शर्मा संग्रहालय में 12वीं शताब्दी से 20वीं शताब्दी तक के विभिन्न शैलियों के चित्रों का संग्रह किया गया है जिनमें जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा, बून्दी, सिरोही, किशनगढ़, नागौर, नाथद्वारा, बीकानेर, मुगल, पहाड़ी, गुजरात, महाराष्ट्र, पटना, अवध, इस्लामिक, उड़ीसा, तंजोर, हैदराबाद, बंगाल, मैसूर आदि शैलियों के प्राचीन चित्र संग्रहालय में विद्यमान हैं।

परन्तु, संग्रहालय में जयपुर शैली के चित्रों को अधिक महत्व दिया गया है, साथ ही यहाँ के लिखे गये अनेक प्रकार के ग्रन्थ तथा यहाँ के राजाओं के लिये विशेष रूप से लिखे गये ग्रन्थ, वस्त्र एवं परिधान, काष्ठकला, ऐतिहासिक सामग्री, ज्योतिष संबंधी यंत्र तथा तंत्रशास्त्र आदि को संग्रहालय में विशेष महत्त्व के साथ रखा गया है। तदुपरान्त, राजस्थान के विभिन्न अंचलों की कलात्मक सामग्री का संग्रह भी प्रदर्शनार्थ रखा गया है। चित्रों में भी जो अधिक जनोपयोगी हैं, यथा आयुर्वेद, चिकित्सा शास्त्र, योगशास्त्र, वैदिक चित्रावली, यज्ञोपकरण आदि विषयों के वैज्ञानिक चित्रों को विशेष रूप से प्रदर्शनार्थ रखा गया है।

वस्त्रों में जयपुर एवं मच्छलीपट्टम् की कलमकारी, कश्मीरी कशीदाकारी, शेखावाटी के आलंकारिक वस्त्र, बंगाल के टेरेकोटा कम्पनी स्कूल के फीगर, ईस्ट इंडिया कम्पनी समय के ग्लास पेंटिंग्स, लोक कलात्मक चित्र तथा नाथद्वारा की पिछवाइयाँ, नागौर की काष्ठकला तथा विविध कलाकृतियों का संग्रह किया गया है जिनका आधार ग्लास, कपड़ा, कागज, मिट्टी तथा लकड़ी, पीतल, लोहा, हाथीदाँत, प्रस्तर, ताड़पत्र, भोजपत्र आदि हैं।

इस प्रकार संग्रहालय में संगृहीत बहुत–सी कलाकृतियों एवं सचित्र ग्रन्थों का तथा प्राचीन वस्त्रों का पूर्णतया प्रदर्शन करना तो संभव नहीं है फिर भी यथाशक्ति बहुत कुछ प्रदर्शनार्थ रखा गया है।

शोध संस्थान (RESEARCH INSTITUTE)

संजय शर्मा संग्रहालय एवं शोध संस्थान में 12वीं से 20वीं शताब्दी तक के अनेक सचित्र ग्रन्थों की विपुल सम्पदा सुरक्षित है। प्राय: सभी विषयों के एवं सभी भाषाओं के सचित्र ग्रन्थ संग्रहालय में विद्यमान हैं।

शोध संस्थान में ब्राह्मी, शारदा, तिब्बती, अरबी, फारसी, उर्दू, तिरहुत, बंगला, तेलगू, मलयालम, कन्नड़, गुजराती, मराठी, गुरूमुखी, देवनागरी लिपियों तथा संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, नेपाली, बर्मीज आदि भाषाओं की पाण्डुलिपियाँ मौजूद हैं –

इसमें विविध कला–सौष्ठव से युक्त हस्तलिखित ग्रन्थ, कल्पसूत्र पद्धति पर आधारित वैष्णव ग्रन्थ, फारसी के सचित्र वैष्णव ग्रन्थ, 12वीं शताब्दी का ताड़पत्र का सचित्र ग्रन्थ तथा गुजरात के सचित्र ग्रन्थ प्रमुख हैं। गुजरात की संझ्या शैली में चित्रित एवं लोक कला सौष्ठव से युक्त अनेक सचित्र ग्रन्थ संग्रहालय में विद्यमान हैं। मधुसूदन जी ओझा के सचित्रग्रन्थ भी संग्रहालय में सुरक्षित हैं एवं फारसी से हिन्दी में अनूदित सचित्र ग्रन्थ संग्रहालय में प्रदर्शित किये गये हैं। इसके अतिरिक्त ज्योतिषशास्त्र, वास्तुशास्त्र, अश्वचिकित्सा, गज चिकित्सा, आयुर्वेद आदि विषयों के सचित्र ग्रन्थ भी संग्रहालय में प्रदर्शनार्थ रखे गये हैं।

आज हमारे इस संग्रहालय में १००००० (एक लाख) दुर्लभ, बहुमूल्य, ज्ञान विज्ञान एवं कलाओं के विभिन्न पक्षों को उद्घाटित करने वाली महत्वपूर्ण पाण्डुलिपियाँ संगृहीत हैं जो मेरे 42 वर्ष तक सर्वात्मना - तन-मन-धन से संग्रह के लिये लगे रहने के परिश्रम का ही परिणाम है। इसके अतिरिक्त हस्तलिखित ग्रन्थों एवं कलात्मक सामग्री के सवर्द्धनार्थ तथा प्रकाशनार्थ मैं आगे भी परम शक्ति की कृपा से तत्पर रहने की सुदृढ़ भावना रखता हूँ।

संग्रहालय में विभिन्न कलात्मक-सामग्री के अतिरिक्त अधोलिखित विषयों की ग्रन्थराशि उपलब्ध हैं।

वेद	जैन साहित्य
वैदिक संहिता	पुराणेतिहास
ब्राह्मणग्रन्थ	वेदान्त दर्शन
आरण्यक	धर्मशास्त्र
वैदिककर्मकाण्ड	फलित ज्योतिष
स्तोत्र	गणित ज्योतिष
तन्त्र शास्त्र	प्रश्न
यन्त्र शास्त्र	परा-प्राकृत–विज्ञान (रसायन)
मन्त्र शास्त्र	रमल, शकुन
तन्त्रचिकित्सा	स्वर, स्वप्न
कल्पग्रन्थ	छाया, सामुद्रिक–ज्योतिष
रसायन	सामाजिक, ऐतिहासिक
संस्कृत–साहित्य	पिंगल, छन्द
व्याकरण	उपनिषद्
कोषग्रन्थ	न्यायदर्शन
इतिहास	योगशास्त्र
वास्तुशास्त्र	संगीत एवं नृत्यशास्त्र
पाकशास्त्र	कामशास्त्र
मीमांसा	सांख्ययोग
गजचिकित्सा	अश्वचिकित्सा
आयुध–शास्त्र	रत्न–शास्त्र
हिन्दी साहित्य	खगोल, भूगोल

चारण साहित्य आदि विषयों के तथा सभी धर्मों के, विभिन्न भाषाओं के हस्तलिखित ग्रन्थ संगृहीत हैं जो 10 वीं शती से लेकर 20 वीं शती तक के ग्रन्थ हैं। भारतीय संस्कृति के प्राणभूत हस्तलिखित ग्रन्थों एवं कलात्मक सामग्री का संग्रह बहुत ही कष्ट–साध्य एवं अर्थसाध्य रहा है। बहुत ही संकटापन्न परिस्थिति ने भी मुझे अब तक विचलित नहीं किया है और मैं अपने ध्येय के लिए निरन्तर विनीत भाव से अग्रसर होता रहा हूँ। इसका एक मात्र श्रेय विद्यानुरागी व्यक्तियों के शुभाशीर्वाद को ही देना चाहूंगा।

विद्यानुरागियों के अनुग्रह का ही फल है कि मैंने इस संग्रहालय को शोध छात्रों के उपयोग के लिए भी खोल दिया है तथा पाण्डुलिपि-विवरण

विद्यानुरागियों के अनुग्रह का ही फल है कि मैंने इस संग्रहालय को शोध छात्रों के उपयोग के लिए भी खोल दिया है तथा पाण्डुलिपि-विवरण ग्रन्थ (कैटलाग) एवं पाण्डुलिपियों को पुस्तकाकार देने हेतु प्रेस कापी बनाने के लिए कुछ विद्वानों को निरन्तर कार्य में लगा रखा है।

ललिता सहस्रनामस्तोत्र का प्रकाशन :-

इस ग्रन्थ की "बालातपभाष्य" की पाण्डुलिपि हमारे पास उपलब्ध है। अद्यावधि यह भाष्य प्रकाशित नहीं हो पाया है।ललितासहस्रनाम के 'बालातपभाष्य का निमार्ण जयपुर नगर में ही वि. संवत् 1918 में श्रीशिवनाथात्मज श्रीशम्भुनाथ नागर द्वारा किया गया। श्रीशम्भुनाथ नागर के सान्निध्य में उनके ही शिष्य श्रीकृष्ण द्वारा लिखवाया गया है। एतदर्थ यह ग्रन्थ मूल प्रति होने से भी महत्वपूर्ण है।ग्रन्थकार श्रीशम्भुनाथ नागर द्वारा यत्र-तत्र संशोधित भी हैं । इसीलिए लिपी संवत् और रचना संवत् भी समान ही है। ग्रन्थ की साइज $32 \text{ X } 11\frac{1}{2}$ से. मी. है। प्रत्येक पत्र में 8 पंक्तियाँ हैं तथा प्रति पंक्ति में औसतन 41 अक्षरों की संख्या है। स्व. संजय शर्मा जगदम्बा एवं गणेश का परम भक्त था। अत एव उसकी प्रथमतः आराध्या देवी से सम्बद्ध साहित्य के प्रकाशन को हमने प्राथमिकता दी है तथा इस संस्थान के प्रथेम-पुष्प के रूप में बालातप-भाष्य एवं हिन्दी व्याख्या के साथ "ललितासहस्रनामस्तोत्र" ग्रन्थ को आत्मज स्वं. संजय शर्मा को श्रद्धा-सुमन सदृश अर्पित क़रता हूँ, साथ ही विद्यानुरागी विद्वानों को भी इसे समर्पित करते हुए सुखानुभूति के साथ सन्तोष का अनुभव करता हूँ।

इस ग्रन्थ के सम्पादन के लिए मैं गोस्वामि पं. श्रीलक्ष्मीनारायण जी दीक्षित, जोधपुर, का आभार प्रकट करता हूँ। साथ ही इसकी हिन्दी-व्याख्या करने वाले डॉ. अर्कनाथजी चौधरी (जयपुर) का भी हार्दिक आभार प्रकट करता हूँ। मेरे ज्ञानदाता गुरु स्व. पं. उमेश चौधरी, न्याय–व्याकरण–वेदान्त–साहित्याचार्य, जिनके सान्निध्य में 10 वर्षों तक मैंने शिक्षा ग्रहण की है, उनके ज्येष्ठ पुत्र डॉ. अर्कनाथ जी चौधरी हैं, तथा इन्होंने इस ग्रन्थ के प्रकाशन में जो सहयोग किया है वह एक अनुज का अपने अग्रज के लिए दिखाया गया स्नेह ही है।

मेरे लिए अत्यन्त प्रसन्नता-दायक यह भी है कि प्राच्य-पाश्चात्य विद्याओं के निष्णात, पाण्डुलिपि के संरक्षण एवं प्रकाशन कार्य के लिए अर्पित-जीवन, भारत-प्रसिद्ध मनीषि अनेकों ग्रन्थों के रचयिता, सम्पादक एवं अनुवादक श्रीगोपाल नारायण जी बहुरा, एम.ए., सवाई मानसिंह जी के पोथीखाना के अध्यक्ष ने इस पुस्तक पर वैदुष्यपूर्ण, गम्भीर एवं अमूल्य

प्रस्तावना लिखकर इस ग्रन्थ की श्रीवृद्धि के साथ इसकी उपादेयता को विद्वानों के समक्ष प्रस्तुत किया है। उनके द्वारा लिखा गया प्रत्येक वाक्य आप्तवाक्य, ऋषिवाक् मानता हूँ। शतायुष्य के समीप में रहते हुए भी श्री बहुरा जी ने बौद्धिक, मानसिक एवं शारीरिक आयास किया है वह हमें उनके द्वारा दिया गया आशीर्वाद है। मैं उनको शतशः नमन करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ।

अन्त में विद्वज्जनों से निवेदन है कि इस प्रथम-पुष्प को अधिक सुग्राह्य बनाने हेतु अपने सुझाव रूप सहयोग से हमें लाभान्वित करें जिससे हम अन्य संस्करण में सुधार कर सकें।

विनीत

रामकृपालु शर्मा

संस्थापक अध्यक्ष

श्रीसंजय शर्मा–संग्रहालय एवं शोध–संस्थान

प्रस्तावना

॥ श्रीः ॥

जब गजेन्द्र को पकड़ कर ग्राह अथाह जल सागर में खींचने लगा तो वह (गज) अपने को निरुपाय पाकर प्रार्थना करने लगा -

> यः स्वात्मनीदं निजमाययार्पितं
> क्वचिद् विभातं क्व च तत् तिरोहितम्।
> अविद्धदृक् साक्ष्युभयं तदीक्षते
> स आत्ममूलोऽवतु मां परात्परः ॥
>
> (भा.८.३.४)

जो अपनी ही माया से कहीं प्रतीत होता है और कहीं पर नहीं भी प्रतीत होता परन्तु साक्षी होकर दोनों ही अवस्थाओं को समान रूप से निरन्तर देखता रहता है - वह सब (जगत्) के और अपने भी मूल में विराजमान 'पर' से भी परे रहने वाला 'परात्पर' मेरी रक्षा करे।

वह 'परात्पर' जब तक प्रशान्त रहता है तब तक उसकी शक्ति उसी में समायी रहती है परन्तु जरा सा भी स्पन्द (हलचल) होते ही उस शक्ति-समुद्र में असंख्य बिन्दु अथवा केन्द्र विभात (प्रकट) हो जाते हैं। यही उस महाशक्ति का प्रादुर्भाव कहा जाता है जिसके निमेष (पलक गिराने) से जगत् का प्रलय होता है और उन्मेष से (पलक उठाते ही) उदय हो जाता है -

> निमेषोन्मेषाभ्यां प्रलयमुदयं याति जगती
>
> (आनन्दलहरी)

इस प्रकार परब्रह्म में जब शक्ति अथवा बल उद्बुद्ध होता है तब सृष्टि का क्रम चालू होता है। ब्रह्म रस है और उसकी शक्ति बल है। बल को ही माया कहते हैं। वह कभी सुप्त और कभी उद्बुद्ध (क्रियाशील) रहता है। यही महाशक्ति का निमेष और उन्मेष कहा जाता है। सुप्त अवस्था में ब्रह्म को रस-निर्विशेष ब्रह्म कहते हैं और जब वह कुर्वद्रूप (क्रियाशील) होता है तो (उसकी अप्रकट क्रियाशक्ति का अनुमान न लगा पाने के कारण) उसको परात्पर कहते हैं। न वाणी उसका वर्णन कर सकती है न मन ही वहाँ तक पहुँच सकता है। वह निःसीम होता है। जब उद्बुद्ध बल उसको परिच्छिन्न कर देता है तो उसकी संज्ञा पुरुष (एक घेरे में रहने वाला) हो जाती है। इसी पुरुष से जगत् की उत्पत्ति होती है।

रस और बल के संघर्ष से अक्षर पुरुष की अनन्त परा शक्तियाँ उद्भुत होती हैं, उनमें ज्ञान, बल और क्रिया स्वाभाविक (मूल) हैं -

परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते
स्वाभाविकी ज्ञान बल क्रिया च। (श्वेताश्वतरोपनिषत्, ६-८)

अक्षर पुरुष की प्रकृति का जब 'पुरुष' ब्रह्म से समन्वय होता है तब विश्व-रचना होती है - जैसा कि गीता में कहा गया है -

मय्याध्यक्षेण प्रकृतिः सूयते च चराचरम् (९-१०)

सृष्टि में जो कुछ प्रकृष्ट और सृष्ट है वह सब प्रकृति ही है

प्रकृष्टवाचकः प्रश्च कृतिश्च सृष्टिवाचकः।
सृष्टौ प्रकृष्टा या देवी प्रकृतिः सा प्रकीर्तिता॥

'प्रकृति' में 'प्र' प्रकृष्टवाचक और 'कृति' सृष्टिवाचक है। परा शक्ति के तीन आयुधों की कल्पना की गई है, वे हैं पाश, अंकुश और धनुष-बाण। पाश इच्छाशक्ति का प्रतीक है। इच्छारूपी पाश में फँसकर व्यक्ति उलझता ही जाता है। उसमें से सुलझना कठिन हो जाता है, 'को सुरझ्यो इहिं जाल परि'। उसका संसार फैलता ही जाता है। अंकुश ज्ञान का प्रतीक है जो समस्त अविद्या और भ्रम की रंगभूमि मन-मतंग को सचेत कर ठीक मार्ग पर चलाता है। धनुष-बाण क्रिया शक्ति के नमूने हैं।

इसी आदि-प्रकृति से ब्रह्मा (सृष्टिकर्ता), विष्णु (पालक) और रुद्र (संहारक) उत्पन्न होते हैं और कल्प के अन्त में इसी में लीन हो जाते हैं -

त्वत्तः केशववासवप्रभृतयोऽप्याविर्भवन्ति ध्रुवम्।
लीयन्ते खलु यत्र कल्पविरतौ ब्रह्मादयस्तेऽप्यमी
सा त्वं काचिदचिन्त्यरूपमहिमा शक्तिः परा गीयसे॥ १५॥

(लघुस्तव)

इस प्रकार यह संसार शक्ति का ही कार्य है। उसका आविर्भाव होने पर तीनों जगत् (इच्छा, ज्ञान और क्रिया जन्य) उत्पन्न होते हैं और उसका तिरोभाव होने पर उनका अभाव हो जाता है, इसलिए उसी शक्ति का चिन्तन करना चाहिए।

शक्तिजातं हि संसारं तस्मिन् सति जगत्त्रयम्।
तस्मिन् क्षीणे जगत् क्षीणं तच्चिकित्स्यं प्रयत्नतः॥

इच्छा, ज्ञान और क्रिया अथवा नाद, बिन्दु और कला इन तीनों में आविर्भूत शक्ति ही त्रिपुरा है। त्रिपुरा ही त्रिपुरा-बाला, त्रिपुर-सुन्दरी और त्रिपुर-भैरवी, इन तीनों रूपों का सामूहिक नाम है। इन्हीं तीनों से जगत् में विविध त्रिदेवों (ब्रह्मा, विष्णु, महेश), तीनों प्रकार की अग्नि (गार्हस्पत्य,

आहवनीय, दक्षिणा), तीनों शक्तियों महासरस्वती, महालक्ष्मी, महाकाली, ब्राह्मी,वैष्णवी, माहेश्वरी, तीनों लोकों (भूः, भुवः, स्वः) स्वर्ग, मर्त्य, पाताल, तीनों स्वर (मन्द, तार, प्लुत, उदात्त, अनुदात्त, समाहार अथवा ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत), तीनों वर्ण (अ, उ, म्) गायत्री, गंगा, विष्णुपदी यह त्रिपदी, हृदय, भ्रूमध्य और शिर ये त्रिपुष्कर, त्रिब्रह्म अर्थात् तीनों वेद, जो भी तीन की संख्या से परिमित हैं वे सब त्रिपुरा से अन्वित हैं -

देवानां त्रितयं त्रयी हुतभुजां शक्तित्रयं त्रिस्वरास् -
त्रैलोक्यं त्रिपदी त्रिपुष्करमथ त्रिब्रह्मवर्णास्त्रयः।
यत्किंचिज्जगति त्रिधा नियमितं वस्तुत्रिवर्गादिकं
तत्सर्वं त्रिपुरेति नाम भगवत्यन्वेति ते तत्त्वतः॥

(लघुस्तव, १६)

यह महाशक्ति मूल रूप से समष्टिगत अव्यक्त चैतन्य की चित् शक्ति है अतः सब भूतों के चित्तों में भी नाना वृत्ति-रूप से निवास करती है, यथा - विष्णुमाया, चेतना, बुद्धि, निद्रा, क्षुधा, छाया, तृष्णा, शान्ति, जाति, लज्जा, क्षान्ति, श्रद्धा, कान्ति, लक्ष्मी, दया, दीप्ति, तुष्टि, पुष्टि, भ्रान्ति आदि। आराधक अपनी भावना के अनुसार दुर्गा, महाकाली, महासरस्वती, महालक्ष्मी, अन्नपूर्णा आदि नामों से उसकी उपासना करते हैं।

संवेदन से पूर्व की अवस्था परमज्ञान की अवस्था होती है। वह 'परासंवित्' कहलाती है। संवेदन अथवा स्पन्दन के अनन्तर होने वाले प्रपञ्च (जगत्) के ज्ञान के आधार पर वह 'संवित्' विविध कलाओं के रूप में व्यक्त होती है। (सौभाग्य रत्नाकर)

आद्या महाशक्ति अगाध और अपार सौन्दर्य-राशि की भी स्वामिनी है। वे त्रिपुर की अधिष्ठात्री हैं इसलिए महात्रिपुरसुन्दरी कही जाती है। ललिता सुन्दरी का ही पर्यायवाची है। ललिता, परा, परमभट्टारिका आदि नामों से पूजित चरम सौन्दर्य रूपिणी माता को श्रीचक्र से व्यक्त किया जाता है और इसकी आराधना को श्रीविद्या कहते हैं। श्री शब्द का अर्थ सामान्यतया 'लक्ष्मी' लिया जाता है परन्तु 'श्री' तो उस परमा आद्या महाशक्ति का वाचक है जो श्रीचक्र में निवास करती है। इसी के माध्यम से श्रीतत्त्व का चिन्तन किया जाता है।

सामान्यतया श्रीचक्र षट्कोण के रूप में बनाया जाता है। दो त्रिभुज एक दूसरे को काटते हुए इस तरह बनाए जाते हैं कि एक का शीर्ष ऊपर होता है और दूसरे का नीचे, एक की आधार रेखा दूसरे की बगल वाली

रेखा के मध्य बिन्दुओं में होकर निकलती हैं। दोनों त्रिभुजों के बीच की जगह में दोनों (त्रिभुजों) को छूता एक वृत्त (गोला) बनाते हैं जिसके केन्द्र में बिन्दु रहता है जो प्रकाश बिन्दु कहलाता है। यह शिवतत्त्व के अनुप्रवेश पर बनता है और घेरने वाले वृत्त को नाद (अथवा शक्ति) का प्रतीक माना जाता है। इस प्रकार ये नाद और बिन्दु की स्थिति दर्शाते हैं। ऊपर से आने वाला अधो मुखी शीर्षक त्रिभुज शक्ति का और नीचे से आने वाला ऊर्ध्वमुख त्रिभुज शिव का प्रतीक है। शक्ति का वर्ण लाल और शिव का श्वेत माना गया है। लाल सोम है और श्वेत अग्नि इन दोनों कलाओं से ही सृष्टि होती है। 'अग्नीषोमात्मकं जगत्'। यह चित्र ही श्री, परा, ललिता और त्रिपुरसुन्दरी के प्रतीक रूप में पूजा जाता है।

यह तो हुआ सरल श्रीचक्र, इसका विदग्ध रूप कुछ जटिल होता है। उसमें पहले एक वृत्त खींचते हैं। उसमें नौ त्रिभुज एक दूसरे को काटते हुए बनाए जाते हैं। इनमें महात्रिपुरसुन्दरी अपने नौ रूपों में निवास करती है। इनके नाम श्री अथवा त्रिपुरसुन्दरी के पर्यायवाची रूपों में इस प्रकार दिये गये हैं - त्रिपुरा, त्रिपुरेशी, त्रिपुरमालिनी, त्रिपुरसुन्दरी, त्रिपुरवासिनी, त्रिपुरश्री, त्रिपुरसिद्धा और महात्रिपुरसुन्दरी। ये नौ त्रिभुज नौ योनियों के प्रतीक हैं। वृत्त को एक आठ कमल दल वाला वलय घेरता है जो विविध द्वीपों के प्रतीक हैं, फिर उसके चारों ओर एक सोलह कमलदल वाला वलय होता है। अष्ट कमलदल और षोडश कमलदल वाले वलयों के बीच में आठ रिक्त स्थान छूट जाते हैं जो सप्त सागर और एक व्योम का सूचन करते हैं। षोडशदल कमल वाले वलय के सोलह भाग चन्द्रमा की पंद्रह कलाओं तथा एक शाश्वत कला के द्योतक हैं। इसको 'सदा' भी कहते हैं। दूसरे वलय के बाहर की ओर तीन गुण खींचे जाते हैं जो सत्त्व, रज और तम गुणों को बताने वाले हैं। इस प्रकार यह श्रीचक्र मूल शक्ति महात्रिपुरसुन्दरी के नौ योनि-विग्रहों, देश-खण्डों, काल-विभागों और गुणों को व्यक्त करने वाला होता है।

सोलह कलाओं और आदिकला सहित महात्रिपुर-भैरवी 'षोडशी' कहलाती है वह उसका सर्वोपरि रूप है। वही 'परम शिव' की प्रिया और स्वामिनी बनकर मणिद्वीप में विराजती है। वही 'सदा' कला ललिता नाम से भी प्रसिद्ध है।

वृत्त की परिधि गतिशील काल का प्रतीक है। इसकी आदि-बिन्दु और अन्तिम बिन्दु अर्थात् आदिकला और षोडशी अर्थात् महात्रिपुरसुन्दरी एक ही है। दोनों ही महिमा सम्पन्न हैं। वही ललिता है। षोडश नित्याओं के नाम

इस प्रकार हैं - महात्रिपुरसुन्दरी[१], कामेश्वरी[२], भगमालिनी[३], नित्यक्लिन्ना[४], भेरुण्डा[५], वह्निवासिनी[६], महाविद्येश्वरी[७], दूती[८], त्वरिता[९], कुलसुन्दरी[१०], नीलपताका[११], विजया[१२], सर्वमङ्गला[१३], ज्वालामालिनी[१४], चित्रा[१५] और षोडशी[१६]।

श्रीचक्र प्राय: स्वर्ण, रजत अथवा ताम्रपत्रों पर बनाया जाता है। सामान्य-जन इसको स्फटिक, प्रस्तर-खण्ड या भूर्ज-पत्र पर भी आलेखित कर लेते हैं। वामकेश्वर तंत्र में कहा गया है कि नौ त्रिभुज नौ आवरणों के प्रतीक हैं। पाँच त्रिभुजों के शीर्ष ऊपर की ओर और चार के नीचे की ओर होते हैं। इसको सृष्टिक्रम चक्र कहते हैं। यदि इस चक्र को उलटा रखा जाय तो वह संहारक्रम चक्र बन जाता है।

ऊपर से देखने पर श्रीचक्र में बिन्दु, त्रिकोण, कोण, पटल या दल तथा वृत्त दिखाई देते हैं। वृत्तों को मेखला और तीन समानान्तर रेखाओं से बने समकोण चतुर्भुजों को भूपुर कहते हैं। दो रेखाओं के मिलन स्थल को सन्धि और जहाँ तीन रेखाएँ मिलती हैं वह 'मर्म' कहा जाता है। ध्यान से देखने पर ज्ञात होगा कि यह चक्र नौ भागों में विभक्त होता है जिनको आवरण कहते हैं। इनमें ही परमा शक्ति के निर्वाण-चैतन्य से जगत् की उत्पत्ति होती है। यों सच्चिदानन्दरूपिणी महाशक्ति का सूक्ष्म रूप नामरूपात्मक स्वरूप में नौ अवतरणों में प्रकट होता है जिनसे पूर्ण श्रीचक्र की रचना सम्भव होती है। ये आवरण महाशक्ति को उद्भासित ही नहीं आवृत भी करते हैं। श्रीचक्र के नौ भागों के नाम ये हैं - १. बिन्दु (मध्य मे) २. त्रिकोण, ३. त्रिकोण को घेरता हुआ अष्टकोण चक्र, ४. अष्टकोण चक्र के चारों ओर दश कोणों वाला अन्तर्दशार चक्र, ५. अन्तेर्दशार चक्र को घेरे हुए पुनः दश कोणों वाला बहिर्दशार चक्र, ६. इसको घेरता हुआ चतुर्दशकोणात्मक चतुर्दशार चक्र, ७. इसके चारों ओर अष्टदल कमल सहित एक वृत्त होता है, ८. सप्तम चक्र के चारों ओर षोडशदल पद्म वृत्त होता है और इसके बाहर की ओर तीन वृत्त होते हैं जिनको मेखलात्रय कहा गया है, ९. तीन समानान्तर रेखाओं से बना समकोण जिसकी प्रत्येक दिशा में द्वार बना होता है। इसको भूपुर कहते हैं।

यही श्रीचक्र नौ आवरणों एवं उपांगों सहित सम्पूर्ण जगत् का द्योतक है। यही ब्रह्माण्ड, जीव और मातृका सहित श्रीललिता महाशक्ति के स्वरूप का प्रतीक है। पाँच अधोशीर्ष त्रिकोण शक्ति को और चार ऊर्ध्वशीर्ष त्रिकोण शिव को बताते हुए 'शिवः शक्त्या युक्तो' स्वरूप को व्यक्त करते हैं।

समयाचार मत के अनुसार चक्र के मध्य में स्थित बिन्दु के चारों ओर का वृत्त बैन्दव स्थान कहलाता है। यह बिन्दु चक्र में किसी भी रेखा,

त्रिकोण अथवा कोष्ठक से सम्बद्ध नहीं है। यही चित्कला या श्रीललिता का अधिष्ठान है। अब त्रिकोणों को लीजिए। प्रथम त्रिकोण आज्ञाचक्र है, अष्टकोण विशुद्ध चक्र है, अन्तर्दशार चक्र अनाहतचक्र का द्योतक है, बहिर्दशारचक्र मणिपूर को और चतुर्दशारचक्र स्वाधिष्ठानचक्र को सूचित करते हैं। भूपुर मूलाधार का प्रतीक है। इसके चारों द्वार चार वेदों के सूचक हैं। यह नवावरण चक्र शब्द और नाद की चतुर्दशाओं - परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी तथा जीव की चारों अवस्थाओं - जागृत, स्वप्न, सुषुप्ति और तुरीय एवं अन्तः स्थित चित् प्रकाश का भी द्योतक है। सब से भीतर बिन्दु को घेरे हुए त्रिकोण का शीर्ष नीचे की ओर होता है। इसको शक्तिचक्र कहते हैं। यही चित् शक्ति का विमर्शशक्ति के रूप में सृष्टि के लिए उन्मुख होना दर्शाता है। इसके तीनों शीर्ष इच्छा, ज्ञान और क्रिया शक्ति को बतलाते हैं। यह त्रिकोण ही नाम रूपात्मक जगत् का उत्पत्ति स्थान कहा गया है तथा यही परा वाक् का स्थान है जो पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी वाणी तथा मातृकाओं को जन्म देता है। शेष सातों आवरण इन्हीं 'प्रकाश' और 'विमर्श' शक्तियों से आलोकित होते हैं। यह सप्तवर्णात्मक त्रिकोण 'त्रिपुटी' भी कहलाता है अर्थात् इसमें ज्ञाता, ज्ञात और ज्ञान का समावेश रहता है, इसी को 'कामकला' कहते हैं। यह चन्द्रमण्डल को द्योतित करता है और सुषुप्ति अवस्था का प्रतीक है। उक्त दोनों आवरणों से रुद्रग्रन्थि भी सम्बद्ध है। अष्टकोण चक्र पश्यन्ती वाक् का प्रतीक है। अन्तर्दशार और बहिर्दशार आवरण भी उक्त बिन्दु और त्रिकोण आवरणों के रश्मि समूह से प्रकाशित होते हैं और जीव की स्वप्नावस्था के प्रतीक हैं। सूर्यमण्डल और विष्णु ग्रन्थ इनसे ऊपर अवस्थित है। ये मध्यमा वाक् के भी प्रतीक हैं और शरीर में 'अनाहत' तथा मणिपूर चक्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं। चतुर्दशारचक्र ही स्वाधिष्ठानचक्र है और वैखरी वाक् तथा पञ्चाशत (५०) वर्णों को प्रकट करता है। भूपुर ही मूलाधार है जहाँ चित् शक्ति का अवरण पूरा होकर बिन्दु अथवा सहस्रार कुण्डलिनी मूलाधार के रूप में स्वाधिष्ठान सहित अवस्थित रहता है। यह जीव की जागृत अवस्था, अग्निमण्डल और ब्रह्म ग्रन्थि को द्योतित करता है। अष्टदल कमल तथा षोडश दल कमल एवं बाहरी वृत्त प्रकाशांश और शेष पाँच विमर्शांश हैं। समयाचार के अनुसार यही श्रीचक्र का संक्षिप्त विवरण है।

शक्ति की उपासना के दो प्रकार बताए गये हैं, वामाचार और दक्षिणाचार। वामाचार को कौलाचार और दक्षिणाचार को समयाचार कहते हैं। वामाचार में प्रत्येक वस्तु का स्थूल रूप में ग्रहण किया जाता है - यथा योनि, पञ्चमकार आदि। दक्षिणाचार में इनको सूक्ष्म अर्थ में लिया जाता है - जैसे -

गुड़, अदरक का रस, नारियल का जल, शहद, चावल या धान का लावा आदि। योगिनी तंत्र में मांस और मत्स्य के स्थान पर नमक और अदरक का प्रयोग करने का विधान बताया है। इसी तरह मिथुन काल की चेष्टाओं के स्थान पर विविध प्रकार के पुष्पों का श्रीचक्र पर समर्पण करने का विधान है।

(हरतत्त्वदीधिति)

तान्त्रिक साधना की नकल करने वाले तथाकथित नासमझ साधकों के कारण समाज में अतिचार और अभिचार की अवांछित वृद्धि हुई। इस कुवृत्ति से बचाने और हिन्दू समाज का उद्धार करने हेतु श्रीशङ्कराचार्य ने विशुद्ध वैदिक आधार पर 'समयामत' अथवा 'दक्षिणाचार' की संस्थापना की जो उन्हीं के समय से सभी शाङ्कर मठों एवं अन्य साधनों स्थलों में प्रचलित है। इसमें मन्त्र, लय, भक्ति और जीव के योग की साधना की जाती है जिसको सनक, सनन्दन, सनत्कुमार, वसिष्ठ और शुक संहिताओं पर आधारित 'शुभागम पञ्चक' कहते हैं। दक्षिणामूर्ति इसके ऋषि हैं और कामेश्वर-कामेश्वरी की इसमें उपासना की जाती है जो शिव और शक्ति के स्वरूप हैं। साधक इस युग्म के अभिन्न स्वरूप का श्रीचक्र के विभिन्न अंगों में दर्शन करता है और शरीरस्थ मूलाधारादि चित् चक्रों में अनुभव करता हुआ कपाल-मध्य सहस्रार में स्थित होकर परमा शक्ति के साथ एकात्म्य प्राप्त करता है। यह पूजा मानसी होती है और अन्तर्याग कहलाती है। समयामत का यही संक्षिप्त परिचय है।

देवता की आराधना में पाँच अंग होते हैं - पटल, कवच, पूजापद्धति, सहस्रनाम और स्तोत्र। पटल देवता का गात्र, पद्धति शिर, कवच नेत्र, मुख सहस्रार (सहस्रनाम) और स्तोत्र रसना है।

पटलं देवतागात्रं पद्धतिर्देवताशिरः।
कवचं देवतानेत्रे सहस्रारं मुखं स्मृतम्।
स्तोत्रं देवीरसा प्रोक्ता पञ्चाङ्गमिदमीरितम्॥

इस प्रकार सहस्रनाम आराधना का एक आवश्यक अंग है। 'ललिता सहस्रनाम' ब्रह्माण्ड पुराण के अन्तर्गत है और 'एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्ति' इस उपनिषद् वाक्य के अनुसार ही इसकी रचना हुई है। एक हजार नामों में एक ही देवता की अनेक रूपता व्यक्त की गई है। साथ ही विशिष्ट लक्षणों और शक्तियों का भी सूचन होता है।

यह सहस्रनाम विष्णु के अवतार हयग्रीव ने अगस्त्य ऋषि को सुनाया था। सभी श्रीविद्या-साधकों के लिए इसका पाठ करना आवश्यक है। कहा जाता है कि स्वयं श्रीललिता के आदेश से साधकों के कल्याणार्थ वाग्देवी ने

इसकी रचना की थी। यह भी कहा गया है कि यदि जप, पूजा आदि न भी किया जाय तो ललिता-सहस्रनाम का पाठ करने से ही साधक को सर्वसिद्धि प्राप्त हो जाती है। सहस्रनाम का प्रत्येक नाम मन्त्रगर्भित और अभीष्ट फल प्रदायक है।

विगत शताब्दियों में इस सहस्रनाम स्तोत्र पर अनके बड़े-बड़े विद्वानों द्वारा संस्कृत टीकाएँ रची गई हैं यथा - विमर्शानन्द, विद्यारण्य, मुनीश्वर, भट्ट नारायण, शङ्कर और भास्कर राय और उनके गुरु नृसिंह आदि। वर्तमान शताब्दी में श्रीकल्याणानन्द भारती स्वामी, सिंहभट्ट और राममूर्ति शास्त्री आदि ने व्याख्याएँ लिखी हैं। श्रीअनन्त कृष्ण शास्त्री और श्री एन.डी. शर्मा तथा डाक्टर सूर्यनारायण मूर्ति ने अंग्रेजी भाषा में भी इस स्तोत्र की व्याख्या की है।

महादेवी ललिता से सम्बन्धित और भी अनेक रचनाएँ उपलब्ध हैं। ब्रह्माण्डपुराण में ही ललिता त्रिशती है। इसी प्रकार ललिता पञ्चशती, ललितार्या द्विशती, ललिताक्रमदीपिका, ललिता-गद्यनिरूपण, आगमविलासगत ललितातन्त्र, ललितादिपूजाविधि (चिन्मयमूर्तिकृत), ललितानुराग (काव्य), ललितापूजा-पद्धति, ललितामाहात्म्य, ललितारहस्य, ललितासपर्यापद्धति, ललितार्चनदीपिका, भास्कररायकृत ललितार्चनविधि, सिंहसिद्धान्तसिन्धुकर्ता शिवानन्दगोस्वामी दीक्षानाम सच्चिदानन्दनाथ कृत ललितार्चनचन्द्रिका, ललितासिद्धान्त, ललितास्तवरत्न (दुर्वासाकृत), ललिताहृदय आदि कृतियों और ग्रन्थों के नाम थियोडोर ऑफ्रेट ने अपने वृहत् सूचीपत्र में संदृब्ध किये हैं।

उक्त सभी भाष्यों और टीकाओं में श्रीभास्कर राय कृत सौभाग्य-भास्कर भाष्य प्रमुख माना जाता है। अन्य सभी टीकाएँ प्रायः इसी पर आधारित और अनुप्राणित हुई हैं। परन्तु भास्कर के प्रखर पाण्डित्य के रश्मिजाल में साधारण प्रज्ञा वाले चकाचौंध में चुँधिया जाते हैं अतः अर्थ ग्रहण करने में कदाचित् ही कृतकार्य हो पाते हैं। अतः नागरवंशीय शिवनाथात्मज शम्भुनाथ नामक विद्वान् ने प्रातःकालीन भास्कर की कोमल रश्मियों सदृश सर्वसौख्यकर बालातप भाष्य की रचना धृत्यधृतिवर्षे (१९१८) संवत् में करके लिखी। यह भाष्य उन्होंने अपने अमृतनामाख्य गुरु की आज्ञा और कृपा से रचा जिनका दीक्षानाम गुरुनाथ रहा होगा। यह भी विदित होता है कि भाष्यकार शम्भुनाथ के ये गुरु 'माधवपदपङ्कजमधुमधुप' थे। इस भाष्य की लिपि कृष्ण नामक लेखक ने जयपुरपति के प्रीत्यर्थ 'गजग्लौनन्देन्दु' (१९१८) संवत् में की थी। उस समय (संवत् १९१८ मे) जयपुर पति महाराज

सवायी रामसिंह द्वितीय (१८९२-१९३७ वि.) थे जिनकी शिवशक्ति और तान्त्रिक श्रद्धा प्रसिद्ध है। जयपुर के राजमहलों में उनके द्वारा १९२० संवत् में निर्मापित राजराजेश्वर मन्दिर में 'श्रीचक्र' संस्थापित रहा है जिसका नित्य पूजन महाराज़ा के प्रतिनिधि रूप में दौसा वास्तव्य 'त्रिपुरापदाब्जभजनप्राप्तोदय, गौडचतुर्वेदवंशीय पण्डित नाथूनारायण तदनु उनके वंशज करते रहे हैं। पण्डित नाथूनारायण गायत्र्युपासक थे। उन्होंने 'गायत्रीकल्पलता' नामक ग्रन्थ की रचना भी की थी। गायत्रीमन्त्र के ही त्रिपुरोपासना में गूढ मन्त्र और महात्रिपुर सुन्दरी को 'श्रीचक्रनिलया' कहा गया है।

जब उक्त भाष्य की प्रति महाराजा के प्रीत्यर्थ लिखी गई तो वह राजकीय पोथीखाना में उपलब्ध होनी चाहिए थी परन्तु न इस भाष्य की प्रति न पण्डित नाथूनारायणजी की कोई रचना पोथीखाना में प्राप्त हुई। इसका कारण यह हो सकता है कि महाराजा रामसिंह (द्वि.) की रुचि के ग्रन्थों का संग्रह राजराजेश्वर मन्दिर में ही रहता था और वह पोथीखाना का अंग नहीं था। सम्भव है वह अब भी वहीं हो। मैंने 'गायत्री कल्पलता' की पोथी नाथूनारायण जी के वंशधर स्व. पं. सूर्यनारायण जी 'दिवाकर' के पुत्रों के पास देखी थी।

प्रस्तुत संस्करण की आधार पोथी पण्डित रामकृपालुजी शर्मा (चौमू निवासी) ने अपने अल्पायुष्य में दिवंगत पुत्र संजय शर्मा की स्मृति में संस्थापित श्री संजय शर्मा संग्रहालय एवं शोध संस्थान के विशाल संग्रह में से चयन करके प्रथम पुष्प के रूप में प्रकाशनार्थ उपलब्ध कराई है। संस्थान का परिचय श्री शर्मा जी ने अपने वक्तव्य में बड़े विनम्र भाव से दिया है तथा भावी योजनाओं से विद्यानुरागी विद्वानों को लाभान्वित करने का मन्तव्य प्रकट किया है।

इस पुस्तक का पाठ सम्पादन श्रीशर्माजी के 'पापान्निवारयति योजयते हिताय' परम सुहृद् और त्रिराज्य-गुरु श्रीललिताचरणचञ्चरीक शिवानन्द जी गोस्वामी कृत 'सिंहसिद्धान्तसिन्धु' के यशस्वी सम्पादक पण्डित-मतल्लिक श्रीमल्लक्ष्मीनारायणजी गोस्वामी के पाठाशुद्धिपाटनपटु हाथों द्वारा हुआ है। अतः पाठ की शुद्धि के विषय में कोई संशय उपस्थित नहीं होना चाहिये। अनेक प्रकार की विग्रह-व्याधियों से व्यथित श्रीगोस्वामीजी ने जिस तत्परता से यह कार्य सम्पादन किया है उससे श्रीललिता का कृपापाङ्गावलोकन अवश्य ही उनको प्राप्त होगा और सुजन साधक इससे उपकृत होंगे।

ग्रन्थ की उपयोगितावृद्ध्यर्थ श्रीशर्मा जी ने इसको हिन्दी व्याख्या से भी समन्वित कर देना उचित समझा एतदर्थ इन्होंने अपने ज्येष्ठ गुरु-पुत्र

डाक्टर अर्कनाथ चौधुरीजी को तत्पर किया। संस्कृत व्याकरण, दर्शन और शिक्षाशास्त्र के धुरीण डॉ. चौधुरी जी ने हिन्दी व्याख्या द्वारा महाशक्ति के अनेक रहस्यमय नामों का अर्थोद्घाटन भी कर दिया है। अपनी वैदुष्यपूर्ण भूमिका में उन्होंने महान् भाष्यकार भास्कराचार्य के विषय में महत्वपूर्ण सूचनाओं सहित सहस्रनाम के पाठ का फल, श्रीविद्या (षोडशी), द्वादशपीठ, त्रिपुरसुन्दरी का स्वरूप, श्रीविद्या के तान्त्रिक महत्व और प्रस्तुत बालातप भाष्य की विशेषताओं पर सम्यक् प्रकाश डाला है।

इस प्रकार यह भुक्तिमुक्तिप्रदायक स्तोत्र पठनीय, मननीय और सङ्ग्रहणीय पुस्तक के रूप में सुजन साधकों के उपयोगार्थ प्रस्तुत हो रहा है तदर्थ यह पण्डितत्रयी धन्यवादार्ह है।

गोपालनारायण बहुरा

गंगादशमी, २०५२ वि.
२४-५-९५
बहुराजी का बाग,
जयपुर-३०२०१५

भूमिका

भारतीय परम्परा में धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष ये चार पुरुषार्थ माने गये हैं। चारों पुरुषार्थों में प्रथम एवं महत्वपूर्ण पुरुषार्थ है धर्म। शास्त्रविहित आचार-विचार, पूजा, ध्यान, यज्ञ, तप आदि धर्म ही अदृष्ट का निर्माण करते हैं तथा सुख के लिए अर्थ का मार्ग प्रशस्त करते हैं। अर्थ काम (कामनाओं) की पूर्ति में सहायक है। ऐहिक काम-तृप्ति के पश्चात् अनायास ही पारलौकिकता की कामना से व्यक्ति आत्मा, परमात्मा-विषयक चिन्तन आदि द्वारा आत्म-साक्षात्कार या ब्रह्मज्ञानी होकर सच्चिदान्दमय हो उठता है। मोक्ष प्राप्त कर लेता है।

इन प्रक्रियाओं में यह देखने को मिलता है कि सुख-विशेष ही पुरुषार्थ है जो कृत्रिम, अकृत्रिम दो भेदों से काम एवं मोक्ष भी कहलाता है। इस सुख-विशेष के लिए विद्या, ज्ञान, विनम्रता आदि भी आवश्यक हैं। कहा भी गया है -

विद्या ददाति विनयं विनयाद्याति पात्रताम्।
पात्रत्वाद् धनमाप्नोति धनाद्धर्मं ततः सुखम्॥

सार यह है कि धर्म सुख का या सुखविशेष-मोक्ष का साधन है।

सुख के साधनीभूत धर्मज्ञान के लिए तथा विविध प्रकार के चित्तवृत्ति वाले लोगों को अनुगृहीत करने के लिए ईश्वर की प्रेरणा से परस्पर विलक्षण वेदशास्त्र, स्मृति, पुराण, इतिहास, दर्शन आदि विविध विद्याएँ प्रवृत्त हुईं। इनमें वेद अपौरुषेय माने जाते हैं तथा शेष ईश्वरानुकम्पा से अनुकम्पित ऋषियों, मुनियों द्वारा रची गई हैं।

धर्म के साधनीभूत दो मार्ग हैं- कर्ममार्ग तथा ब्रह्मविज्ञान। ब्रह्मविज्ञान के सर्वजन सुलभ नहीं होने से सामान्य जनों के लिए कर्ममार्ग ही एक मात्र साधन शेष रहता है। इनमें भी कुछ लोग वैदिक कर्ममार्ग का सहारा लेते हैं तथा कुछ लोग तन्त्र-मन्त्र मार्ग का आलम्बन करते हैं। तन्त्रमार्ग में भी श्री त्रिपुरसुन्दरी की आराधना में प्रवीण लोग बाहुल्येन दृष्टिगोचर होते हैं। सुन्दरीतापनीपंचक, भावनोपनिषद्, कौलोपनिषद्, गुह्योपनिषद्, महोपनिषद् इत्यादि वेद के शिरोभाग के रूप में ही हैं। अत एव त्रिपुरसुन्दरी के आराधन के लिए उपनिषदों पर आधारित तन्त्र, मन्त्र, नामस्तोत्र इत्यादि भी वेदमूलक होने से प्रामाणिक ही हैं।

जगज्जननी त्रिपुरसुन्दरी परमशिव की अर्धांगिनी श्रीललिता की आराधना हेतु मन्त्र-शास्त्रों का सर्वस्व श्री 'ललिता-सहस्त्र-नामस्तोत्र' है। श्रीविद्यारूपा स्वयं श्रीललिता जी मानी जाती हैं। अत एव श्रीविद्या के उपासक महामुनि अगस्त्य ने भगवान् हयग्रीव के मुख से ब्रह्माण्ड पुराण के अन्तर्गत आने वाले मन्त्र, जप, न्यास, पूजा, पुरश्चरण, होम, रहस्यस्तोत्र इन सातखण्डों में जगदम्बा (श्रीमाता) के प्रादुर्भाव आदि को सुना। परन्तु अपने तपोबल से अगस्त्य ने जाना कि 'श्रीललितासहस्त्रनाम' नामक परमरहस्य को गुरु श्रीहयग्रीव ने मुझ जैसे अनन्य भक्त को नहीं बताया। श्रीअगस्त्य ने विनम्रता एवं आदर के साथ अपने गुरु हयग्रीव से पूछा कि हे गुरुवर ! आपने मुझे ललितासहस्त्रनामरूपी परमरहस्य को क्यों नहीं बताया ?

इस प्रश्न को सुनकर अगस्त्य की रहस्य सुनने की पात्रता का निश्चय कर ब्रह्माण्ड पुराण के उत्तर भाग में वर्णित ललितासहस्त्रनामक परमरहस्य विद्या का उपदेश श्रीहयग्रीव ने अगस्त्य को दिया। ब्रह्माण्ड पुराण के अन्तिम भाग में वाग्देवी द्वारा रचित ललितासहस्त्रनाम के पाठादि का फल ८६ श्लोकों में वर्णित है। आदि एवं अन्त का श्लोक इस प्रकार है -

इत्येतन्नामसाहस्त्रं कथितन्ते घटोद्भव।
रहस्यानां रहस्यञ्च ललिताप्रीतिदायकम्॥ १॥
अनेन सदृशं स्तोत्रं न भूतन्न भविष्यति।
सर्वरोगप्रशमनं सर्वसम्पत् प्रवर्धनम्॥ २॥
इत्युक्त्वा श्री हयग्रीवो ध्यात्वा श्रीललिताम्बिकाम्।
आनन्दमग्नहृदयः सद्यः पुलकितोऽभवत्॥८६॥

पाठ का फल

श्रीललिता जी को प्रसन्नता देने वाला ललितासहस्त्रनामक स्तोत्र रहस्यों का भी रहस्य, अर्थात् परमरहस्य-विद्या है। इस प्रकार का स्तोत्र न हुआ, न ही होगा। सभी रोगों को शान्त करने वाला, सभी प्रकार की सम्पत्तियों को बढ़ाने वाला, दीर्घ-आयु प्रदान करने वाला, वंश की वृद्धि करने वाला, पापों का क्षय करने वाला तथा दुर्ग्रह-शत्रु आदि को नष्ट करने वाला है यह ललितासहस्त्रनामस्तोत्र। यहां तक वर्णन मिलता है कि - गंगादि सभी तीर्थों में स्नान करने से, करोड़ों शिवलिङ्ग की स्थापना करने से, सूर्यग्रहण के समय कुरुक्षेत्र में कोटि बार दान देने से, सुवर्णों का दान देने से, निर्जल मरुभूमि में कोटि-कोटि कूप खुदवाने से, दुर्भिक्ष के समय अनेकों ब्राह्मणों को भोजन कराने से जो पुण्य प्राप्त होता है, उस पुण्य से कई गुणा अधिक पुण्य श्रीललिता जी के रहस्यात्मक हजार नाम के पाठ से प्राप्त होता है।

पूजा तिथियाँ

संक्रान्ति, शुक्ल-पक्ष की नवमी, चतुर्दशी, पूर्णमासी तथा शुक्रवार को ललिता जी का पञ्चोपचार पूजा करने से तथा सहस्रनाम-स्तोत्र का पाठ करने से रोगों की शान्ति तथा दीर्घ आयु की प्राप्ति होती है। दिन में तीन बार इस स्तोत्र का पाठ करने से लक्ष्मी स्थिर होकर निवास करती है, वाणी की देवता जिह्वा के अग्रभाग पर नाचा करती है। श्रीमन्त्रराज को जानकर जो व्यक्ति श्रीचक्र की पूजा करता है वह देवी का प्रिय तथा सत्पात्र माना जाता है।

वैशिष्ट्य -

ललितासहस्रनाम् को रहस्यों का रहस्य मानते हैं। यह रहस्य विद्यारूपा है। अत एव इसे तन्त्रविद्या भी मानते हैं। उपास्य देवताओं के भेद से तन्त्रविद्या को दशमहाविद्या भी कहते हैं। काली, तारा, श्रीविद्या (षोडशी) भुवनेश्वरी, भैरवी, छिन्नमस्ता, धूमावती, बगला, मातंगी एवं कमला ये दश महाविद्याएँ हैं।

श्रीविद्या (षोडशी)

दश महाविद्याओं में त्रिपुरसुन्दरी का ही वाचक षोडशी एवं श्रीविद्या है। त्रिपुरा तथा ललिता इन नामों से भी एक ही विद्या - "श्रीविद्या" का वर्णन किया गया है। शक्तिसंगम-तन्त्र के अनुसार सुन्दरी का ही अन्य नाम भैरव ललितेश्वर या त्रिपुरभैरव है। यद्यपि महाशक्ति नाम तथा रूप के भेद से अनन्त हैं, तथापि उनका परमस्वरूप एक ही है। त्रिपुरा के उपासकों का मानना है कि ब्रह्मादि देव भी त्रिपुरा के ही उपासक हैं। त्रिपुरा=ललिता का परमरूप इन्द्रिय एवं मन से भी परे है। वह पूर्णाहन्तामय तुरीयब्रह्मरूपा हैं। उनका परमरूप वासनामय, मनोमय है, तथा सूक्ष्म रूप मन्त्रात्मक है। वह श्रोत्रेन्द्रिय वागिन्द्रिय आदि का विषय नहीं है। श्रीललिता का स्थूल रूप ही कर, चरण मुख आदि से युक्त है तथा यह नेत्र आदि इन्द्रियों का विषय है।

त्रिपुरा (ललिता) के उपासकों में मन्मथ की प्रधानता दृष्टिगोचर होती है। मन्मथ विद्या-प्रवर्तक होने के कारण विद्येश्वर है। देवी की कृपा से काम-सदृश बारह विद्या-प्रवर्तक हुए, जिनमें अधिकांश का उल्लेख ललिता-सहस्रनाम में किया गया है। उन विद्याप्रवर्तकों का रूप देवी का ही रूप है या देवी, तत्स्वरूपा हैं ऐसी व्याख्याएँ की जाती हैं। यथा - मनु, कुबेर, चन्द्र, मन्मथ, लोपामुद्रा, अगस्त्य, अग्नि, सूर्य, इन्द्र, स्कन्द, शिव और क्रोधभट्टारक। इनके अतिरिक्त बीजों एवं मन्त्रों की भी उपासना-पद्धति प्रचलित है। परन्तु इनमें विद्येश्वरों की ही प्रधानता है। परन्तु विद्येश्वरों में भी मन्मथ

(कामराज) तथा लोपामुद्रा का सम्प्रदाय ही सुरक्षित है, अन्य लुप्त हो गए। कामराज विद्या कादि पञ्चदश वर्णात्मक है। लोपामुद्रा-विद्या हादि पञ्चदश वर्णात्मक है। भास्कर राय ने ललिता-सहस्रनाम के भाष्य में यथास्थल इनका उल्लेख किया है। लोपामुद्रा ने अपने पिता के घर पिता की प्रमुख उपास्या त्रिपुरा की शक्ति भगमालिनी देवी की सेवा की थी। जिससे प्रसन्न होकर देवी ने उन्हें अपनी सेवा का वरदान दिया। लोपामुद्रा ने त्रिपुरा-विद्या का उद्धार किया। अत एव लोपामुद्रास्वरूपिणी श्रीललिता जी को माना गया है। अगस्त्य यद्यपि वैदिक थे, फिर भी अपनी पत्नी से दीक्षा लेकर भगवती की आराधना के अधिकारी बने।

श्रीविद्या शक्तिचक्र की साम्राज्ञी मानी जाती है। यह ब्रह्म-विद्यास्वरूपिणी आत्मशक्ति है। अत एव प्रसिद्धि हुई -

यत्रास्ति भोगो न च तत्र मोक्षो यत्रास्ति मोक्षो न च तत्र भोगः।
श्रीसुन्दरीसेवनतत्पराणां भोगश्च मोक्षश्च करस्थ एव ॥

सार यह है कि भोग और मोक्ष एक साथ नहीं हो सकते हैं। किन्तु श्रीसुन्दरी = ललिता, त्रिपुरसुन्दरी के उपासकों के हाथ में भोग एवं मोक्ष एक साथ ही रहता है।

श्रीविद्या वेदानुमोदित तन्त्रविद्या है। अत एव शङ्कराचार्यों के मठों में श्रीविद्या की उपासना तथा श्रीचक्र का पूजन अब भी प्रचलन में है।

ललितासहस्रनाम में देवी को बारह पीठों की अधिष्ठात्री माना गया है। वे स्थान क्रमशः इस प्रकार हैं।

१. कामाक्षी (काञ्चीपुरम्)
२. भ्रामरी (मलयगिरि पर)
३. कुमारी या कन्याकुमारी (केरल में)
४. अम्बा (आनर्त, गुजरात में)।
५. महालक्ष्मी (करवीर में)
६. कालिका (मालव में)
७. ललिता (प्रयाग में)
८. विन्ध्यवासिनी (विन्ध्याचल में)
९. विशालाक्षी (वाराणसी में)
१०. मूलचण्डी (गया में)
११. सुन्दरी (बंगाल में)
१२. गुह्येश्वरी (नेपाल में)

वस्तुतः ये देवी के बारह रूप हैं। इनके अतिरिक्त प्रधान तीन स्थान हैं (१) कामगिरि (पूर्वसागर तट पर) (२) जालन्धर (मेरुशिखर पर) ३- पूर्णगिरि (पश्चिम सागर तट पर)।ये त्रिकोण के तीन बिन्दु हैं।

त्रिपुरा या त्रिपुरसुन्दरी

देवी ललिता का ही यह अपर नाम है त्रिपुरा या त्रिपुरसुन्दरी। जीवों को दुःख-सागर में निमग्न देखकर ऋषि अगस्त्य करुणावश द्रवीभूत हो गये तथा कांची में महाविष्णु की तपस्या करने के बाद प्रसन्न हुए महाविष्णु से संसार के उद्धार का उपाय पूछा। महाविष्णु ने त्रिपुरा की स्थूलमूर्ति ललिता जी का माहात्म्य अगस्त्य को बताया, तथा भण्डासुर आदि के वध का भी वर्णन किया। अत एव देवी ललिता को इस सहस्रनाम स्तोत्र में भण्डासुरनाशिनी, भण्डासुरहन्त्री आदि विशेषणों से विभूषित किया गया है।

श्रीविद्यारूपा ललिता जी का तान्त्रिक स्वरूप

तान्त्रिक सम्प्रदाय में श्रीविद्या के तीन भेद हैं - (१) कादि विद्या (२) हादि विद्या (३) कहादि विद्या। कादि श्रीविद्या गायत्री का अतिगुप्त रूप है। यह अतिगुप्त रूप चारों वेदों में वर्णित है। इस अत्यन्त गोपनीय कादि विद्या में तीन कूट हैं। (१) वाग्भवकूट (२) कामराजकूट (३) शक्तिकूट। वाग्भवकूट में वर्णों की संख्या १८ हैं। कामराजकूट में वर्णों की संख्या २२ हैं, तथा शक्तिकूट में वर्णों की संख्या १८ हैं। इनका कुल योग ५८ है। श्री भास्कर राय ने अपनी विस्तृत व्याख्या सौभाग्यभास्कर में इन सबका उल्लेख किया है। श्री भास्कर राय ने मात्रा की संख्या का भी विचार किया है। वाग्भव कूट में सात मात्राएँ, हल्लेखा में चार मात्राएँ हैं। कामराज कूट में साढ़े सात मात्राएँ, हल्लेखा में चार मात्राएँ हैं। शक्तिकूट में साढ़े चार मात्राएँ, और हल्लेखा में चार मात्राएँ हैं।

वाग्भव कूट में वर्णसमूह प्रलयाग्नि के समान है तथा यह मूलाधार से अनाहतचक्र तक व्याप्त है। कामराज कूट में वर्णसमूह कोटि सूर्य के समान अनाहत से आज्ञाचक्र तक व्याप्त है। शक्तिकूट में वर्ण-समूह चन्द्रमा के समान आज्ञाचक्र से ललाट तक व्याप्त है। ये सभी वर्णमाला में गुम्फित मणि की भाँति एक के ऊपर एक के क्रम से विराजमान हैं। सुषुम्णा के मूल में तथा अग्रभाग में दो भिन्न-भिन्न सहस्रदल कमल हैं, जिनमें एक का वर्ण रक्त और मुर्ख ऊर्ध्व है, तथा दूसरे का वर्ण श्वेत और मुख नीचे है। इन सहस्रदल कमलों के बीच में अष्टदल ३० कमल हैं।

बीज :-

व्यष्टि कूट तीन और समष्टिकूट एक हैं, इन दोनों को मिलाने पर चार कूट हैं। इन चारों कूटों में चार बीज हैं। ये चारों बीज सृष्टि स्थिति लय और अनाख्या (औदासीन्य अवस्था) के प्रतिपादक हैं।

उपर्युक्त तथ्यों का प्रतिपादन भास्कर राय के सौभाग्यभास्कर भाष्य पर आधारित है। श्रीभास्कर राय ने ललिता सहस्रनाम की उपर्युक्त व्याख्या में देवी के उन नामों की व्याख्या करते हुए श्रीविद्या की उपासना के अन्य ग्रन्थ वामकेश्वर तन्त्र, ज्ञानार्णव, त्रिपुरारहस्य, आदि २१ ग्रन्थों की भी चर्चा की है तथा उनसे उद्धरण भी दिए हैं।

श्रीविद्या का व्यापक साहित्य अतिप्राचीन है। इसके उपासकों में मनुष्यों के अतिरिक्त ऋषि, इन्द्र आदि देवता भी रहे हैं। इससे स्वतः ही श्रीविद्या प्रतिपादक-ग्रन्थ ललितासहस्रनाम का महत्व प्रस्फुटित होता है। यहाँ तक कि श्रीशंकराचार्य तथा उनके गुरु श्रीगौड़पादाचार्य की दिव्यशक्तियों का स्रोत भी श्रीविद्या की उपासना ही रहा है।

ललितासहस्रनाम के भाष्यकार श्री भास्कर राय

श्रीललिता सहस्रनाम के तान्त्रिक स्वरूप को प्रकट करने वाले तथा श्रीविद्या की उपासना में अग्रगण्य भाष्यकार श्रीभास्कर राय शंकर की विभूति माने जाते हैं। इन्होंने अपने जन्म से किस प्रदेश को अलंकृत किया यह निश्चयात्मक रूप से नहीं कहा जा सकता है। किन्तु ये वाराणसी में रहते थे तथा नारायण भट्ट के समकालीन थे। नारायण भट्ट का काल सत्रहवीं शदी का प्रथम दशक रहा है। वही समय भास्कर राय का भी रहा होगा, अर्थात् १६१० से १६१८ तक।

ये व्याकरण, न्याय, शैवतन्त्र तथा सांख्ययोग के उत्कृष्ट विद्वान् थे। ललितासहस्रनाम ग्रन्थ के स्वरचित सौभाग्य-भास्कर नामक भाष्य में व्याकरण शास्त्रीय सिद्धान्तों का, शंकाओं के समाधान का वारीकी से उल्लेख किया है तथा अपने तन्त्रसम्प्रदाय सिद्ध अर्थों के प्रतिपादन में व्युत्पत्तियों का भी प्रदर्शन किया है। इनके पिता का नाम गम्भीर राय दीक्षित था। श्रीभास्कर राय का दीक्षा नाम भासुरानन्दनाथ था।

बालातप भाष्यकार श्री शम्भुनाथ नागर

"ललितासहस्रनाम" ग्रन्थ का लघुभाष्य "बालातप" की रचना करने वाले श्रीशम्भुनाथ नागर हैं। इनके पिता का नाम शिवनाथ नागर था तथा

इनके गुरु का नाम श्रीगुरुनाथ था। इन्होंने बालातप भाष्य के पूर्व मङ्गलाचरण में अपने गुरु व पिता को नमस्कार करते हुए लिखा है कि -

नागरवंशाब्धिमणिश्रीशिवनाथात्मजेन तेन मया।
शम्भुनाथाख्येन श्रीदेवीचरणकमलदासेन॥
श्रीमाधवपदपङ्कजमधुमधुपायितनिजान्तरङ्गनाम्।
अमृताख्यानां श्रीगुरुनाथानामाज्ञया कृपाकृतया॥
आरचितः श्रीललिताचरणद्वन्द्वे समर्पितः सोऽयम्।
तेन श्रीगुरुरूपा प्रीणातु श्रीपराम्बिका सततम्॥

भास्कर द्वारा निर्मित समस्त विद्यासिद्धान्तों के सारस्वरूप सौभाग्य-भास्कर नामक भाष्य में बालकों तथा मन्द बुद्धियों का प्रवेश निश्चय ही दुर्लभ है, यह मानकर मैं उनके भाष्य का सार-अर्थ प्रकाशित करने की इच्छा से "बालातप" नामक भाष्य लिख रहा हूँ। यह भाष्य देवी श्रीललिता जी के साधकों को सुख देगा। भाष्य की समाप्ति पर ११ श्लोकों में ललिता-सहस्रनाम का महत्त्व, भास्कर राय का शास्त्रज्ञान तथा अपने वंश का परिचय दिया है। इसमें इन्होंने अपने पिता शिवनाथ को नागरवंश-समुद्र का मणि कहा है तथा स्वयं को देवी के चरण-कमल का दास बताया है। श्री शम्भुनाथ नागर ने मन्द बुद्धियों को भी सहजता से ललिता जी के नाम के अर्थों का परिज्ञान हो जाये ऐसा प्रयास किया है। इन्होंने सौभाग्य भास्कर के अनेकों अर्थों में से नवनीत तुल्य सहजग्राह्य व सुगम अर्थों का संकलन कर उसे अपने भाष्य में रखा है। यह भी कठिन कार्य ही था कि अनेकों अर्थों में उस सार अर्थ को चुनें जो सिद्धान्त अर्थ भी बन सके। इस कार्य में नागर जी अत्यन्त सफल हुए हैं।

इन का काल १९१८ संवत् रहा है। इन्होंने जयपुर नरेश की प्रीति के लिए भाष्य लिखा जिससे सिद्ध है कि जयपुर में स्थित विद्वन्मण्डली के एक रत्न तथा जयपुर नरेश के प्रियपात्र थे श्रीशम्भुनाथ नागर।

प्रस्तूयमान ग्रन्थ

रूप धारण करने के कारण काम हैं। जगत् की सृष्टि करने की इच्छावाला ईश्वर भी काम ही है। अत एव शिव ही काम हैं, ईश्वर हैं यह ध्वनित हुआ। शिवा पद, 'वश कान्तौ' से बना है। कान्ति का अर्थ है इच्छा। अतएव ललिता जी परशिव की इच्छारूपा शक्ति हैं। या शोभा-गुण वाली होने से शिवा हैं। शिव शक्ति के अधीन होकर ही आत्मलाभ करते हैं, अत एव स्वाधीन-वल्लभा पद ललिता जी के लिए आया है। आचार्य शंकर ने भी कहा है कि "शिवः शक्त्या युक्तो यदि भवति शक्तः प्रभवितुं, न चेदेवं देवो न खलु कुशलः स्पन्दितुमपि"।

सुमेरुशृङ्गमध्यस्था श्रीमन्नगरनायिका।
चिन्तामणिगृहान्तःस्था पञ्चब्रह्मासनस्थिता॥ २२॥

हिन्दी -

सुमेरु (हिमालय) की मध्य चोटी पर विराजमान, श्री = लक्ष्मी, से परिपूर्ण नगर की रानी, अभीष्ट प्रदान करने वाले चिन्तामणि से निर्मित गृह के अन्दर रहने वाली तथा ब्रह्म विष्णु आदि पाँच ब्रह्म द्वारा निर्मित आसन पर स्थित भगवती ललिता को नमस्कार है॥ २२॥

विमर्श -

सुमेरु पर्वत पर शिवत्रिकोण के समान तीन शिखर और हैं। उन्हीं के मंध्य चौथा एक शिखर है। वह शिखर मनोहर-रत्नों की कान्तिवाला है, वहीं पर ललिता जी स्थित हैं। श्रीमत् का अर्थ है लक्ष्मीवान्, लक्ष्मीयुक्तनगर मेरुशृङ्ग के मध्य में स्थित है। या श्रीमन्नगर पद का अर्थ है श्रीचक्र, श्रीचक्र की स्वामिनी ललिता हैं।

महापद्माटवीसंस्था कदम्बवनवासिनी।
सुधासागरमध्यस्था कामाक्षी कामदायिनी॥ २३॥

हिन्दी -

बड़े-बड़े कमलों के वन में (महापद्म वन में) या ब्रह्मरन्ध्र में स्थित सहस्रदलपद्म में सम्यक् विद्यमान, कदम्बवनों में निवास करने वाली, अमृतमय सागर के मध्य में स्थित, कमनीय नेत्रों वाली (कामेश्वर ही है नेत्र जिसका, यह भी अर्थ हो सकता है।) तथा कामनाओं को प्रदान करने वाली भगवती ललिता को प्रणाम है।

विमर्श -

ब्रह्माण्ड और पिण्ड (शरीर) में ऐक्य मानते हुए महापद्माटवी का अर्थ - "ब्रह्मरन्ध्र में स्थित सहस्रदल-कमल" माना गया है। ललिता जी वहाँ पर निवास करती हैं। बिन्दु-स्थान को कदम्बवन माना जाता है। पिण्ड के अण्ड में बिन्दु-स्थान पर सहस्रारकर्णिका और चन्द्र के मध्य स्थित है सुधा-सागर, उसके भी मध्य में ललिता जी की स्थिति मानी गई है। साक्षि-भाव से सब कुछ जानने वाली, भक्तजनों के तत् तत्कामनाओं की पूर्ति करती हैं, अतः ब्रह्मा ने इनका नाम कामाक्षी रखा। काञ्चीपीठ की अधिष्ठात्री भी कामाक्षी हैं। कामनाओं की पूरिका होने से यह कामदायिनी हैं। या काम को खण्डित करने वाले, कामद, हुए शिव, उनके साथ शुभ कार्यों की प्रदात्री ललिता जी है।

देवर्षिगणसंघातस्तूयमानात्मवैभवा।
भण्डासुरवधोद्युक्तशक्तिसेनासमन्विता॥ २४॥

हिन्दी -

देवों ऋषियों तथा आदित्य विश्वावसु आदि गण-देवताओं के समूह से जिसके स्वरूप-वैभव की प्रशंसा की जा रही है, उस ललिताम्बा को, तथा भण्डासुर नामक असुर के वध के लिए उद्यत शक्ति की (स्त्रीदेवता) सेनाओं से सेना-समूह के व्यूह निर्माण में तत्पर भगवती को नमस्कार है॥ २४॥

विमर्श -

संघात पद के अर्थ-भेद से दो अन्य अर्थ भी हो सकते हैं। यथा - संघात का अर्थ नरक है। देवर्षि-गणों द्वारा नरक से बचने हेतु देवी के आत्मवैभव की स्तुति हो रही थी। अथवा सम्यक् घातः संघातः = भण्ड का वध, करने हेतु देवी की स्तुति की जा रही थी। देवर्षिगण पद में देव से ब्रह्मा आदि, ऋषि से वशिष्ठादि, देवर्षि से नारदादि, तथा गण शब्द से आदित्य विश्वावसु साध्य रुद्र आदि जाने जाते हैं।

सम्पत्करीसमारूढसिन्धुरव्रजसेविता।
अश्वारूढाधिष्ठिताश्वकोटिकोटिभिरावृता॥ २५॥

हिन्दी -

(देवी के अंकुश से प्रादुर्भूत) सम्पत्करी नामक देवताओं द्वारा गजशास्त्रोक्त विधान के अनुसार गजारूढ होने पर उनके समूहों से सेवित तथा (देवी के पाश से आविर्भूत) अश्वारूढा नामक देवताओं द्वारा अपने अधीन

किए गए घोड़ों की अनेक पंक्तियों से चारों ओर से घिरी हुई श्रीललिता को नमस्कार है॥ २५॥

विमर्श -

सम्पत्करी नाम की कोई देवता (देवी-समूह) है जो त्रिपुरसुन्दरी के गजों पर आरूढ है, तथा ललिता जी के अंकुश से उत्पन्न हुई है, ऐसा वर्णन ललितोपाख्यान ग्रन्थ में आया है। गजों पर आरूढ सम्पत्करी-देवताओं के समूह से देवी आवृत हैं। अश्वारूढा नाम की देवता भी तन्त्रशास्त्र में प्रसिद्ध है। ब्रह्माण्ड-पुराण में कहा गया है कि - "अथ श्रीललितेशान्याः पाशायुधसमुद्भवा, अतित्वरितविक्रान्तिरश्वारूढा चलत्पुर इति"। कोटि कोटि अश्व पर आरूढ अश्वारूढा देवताओं से देवी चतुर्दिक् घिरी हुई हैं। अर्थात् वे उनकी सेना हैं॥ २५॥

चक्रराजरथारूढसर्वायुधपरिष्कृता।
गेयचक्ररथारूढमन्त्रिणीपरिसेविता॥ २६॥

हिन्दी -

श्रीदेवी के चक्रराज नामक रथ पर आरूढ देवता-स्वरूप आयुधों से अलंकृत तथा गेयचक्र नामक रथ पर सवार मन्त्रिणी-श्यामला देवी से चारों ओर से सेवित श्री ललिताम्बा को नमस्कार है।

विमर्श -

चक्रराज किरिचक्र एवं गेयचक्र आदि रथों के भेद रथशास्त्र में वर्णित हैं तथा ललितोपाख्यान में भी। रथ पर आरूढ देवी अस्त्र-शस्त्रों से सज्जित हैं, तथा वे अस्त्र भी देवता-रूप ही हैं, यह अर्थ है प्रथम पंक्ति का। अथवा श्रीचक्र ही चक्रराज-रथ है, उस पर सभी आयुध = आत्मज्ञान के सभी साधन, विद्यमान हैं। अर्थात् देवी आत्मज्ञान के सभी साधनों से परिपूर्ण हैं। जहाँ गेयचक्र है वहाँ पूर्व में ही चक्रराज उपस्थित है। गेयचक्र पर देवी श्यामला = मन्त्रिणियाँ = विद्योपासिका योगिनियाँ साथ हैं। यह द्वितीय पंक्ति का आशय है।

किरिचक्ररथारूढदण्डनाथापुरस्कृता
ज्वालामालिनिकाक्षिप्तवह्निप्राकारमध्यगा॥२७॥

हिन्दी -

किरिचक्र नामक रथ पर आरूढ वाराही (दण्ड-नाथा) देवी से सेवित तथा ज्वाला-समूहों से समन्तात् निर्मित (क्षिप्त) अग्निमय चिनगारियों के मध्य में स्थित श्री ललिताम्बा को नमस्कार है।

विमर्श -

किरिचक्र = किरि नाम है वराह का (सूअर का)। वराहाकृति या वराह द्वारा आकृष्ट रथ को किरिचक्र कहते हैं। देवी वाराही किरिचक्र पर स्थित होकर श्रीललिता की सेवा में विद्यमान है। अथवा किरि का अर्थ है किरण, वह स्थिति एवं लय का उपलक्षण है। स्थितिलय का समूह रथ (चक्र) है, उस पर आरूढ होने पर भी देवी यमराज (दण्डनाथ) के अधीन नहीं हैं, तथा सृष्टि स्थिति एवं लय की स्थिति में भी वे यातना के विषय नहीं हैं, ऐसा प्रथम पंक्ति से ध्वनित होता है।

भण्डसैन्यवधोद्युक्तशक्तिविक्रमहर्षिता।
नित्यापराक्रमाटोपनिरीक्षणसमुत्सुका ॥२८॥

हिन्दी -

भण्डासुर (भण्ड) के सैन्यों के वध में सन्नद्ध (तत्पर) शक्तियों के विक्रम से अत्यन्त हर्षित, तथा कामेश्वरी से लेकर चित्रा पर्यन्त पञ्चदशतिथि-रूप नित्या देवताओं के पराक्रम के विस्तार (आटोप) के सम्यक् निरीक्षण में अत्यन्त उत्सुक देवी ललिता को नमस्कार है॥२८॥

विमर्श -

नकुली आदि ललिता जी की शक्तियाँ है, वे सभी भण्डासुर के चतुरङ्गबल को नष्ट करने के लिए समृद्ध थीं। अथवा भण्ड का अर्थ है "जीवभाव", उसकी सेना हुई द्वैत-विषयक बुद्धि, उस द्वैत-बुद्धि को नष्ट करने हेतु देवी अद्वैतरूप वृत्तियों की शक्ति रखने वाली होने से हर्षित थी। "नित्यापराक्रमा" इत्यादि अंश का एक अर्थ यह भी है कि अनादिसिद्ध अपनी आत्मशक्ति को देखने के लिए देवी समुत्सुक थी।

भण्डपुत्रवधोद्युक्तबालाविक्रमनन्दिता।
मन्त्रिण्यम्बाविरचितविशुक्रवधतोषिता ॥२९॥

हिन्दी -

भण्डासुर के "चतुर्बाहु" आदि तीस पुत्रों को मारने में तत्पर अपनी पुत्री बाला के पराक्रम से हर्षित तथा मन्त्रिणी-अम्बा = राजश्यामला, द्वारा भण्डासुर के भाई विशुक्र को मारने से सन्तुष्ट देवी ललिता को नमस्कार है ॥२९॥

विमर्श -

बाला = नववर्षा, नाम की देवी की पुत्री ने भण्डासुर के चतुर्बाहु आदि तीस पुत्रों को मारा था, तथा देवी की मन्त्रिणी राजश्यामला ने भण्डासुर के दोनों भाई विषाङ्ग एवं विशुक्र को मारा था। दोनों भाईयों में विशुक्र दैत्यों का संरक्षक था तथा शुक्र के समान विचारशील भी था। अत एव उसके वध को ही प्रमुखता देकर श्लोक में बताया गया है।

विषाङ्गप्राणहरणवाराहीवीर्यनन्दिता।
कामेश्वरमुखालोककल्पितश्रीगणेश्वरा ॥३०॥

हिन्दी -

भण्डासुर के द्वितीय भ्राता विषाङ्ग के प्राणहरण में वाराही ने जो शौर्य प्रदर्शित किया था, उससे आनन्दित एवं कामेश्वर-शिव, के मुखचन्द्र के आलोक-मात्र से श्रीयुक्त गणेश्वर को उत्पन्न करने वाली देवी ललिता को नमस्कार है ॥३०॥

विमर्श -

वराह के समान मुख होने से देवी की शक्ति दण्डिनी देवी का दूसरा नाम वाराही था। इस पद्य में अर्थान्तर यह भी है कि आणव आदि मल विरुद्ध सङ्ग के कारण विषाङ्ग हैं, उन मलों को नष्ट करने वाली वाराही है। तथा कामेश्वर = केवल-निर्गुण-शिव के अनुभव मात्र से श्री गणेश्वरत्व = पुर्यष्टक के अधीश्वर भाव, को प्राप्त हो गई।

महागणेशनिर्भिन्नविघ्नयन्त्रप्रहर्षिता।
भण्डासुरेन्द्रनिर्मुक्तशस्त्रप्रत्यस्त्रवर्षिणी ॥३१॥

हिन्दी -

श्रीमहागणेश द्वारा विघ्नयन्त्र को पूर्णतः नष्ट कर देने के कारण अत्यन्त हर्षित तथा असुरराज भण्ड द्वारा प्रयुक्त शस्त्रों के प्रतिकूल (नाशक) शस्त्रों की वर्षा करने वाली देवी ललिता को नमस्कार है ॥३१॥

विमर्श -

दो कोश तक विस्तृत शिला पर जयविघ्न नामक यन्त्र को लिखकर, उसके द्वारा शत्रुसैन्य में आलस्यादि विघ्न उत्पन्न करने के लिए विशुक्र ने जो शिलायन्त्र फेंका था, उसको महागणेश ने तोड़ दिया था, इससे देवी प्रमुदित हुई तथा भण्डासुर द्वारा छोड़े गए अस्त्रों के विरुद्ध स्वयं देवी ने शस्त्रों की वर्षा की।

कराङ्गुलिनखोत्पन्ननारायणदशाकृतिः।
महापाशुपतास्त्राग्निनिर्दग्धासुरसैनिका ॥३२॥

हिन्दी -

(भण्डासुर द्वारा अस्त्र प्रयोग कर उत्पन्न किए गए सोमक रावण आदि को मारने हेतु) दक्षिण एवं वाम करों की अङ्गुलियों के नखों से भगवान् विष्णु के दश अवतारों को उत्पन्न करने वाली देवी को, तथा महापाशुपत अस्त्र की अग्नि में भण्डासुर के सैनिकों को जला चुकी भगवती ललिता को नमस्कार है ॥३२॥

विमर्श -

भण्डासुर ने सर्वासुरास्त्र नामक दैत्योत्पादन-अस्त्र को छोड़ा था, जिससे सोमक रावण, बलि, हिरण्याक्ष आदि उत्पन्न हुए तथा युद्ध करने लगे। उनको मारने हेतु देवी ने अपनी अङ्गुलियों के एक—एक नख से मत्स्य, कूर्म, वराह नृसिंह, वामन, परशुराम, राम, बलराम, कृष्ण एवं कल्किरूप दश अवतारों को उत्पन्न किया। अथवा नारायण पद को जीव एवं ईश्वर का उपलक्षण मानें तो जीव-सम्बन्धी जाग्रत् आदि पाँच अवस्थाएँ, तथा ईश्वर सम्बन्धी सृष्टि आदि पाँच कार्यों को मिलाकर दश आकृतियां हुईं, जो नख मात्र से उत्पन्न होती हैं। शैव मत में रुद्र से लेकर पिशाच तक को पशु कहा है। उनके पति होने से शिव पशुपति कहलाते हैं। पशुपति का अस्त्र पाशुपतास्त्र है। देवी ने पाशुपतास्त्र से भण्डासुर के सैनिकों को पूर्णतः दग्ध कर दिया।

कामेश्वराग्निनिर्दग्धसभण्डासुरशून्यका।
ब्रह्मोपेन्द्रमहेन्द्रादिदेवसंस्तुतवैभवा ॥३३॥

(कामेश्वरास्त्रनिर्दग्धसभण्डासुरंसैनिका) इति पाठान्तरम्।

हिन्दी -

महापाशुपत अस्त्र से भी अधिक प्रभावशाली कामेश्वर-अस्त्र की अग्नि से भण्डासुर सहित उसकी शून्यक नामक नगरी को जलाने वाली, तथा तदुपरान्त ब्रह्मा, विष्णु एवं इन्द्रादि देवों द्वारा जिसके पराक्रम के वैभव की स्तुति की गई, उस देवी ललिता को नमस्कार है ॥३३ ॥

विमर्श -

अथवा पूर्वोक्त अर्थ के अलावा यह भी अर्थ है - कामेश्वर नाम है चिदग्नि का, भण्ड है द्वैतबोध कराने वाला जीवभाव, (सैनिक हैं 'लिङ्ग - शरीर' आदि, (पाठान्तर में) । शून्यक का अर्थ है द्वैतभान, या शून्यवादियों का शून्य। इस तरह चिदग्नि द्वारा जीवभाव सहित शून्यभाव को दूर करने पर चिन्मात्र शेष रहता है यह ध्वनित हुआ। ब्रह्मादि द्वारा जान लिया गया है व्यापकता, अपरिमितता तथा सर्वात्मकता जिस आत्मरूप देवता का, उसको नमस्कार है, यह द्वितीय पंक्ति का आशय है।

हरनेत्राग्निसंदग्धकामसंजीवनौषधिः ।
श्रीमद्वाग्भवकूटैकस्वरूपमुखपङ्कजा ॥३४ ॥

हिन्दी -

हर के तृतीय नेत्र में स्थित अग्नि से पूर्णतः भस्मसात् किए गये कामदेव को जीवन देने वाली संजीवनी औषधि के समान (विरक्त कामेश्वर को भी अपनी ओर आकृष्ट करने के कारण देवी को कामदेव के लिए संजीवनी औषधि तुल्य बताया है) तथा श्रीमद्ज्ञान-प्रदायिनी (माहात्म्ययुक्त) वाणी को उत्पन्न करने वाली वाग्भव नामक पञ्चाक्षरकूट रूप-स्वरूप है जिस मुखकमल का, उस मुखकमल वाली देवी ललिता को नमस्कार है ॥३४ ॥

विमर्श -

भण्डासुर वध के बाद ब्रह्मादि की प्रार्थना पर ललिताम्बा ने कामदेव को जीवित्र कर दिया, ऐसी कथा ब्रह्माण्डपुराण में है। ब्रह्मवैवर्त पुराण में कहा गया है कि "हरौ रुष्टे गुरुस्त्राता गुरौ रुष्टे न कश्चन", अर्थात् हरि = उपास्य के रुष्ट होने पर गुरु रक्षा करते हैं। शिव भी श्रीविद्या के उपासक हैं। गुरु के बिना उपासना सम्भव नहीं है। अतः त्रिपुरसुन्दरी (ललिता) को ही शिव का गुरु माना है तथा काम के उपास्य शिव ने स्वयं काम को दग्ध किया, उस स्थिति में गुरुरूपा ललिता के अलावा कौन उसे पुनर्जीवन दे सकता है, यह अभिप्राय प्रकट होता है। अथवा, —हर का अर्थ है आत्मस्वरूप का अपहर्ता,

उसका नेता हुआ अग्नि, (क्योंकि अग्नि ही स्वरूप को बदल देता है)। अर्थात् मूल-ज्ञान, उस अग्निरूप मूलज्ञान से सम्यक् दग्ध, जीवभाव को प्राप्त जो काम = कामेश्वररूप आत्मा, उसके आवरणपरावृत्ति के अभाव के साथ जीवन में स्वस्वरूप की प्राप्ति में ओषधि है ललिता देवी। उसकी उपासना से (विद्यारूप से) अविद्या की निवृत्ति के साथ स्वस्वरूपप्राप्ति-रूप मोक्ष मिल जाता है। जैसे सशरीर कामदेव पश्चात् अशरीर जीवित रहा, उसी प्रकार आत्मा भी अविद्या के कारण शरीरी दिखता है, शरीर-निवृत्ति के बाद वह अशरीरी ब्रह्म से एक हो जाता है, यह भी ध्वनित होता है।

कण्ठाधःकटिपर्यन्तमध्यकूटस्वरूपिणी।
शक्तिकूटैकतापन्नकट्यधोभागधारिणी ॥३५ ॥

हिन्दी -

कण्ठ के नीचे से लेकर कटि भाग पर्यन्त के मध्यभाग में स्थित कामराज (षडक्षर-कूट) का स्वरूप है, वही है निजरूप जिस देवी का, उसको व सर्जनशक्ति से युक्त होने के कारण शक्ति नामक चार अक्षर-समूह रूप कूट के साथ एकीभाव को प्राप्त कटि के अधोभाग को धारण करने वाली देवी ललिता को नमस्कार है ॥३५ ॥

मूलमन्त्रात्मिका मूलकूटत्रयकलेवरा।
कुलामृतैकरसिका कुलसङ्केतपालिनी ॥३६ ॥

हिन्दी -

धर्म अर्थ काम मोक्ष, इन चारों पुरुषार्थों का मूल कारण पञ्चदशाक्षरी मन्त्रस्वरूपा, मूल का कूटत्रय (तीनों कूट = कामकला-घटक तीनों अवयवों का समूह) है कलेवर = स्थूल और सूक्ष्मरूप, जिसका, उस देवी को, तथा आधार चक्र से निकलते अमृत के रसास्वादन में तत्पर, तथा शरीर एवं आचार के सङ्केतों (रहस्यों) का पालन करने वाली देवी ललिता को नमस्कार है ॥३६ ॥

विमर्श -

मनन करने से जो रक्षा करे वह "मन्त्र" कहलाता है। चतुर्विध पुरुषार्थ का साधन पञ्चदशाक्षरी मन्त्र को मूल-मन्त्र माना गया है। पुरुषार्थ देने के कारण तथा रक्षा करने के कारण मूलमन्त्र ही देवी का स्वरूप है। कूट-त्रय पद का अर्थ है तीन स्वरूप में जुड़ने वाले तीन अवयव। "कुलामृतैकरसिका" पद में कुल का अर्थ है सजातीय समूह। ज्ञाता ज्ञेय और ज्ञानरूप समूह। या

मेय, माता व मिति "कुल" है। ऊपर नीचे के क्रम में बत्तीस पद्मों में सबसे नीचे का पद्म भी त्रिपुटी के सम्बन्ध से "कुल" कहलाता है। अथवा कु=पृथिवीतत्व, जिसमें लीन होता हो वह "कुल" है आधारचक्र, व उसके सम्पर्क से सुषुम्णा का मार्ग भी कुल है। अतः सहस्रार से रिसता हुआ अमृत हुआ 'कुलामृत'। या, शरीर को भी कुल कहते हैं, शरीर-सम्बन्ध से वह कुलामृत हुआ। उस कुलामृत के आस्वादन में देवी तत्पर है। कुलसङ्केतपालिनी पद में "आचार एवं शरीर" को कुल माना गया है। देवी शरीर एवं आचार सम्बन्धी रहस्यों का पालन करने वाली हैं।

कुलाङ्गना कुलान्तस्था कौलिनी कुलयोगिनी।
अकुला समयान्तस्था समयाचारतत्परा ॥३७॥

हिन्दी -

कुल = परमशिव की शक्ति, अथवा पातिव्रत्यादि गुणसमूह वाले वंश से सम्बन्धित स्त्री जिस प्रकार छिपी रहती है, उसी प्रकार यह भी अविद्यारूपी पर्दे में छिपी होने के कारण कुलाङ्गना है, उसे, तथा परमशिव के अन्तःकरण में सार-रूप में स्थित, अथवा कुल = माता और मेय के मध्य मितिरूप में, या कुलशास्त्र के मध्य ज्ञेयभाव से स्थित, परमशिव द्वारा उत्पादित संसार वाली (कौलिनी) या शिव और शक्ति के सामरस्य वाली, परमशिव के साथ नित्य-सम्बन्ध वाली (कुलयोगिनी) या बाह्याकाश में चक्र पर रेखा खींचकर की जाने वाली पूजा से सम्बद्ध, नश्वर पृथिव्यादि महाभूत में लीन नहीं होने वाली, सत्-शास्त्र में किये गए सङ्केतपूर्वक आचरण करने के बाद प्राप्यरूप में स्थित, अथवा समय = शिव, तथा समया (शक्ति) के स्वरूप में विद्यमान रहने वाली, सत् शास्त्रोक्त आचारपालन में आसक्त (तत्परा) देवी ललिता को नमस्कार है ॥३७॥

विमर्श -

प्रस्तुत पद्य में 'कुल' शब्द का पाँच बार प्रयोग है। यह अनेकार्थक है, अत एवं पाँचों पदों के दो या अधिक अर्थ दिए गये हैं। यथा कुलाङ्गना में कुल का अर्थ शिव व पातिव्रत्यादिगुण समूह वाला वंश है। कुलान्तस्थ पद में कुल का अर्थ परमशिव, माता और मेय, या कुलशास्त्र है। कौलिनी पद में कुल का अर्थ परमशिव है, उसके द्वारा उत्पादित संसार हुआ कौल, कौल है जिसमें, या कौल=जगत्, है जिसका, वह कौलिनी हुई। शिव और शक्ति की समरसता भी कौल है। कुलयोगिनी पद में कुल का अर्थ परमशिव या बाह्याकाश में चक्र बनाकर किया जाने वाला पूजन भी है। अकुला पद में

कुल का अर्थ नश्वर महाभूतादि है। कुः=पृथिवी (महाभूतादि का उपलक्षण है) उसमें जो लीन हो जाये वह कुल है।

मूलाधारैकनिलया ब्रह्मग्रन्थविभेदिनी।
मणिपूरान्तरुदिता विष्णुग्रन्थविभेदिनी ॥३८॥

हिन्दी -

सुषुम्णा के मूल में आधार रूप से स्थित चतुर्दल-कमल रूप मूलाधार में मुख्यतः निवास करने वाली, षट्चक्रों में प्रत्येक चक्र के आदि और अन्त की दोनों ब्रह्मग्रन्थियों को भेदने वाली, नाभि में स्थित दशदल-कमल (मणिपुर) के मध्य में प्रकट हुई तथा मणिपूर के ऊपर स्थित विष्णुग्रन्थि को भेदने वाली श्रीललिता को नमस्कार है ॥३८॥

विमर्श -

गुदा के ऊपर एवं लिङ्ग के नीचे विद्यमान चतुर्दल-कमल, जो सुषुम्णा का मूल-आधार होने से मूलाधार कहलाता है, वही देवी का एक मुख्य घर (आवास स्थान) है। मणिपूरान्तरुदिता = नाभि में दशदल कमल है। सामयिक पूजा के समय साधक देवी के अङ्ग को मणिमय आभूषणों से पूर्ण करते हैं, अत एव दशदल कमल के लिए मणिपूर शब्द आया है। उस के मध्य देवी प्रकट होती हैं।

आज्ञाचक्रान्तरालस्था रुद्रग्रन्थविभेदिनी।
सहस्राराम्बुजारूढा सुधासाराभिवर्षिणी ॥ ३९ ॥

हिन्दी -

आज्ञाचक्र के मध्य में रहने वाली, रुद्रग्रन्थि (हृदयस्थ अनाहत-चक्र) को भेदने वाली, सहस्रारनामक श्वेतकमल पर आरूढ, तथा अमृत-धाराओं को चारों ओर बरसाने वाली देवी ललिता को नमस्कार है ॥३९॥

विमर्श -

भौहों के मध्य आज्ञापक गुरु का स्थान 'द्विदल' कमल है, उसी द्विदलकमल का नाम आज्ञाचक्र है, द्विदल कमलों के मध्य देवी स्थित है। हृदय में स्थित अनाहतचक्र का नाम रुद्रग्रन्थि है, उस अनाहतचक्र को भेदने वाली देवी है। ब्रह्मरन्ध्र में अधोमुख-स्थित सहस्रदल-कमल का नाम सहस्राराम्बुज है। सुधा=चन्द्रसम्बन्धिनी, अर्थात् अमृत, अमृत का आसार = धारासम्पात, अमृतधारासम्पात को बरसाने की स्वभाव वाली देवी ललिता है।

तडिल्लतासमरुचिः षट्चक्रोपरि संस्थिता।
महासक्तिः कुण्डलिनी बिसतन्तुतनीयसी ॥४० ॥

हिन्दी -

विद्युत् लता के समान कान्तिवाली, मूलाधार आदि षट्चक्रों के ऊपर सहस्रार (कमल) पर सम्यक् स्थित, उत्सव में आसक्ति रखने वाली, आकृति से भुजङ्ग सदृश या कुण्डलिनी शक्तिरूपा, अथवा कुण्डलिनी रूप कमल-नाल के तन्तुसदृश कृश-आकृतिवाली (सूक्ष्मरूपा) श्रीललिता को नमस्कार है ॥

विमर्श -

मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनाहत, विशुद्ध, आज्ञाचक्र इन छः चक्रों क्रो षट्चक्र कहते हैं। उनके ऊपर सहस्रार है, उस सहस्रार पर देवी संस्थित हैं। मह का अर्थ है उत्सव, शिवशक्ति समयोग रूप उत्सव में आसक्ति रखने वाली, यह अर्थ भी "महासक्ति" पद का होता है। अथवा समग्रतः महती सक्ति = संयोग, वाली। विसतन्तुसदृश शुभशक्ति कुण्डलिनी है या कुण्डल हैं जिसके वह, आकृति से कुण्डलिनी है, भुजङ्गाकार में मूलाधार में स्थित शक्ति कुण्डलिनी है। देवी शक्तियुक्त व कमलनाल के तन्तुसदृश सूक्ष्म हैं।

भवानी भावनागम्या भवारण्यकुठारिका।
भद्रप्रिया भद्रमूर्तिर्भक्तसौभाग्यदायिनी ॥४१ ॥

हिन्दी -

संसार को उत्पन्न करने वाले भव = शिव की अर्धाङ्गिनी, सगुण निर्गुण आदि की उपासना (भावना) से जानने योग्य, संसार-रूपी अरण्य को काटने हेतु कुठारसदृश, भंद्रप्रिया = मङ्गलादिकार्यों को प्रिय मानने वाली मङ्गलस्वरूप वाली तथा भक्तों को सौभाग्य प्रदान करने वाली देवी ललिता को प्रणाम है ॥४१ ॥

विमर्श -

भवति अस्मात् सर्वम्, सब इससे उत्पन्न होता है अतः यह भव =परमशिव है। भव संसार है, भव काम है, भव की स्त्री होने से ललिता जी भवानी हैं तथा संसार या काम को जीवन देने के कारण यह भवानी है। यथा-भवम् आनयति-जीवयतिं इति भवानी। कूर्मपुराण में "ब्राह्मी माहेश्वरी तथा अक्षर भावना" ये तीन भावनाएँ मानी गई हैं। मीमांसा में शाब्दी और आर्थी ये दो भावनाएँ स्वीकृत हैं। देवी भावना का विषय होने से कर्ममार्ग का विषय नहीं

है, यह भी ध्वनित हो रहा है। भक्तसौभाग्यदायिनी :- श्री, काम, माहात्म्य, वीर्य, यत्न, अर्क, और कीर्ति, इन को भग कहते हैं। सुन्दर भग पदार्थ हैं जिसमें वह सुभगा, ललिता है। सुभगा का भाव सौभाग्य है। देवी भक्तों को अपने से अभिन्न स्वरूप को देने वाली है, यह अर्थ भी निकलता है।

भक्तिप्रिया भक्तिगम्या भक्तिवश्या भयापहा।
शांभवी शारदाराध्या शर्वाणी शर्मदायिनी ॥४२॥

हिन्दी -

भक्तिप्रिया (ईश्वर विषयक अनुराग रखने वाला जिसे प्रिय है) तथा जो सम्यक् आराधन से प्रत्यक्ष होने योग्य है, अनुपम भक्ति से वश में रहने वाली है, जन्म मृत्यु आदि के कारणीभूत भयों को दूर करने वाली है, शम्भु से सम्बद्ध है, देवी सरस्वती से पूजित है, या शरद् ऋतु में आराध्या है, परमशिव (शर्व) की पत्नी है, तथा भक्तों को सुख देने की स्वभाव वाली है, उस श्रीललिता को नमस्कार है ॥४२॥

विमर्श -

भक्ति दो प्रकार की होती है - मुख्या तथा गौणी। "सा परानुरक्तिरीश्वरे" इस भक्तिमीमांसा सूत्र के अनुसार ईश्वर विषयक अनुराग, या ईश्वर-विषयक चित्तवृति-विशेष मुख्य भक्ति है। सेवारूपी भक्ति गौणी है। गरुड पुराण में भक्ति के आठ भेद वर्णित हैं, भागवत में नौ प्रकार की भक्ति वर्णित है, वृहद्नारदीय में दश प्रकार की भक्ति है। अथवा भक्ति लक्षणा है, लक्ष्यार्थ का बोध लक्षणा से ही होता है। ऊपर जहाँ-जहाँ भक्ति पद आया है उसे उस उस सन्दर्भो में जोड़कर अर्थ करें। शाम्भवी=मुद्रा, भी है, शाम्भवी दीक्षा भी है।

शांकरी श्रीकरी साध्वी शरच्चन्द्रनिभानना।
शातोदरी शान्तिमती निराधारा निरञ्जना॥४३॥

हिन्दी -

कल्याणकारक शंकर की स्त्री, श्री=धन, सौभाग्यादि को देने वाली, साध्वी = पतिव्रता, शरद्कालीन चन्द्र के समान मुखवाली, कृश उदर वाली, शान्तिधारण करने वाली, मूलाधार से निकली, या निराधार पूजारूप, अविद्यारूप मायासम्पर्क से रहित, या निर्मल, देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥४३॥

विमर्श - शं = कल्याणं करोति इति शंकरः, शंकर की स्त्री। अथवा शं=कल्याण है कर=हाथ में जिसके, उसकी स्त्री हुई शाङ्करी। शातोदरी - शात=कृश, है उदर जिसका, वह। शो तनूकरणे से शात पद बना है। अथवा शातोदर अनन्तगुह हिमवान् की पुत्री। निराधारा=आधार (मूलाधार) से निर्गत। अथवा संसार का आधारभूत होने से अन्य कोई आधार नहीं है। अतएव वह निराधारा है। निराधारा नाम की एक पूजा भी है। "निराधारा तु संविदि", (सूत संहिता)। निरञ्जना - अञ्जन कहते हैं कालुष्य को, माया को, तमो रूप आवरण को। वह जिससे निकल गया वह निरञ्जना=शुद्ध, मायारहित, मलरहित, आवरणरहित है। मिथ्यारूप अविद्या (माया) के सम्पर्क से रहित होने से यह निरञ्जना है।

निर्लेपा निर्मला नित्या निराकारा निराकुला।
निर्गुणा निष्कला शान्ता निष्कामा निरुपप्लवा ॥४४॥

हिन्दी -

कर्म-सम्बन्ध से मुक्त, आणवादि मलों से रहित या विकार रूप दोषों से रहित, नित्या=कालत्रय से अबाधित, सगुणरूपा होते हुए भी वास्तविक में निराकार, अविद्या के सम्पर्क के होने पर भी चिन्ता से रहित (निराकुला) सत्त्व रजस्, तमस् इन तीनों शरीर धर्मरूपी गुणों से रहित, (निर्गुणा) अंशों से रहित या निर्गुणचित्त, शान्तस्वरूपा, अखिल-कामनाओं से मुक्त और नाश-रहित स्वरूप वाली या पिण्ड-रूपी अण्ड में अमृत का स्रवण कराने वाली देवी ललिता को नमस्कार है ॥४४॥

विमर्श -

लेप का अर्थ है "कर्म के साथ सम्बन्ध"। ज्ञान के कारण जिसका कर्म-सम्बन्ध समाप्त हो गया ऐसी हैं देवी ललिता जी। अर्थात् कर्मफलों से वह लिप्त नहीं होती हैं।

आकुला का अर्थ है - सब का अभाव, या शून्य, या चिन्ता, जहाँ अभाव का अभाव है, शून्य का अभाव है या चिन्ता का अभाव है वह निराकुला है। सम्पूर्ण कामनाओं को स्वयं धारण कर चुकी देवी के लिए तृष्णा=काम, क्या है ? अत एवं उन्हें निष्कामा कहा गया है।

नित्यमुक्ता निर्विकारा निष्प्रपञ्चा निराश्रया।
नित्यशुद्धा नित्युबुद्धा निरवद्या निरन्तरा ॥४५॥

हिन्दी -

जिसके भक्त नित्य मुक्त हैं ऐसे मोक्षस्वरूप-वाली, महत् आदि सांख्य शास्त्रोक्त विकारों से रहित, पृथिव्यादि प्रपञ्च के संकोच विस्तार एवं नाश से रहित, सम्पूर्ण जगत् का आश्रय, जिनका स्वयं कोई आश्रय न हो ऐसे स्वरूप वाली, पापरहित भक्तों से युक्त, अथवा तीनों कालों में मालिन्य का अभाव होने से शुद्धरूप वाली, नित्यबुद्धा=चिद्रूप, या ज्ञानीजन हैं भक्त जिसके, उसे, अविद्याजनित विकारादि से मुक्त होने के कारण अनिन्दित स्वरूप वाली, तथा अन्तर=भेद, से रहित देवी ललिता को नमस्कार है।

निष्कारणा निष्कलङ्का निरुपाधिर्निरीश्वरा।
नीरागा रागमथिनी निर्मदा मदनाशिनी ॥४६ ॥

हिन्दी -

जो स्वयं सभी का कारण है, तथा उनका कोई कारण नहीं है, अपवाद या पाप से रहित, अविद्यारूप-उपाधि से भिन्न, स्वयं में सम्पूर्ण ऐश्वर्यवाली होने से ईश्वरत्वाभाववाली, राग=प्रीति या इच्छा, उस से रहित, भक्तों के विषयानुराग को वैराग्य प्रदान कर नष्ट करने वाली, मोह का कारण रूप या स्तब्धतारूप चित्तवृत्ति का अभाववाली (नर्मदा) तथा सेवकों के मद को नष्ट करने वाली देवी ललिता को नमस्कार है ॥४६ ॥

विमर्श -

देवी सभी का मूल कारण हैं, उनका कोई उपादान या निमित्तकारण नहीं है, अत एव वे निष्कारणा हैं। ईश्वर के जितने ऐश्वर्यादि हैं वे सभी उनमें समाहित हैं। वे ईश्वरों के भी ईश्वर हैं, तथा ईश्वरत्व-सामान्य उनमें नहीं है। अत एव वे निरीश्वरा हैं। रागमथिनी - भक्तों के राग को वैराग्य प्रदान कर नष्ट करने के कारण देवी रागमथिनी है। मद को नष्ट करने वाली है। "रागद्वेषाभिनिवेशाः क्लेशाः", यह सूत्र राग, द्वेष आदि में प्रवृत्ति को क्लेश मानता है। देवी, भक्तों के राग-द्वेषादि को नष्ट कर उनके क्लेश का भी शमन करती हैं।

निश्चिन्ता निरहंकारा निर्मोहा मोहनाशिनी।
निर्ममा ममताहन्त्री निष्पापा पापनाशिनी ॥४७ ॥

हिन्दी -

चिन्ता-मुक्त, त्रिविध अंहकार (वैकारिक, तैजस, भूतादि) से रहित, मोह से रहित, तथा भक्तों के मोह को नष्ट करने वाली, ममत्वरूप - अहङ्कार (यह मेरा है) से रहित, मेरा यह है इस अभिमानभाव (ममता) को नष्ट करने वाली, पापरहित भक्तों के पापों को नष्ट करने वाली श्रीललिता को नमस्कार है ॥४७ ॥

विमर्श -

दुःख को उत्पन्न करने वाली स्मृति को चिन्ता कहते हैं। आनन्दस्वरूपा होने के कारण वे चिन्ता से रहित हैं। मोह कहते हैं स्मृति को बान्धने वाली स्मृति को, विषयानुराग को। देवी विषयानुराग से रहित होने के कारण निर्मोहा हैं। मम=यह मेरा है, इस प्रकार के अभिमानविशेष से रहित होने के कारण देवी "निर्ममा" हैं। भक्तों के पापों का नाश करने वाली होने से यह पापनाशिनी है। कहा गया है कि - "मेरुपर्वतमात्रोऽपि राशिः पापस्य कर्मणः। कात्यायनीं समासाद्य नश्यति क्षणमात्रतः।" मेरुपर्वत-सदृश पापकर्मों की राशि भी कात्यायनी को पाने पर क्षणमात्र में नष्ट हो जाती है।

निष्क्रोधा क्रोधशमनी निर्लोभा लोभनाशिनी।
निःसंशया संशयघ्नी निर्भवा भवनाशिनी ॥४८ ॥

हिन्दी -

क्रोध-रहित, भक्तों के अरिषड्वर्गान्तर्गत क्रोध को शान्त करने वाली, लोभ से सर्वथा रहित, तथा भक्तों के लोभ को नष्ट करने वाली, संशयरहित, तथा भक्तों के संशयों को नष्ट करने वाली, उत्पत्ति से रहित तथा भक्तों की उत्पत्ति को या संसारबन्धन को नष्ट करने वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है ॥४८ ॥

विमर्श -

द्वेष क्रोध का मूल है। देवी के द्वेष्य का अभाव होने से वे निष्क्रोधा हैं। अरिषड्वर्ग में क्रोध भी है। भक्तों के शत्रुरूपी क्रोध को नष्ट करने वाली देवी है, अत एव वे क्रोध शमनी हैं। लोभ सभी गुणों को नष्ट करता है। अत एव वे भक्तों के लोभ को नष्ट करती हैं। अत्यन्त उदार होने के कारण स्वयं निर्लोभा हैं। देवी अनादि परं ब्रह्म हैं, अत एव उत्पत्ति रहित=निर्भवा हैं। भक्तों के भव=उत्पत्ति, या संसारबन्ध को नष्ट कर मुक्ति देने से भवनाशिनी है।

निर्विकल्पा निराबाधा निर्भेदा भेदनाशिनी।
निर्नाशा मृत्युमथिनी निष्क्रिया निष्परिग्रहा ॥४९ ॥

हिन्दी -

सविकल्पक ज्ञान से रहित (नित्य ज्ञान का विषय) समस्त बाधाओं (वर्जनाओं) से रहित, (सर्वात्म स्वरूप होने से) भेद रहित, तथा भक्तों के भेद (द्वैतज्ञान) को नष्ट करने वाली, नाशरहित, भक्तों की मृत्यु को मथकर नष्ट करने वाली, विहित एवं निषिद्ध, दोनों प्रकार की क्रियाओं से मुक्त, तथा सभी प्रकार के परिग्रहों से रहित श्रीललिताम्बा को नमस्कार है ॥४९ ॥

विमर्श -

शून्य-विषयक शब्दजन्य ज्ञान विकल्प है। उससे रहित होने के कारण देवी नित्य ज्ञानरूपा हैं। अत एव निर्विकल्पा हैं। अथवा विरुद्ध कल्प हुआ विकल्प, उससे रहित है। अपने विरुद्ध पक्षान्तर का अभाव होने से निर्विकल्पा हैं। विहित एवं निषिद्ध क्रियाओं से रहित होने के कारण ये निष्क्रिया हैं। कहा गया है कि - "अशरीरं वावसन्तं न प्रियाप्रिये स्पृशतः"। अथवा क्रिया में अन्वय के बिना ही कर्ता आदि कारक-भाव को प्राप्त करने से देवी निष्क्रिया हैं।

निस्तुला नीलचिकुरा निरपाया निरव्यया।
दुर्लभा दुर्गमा दुर्गा दुःखहन्त्री सुखप्रदा ॥५० ॥

हिन्दी -

उपमारहित = अनुपम, नील केशोंवाली, अपायरहित, अतिक्रम, दण्ड, विनाश, विश्लेषादि (अत्यय) रहित, बाह्य प्रयत्नों से अप्राप्य होने से दुर्लभा, कष्टपूर्वक जानने योग्य, (बाह्य ज्ञान से नहीं जानने योग्य) दुर्गदैत्य का वध करने वाली, भक्तों के सांसारिक दुखों को नष्ट करने वाली, तथा ऐहिक पारलौकिक व कैवल्यरूप सुखों को अतिशय प्रदान करने वाली देवी ललिता जी को नमस्कार है ॥५० ॥

दुष्टदूरा दुराचारशमनी दोषवर्जिता।
सर्वज्ञा सान्द्रकरुणा समानाधिकवर्जिता ॥५१ ॥

हिन्दी -

दुष्टों के लिए अप्राप्य, दुराचार (शास्त्रविरूद्ध आचरण) को दबाने वाली, राग-द्वेषादि दोषों से सर्वथा रहित, सब कुछ जानने वाली, भक्तों पर अतिशय करुणा दिखाने वाली, सर्वोत्तम होने से समान और अधिक से रहित देवी श्रीललिता को नमस्कार है।

विमर्श -

दोषयुक्त व्यक्तिं दुष्ट कहलाता है। उनके लिए देवी अप्राप्य हैं। कहा गया है कि - "न भजन्ति कुतर्कज्ञा देवीं विश्वेश्वरीं शिवाम्"। शास्त्र विरुद्ध आचार या भक्तों के दुराचार को शमन करने वाली है देवी। वर्तमान, अतीत एवं भविष्यत् तीनों को जानने के कारण देवी सर्वज्ञा हैं। समानाधिक वर्जिता = उनके समान या उनसे अधिक कोई नहीं है, वे सर्वोत्तम हैं, अत एव उन्हें "समानाधिकवर्जिता" कहा है।

सर्वशक्तिमयी सर्वमङ्गला सद्गतिप्रदा।
सर्वेश्वरी सर्वमयी सर्वमन्त्रस्वरूपिणी ॥५२॥

हिन्दी -

बाला, बगला आदि सभी शक्तियों वाली, या सभी देव समूहों की शक्तिरूपा; भक्तों के लिए समग्र मङ्गल वाली, स्वर्ग से मोक्ष तक की उत्तम गति को प्रदान करने वाली, पिपीलिका से ब्रह्म पर्यन्त, सभी की स्वामिनी, पृथिवी आदि से लेकर शिव तक सभी तत्वों से अभिन्न, तथा सात करोड़ मन्त्र हैं स्वरूप जिसके, उस देवी श्रीललिता जी को नमस्कार है ॥५२॥

विमर्श -

उन्हीं की शक्ति होने के कारण बाला, बगला आदि देवियाँ ललिता जी से अभिन्न हैं। अत एव ललिता जी सर्वशक्तिमयी है। यहां मयट् प्रत्यय अभेदार्थक है। स्वर्ग से लेकर मोक्षान्त-गति सद्गति है। उनको देने वाली होने से सद्गतिप्रदा हैं देवी। सर्वमन्त्रस्वरूपिणी = मूलविद्या से उत्पन्न सात करोड़ मन्त्र हैं;- "सप्तकोटिमहामन्त्रैर्मूलविद्यासमुद्भवैः। मन्त्राध्वा सन्धिरात्मासौ विचिन्त्यः पार्वतीपतेः"। सात करोड़ मन्त्र भी इनका ही स्वरूप है।

सर्वयन्त्रात्मिका सर्वतन्त्ररूपा मनोन्मनी।
माहेश्वरी महादेवी महालक्ष्मीर्मृडप्रिया ॥५३॥

हिन्दी -

घट, अर्गला, आदि यन्त्रों के स्वरूप वाली, वामकेश्वर आदि चौंसठ भेदों वाले तन्त्र ही शरीर हैं जिसके, उसको, या तन्त्रों से जानने योग्य, विषयासक्ति रहित हृदय में निरुद्ध मनवाली, महेश्वर की शक्तिभूता, महादेवी, (महादेव की पत्नी) अम्बिका की अंशभूता महालक्ष्मी, या महाविष्णु की पत्नी, परमशिव (मृड) की प्रिया देवी ललिता को प्रणाम है ॥५३ ॥

विमर्श -

घट, अर्गला आदि यन्त्र देवी का अपना स्वरूप माना गया है तथा वामकेश्वर आदि सर्वतन्त्र जो चौंसठ प्रकार के हैं, वे भी देवी का अपना रूप है। या– उन तन्त्रों से देवी के स्वरूप का बोध होता है। अतः वे सर्वयन्त्रात्मिका व सर्वतन्त्ररूपा हैं। मनोन्मनी = विषयों की आसक्ति से रहित तथा हृदय में निरुद्ध योगियों का मन "मनोन्मनी" कहलाता है। यह पुरुषार्थ का साधन होने से आत्म-शक्तिरूप है। देवी का भी वह स्वरूप है। 'स्वच्छन्द-संग्रह' में भ्रूमध्य से आठवाँ तथा ब्रह्मरन्ध्र के नीचे के स्थान को "मनोन्मनी" कहा गया है। यह निर्विकल्पा शिवशक्ति भी है। संकल्पविकल्प से शून्य मन भी "मनोन्मनी" कहलाता है। भूतों का ईश्वर महेश्वर है। यह महेश्वर की माहेश्वरी-शक्ति, या पत्नी है। चन्द्र-मूर्ति महादेव हैं, या प्रमाणों से अज्ञेय शरीर वाला होने से महादेव हैं। महादेव की यह दयिता है। करवीर में स्थित देवी को महालक्ष्मी कहते हैं। महाविष्णु की यह पत्नी है। 'मैलार-तन्त्र' में कहा गया है कि महाल नामक दैत्य को समाप्त करने वाली महालसा, महालक्ष्मी है। यह अम्बिका के अंश से प्रादुर्भूत है। यह महालक्ष्मी शिवपुराण में 'श्यामा' एवं "सर्वमनोहरा" नाम से भी प्रसिद्ध है।

महारूपा महापूज्या महापातकनाशिनी।
महामाया महासत्त्वा महाशक्तिर्महारतिः ॥५४॥

हिन्दी -

चार रूपों (प्रधान, पुरुष, व्यक्त, काल) से भी उत्कृष्ट (महा) रूपवाली, पूज्यों के भी पूजनीया, (महापूज्या) ब्रह्म-हत्यादि महापातकों को भी नष्ट करने वाली, महान् ब्रह्मा आदि को मोहने वाली महामाया, या अधिक कृपा वाली, जगत् का निर्वाह करने हेतु विस्तृत एवं विविध बल वाली, महती शक्ति से युक्त, तथा ज्ञानियों की अधिक प्रीति है जिसमें; उस देवी ललिता को नमस्कार है ॥५४ ॥

विमर्श -

महारूपा - परब्रह्म का रूप महारूप है, या महत्तत्व से अपरिच्छिन्न रूप महारूप है। प्रधान, पुरुष, व्यक्त एवं काल इन चार रूपों से उत्कृष्ट रूपवाली देवी महारूपा है। ब्रह्मादि श्रेष्ठों को भी मोहने के कारण यह "महामाया" है। कहा भी गया है -"बलादाकृष्य मोहाय महामाया प्रयच्छति"। महारति- ज्ञानियों की इस देवी में अधिक प्रीति है, या यह महाकामसुन्दरी होने से महारति है।

महाभोगा महैश्वर्या महावीर्या महाबला।
महाबुद्धिर्महासिद्धिर्महायोगेश्वरेश्वरी ॥५५ ॥

हिन्दी -

पृथिव्यादि महत्-विस्तार से युक्त, या महासुख, भोग व धन से युक्त (महोभागा) महद् = ऐश्वर्य-विभूति, से युक्त, अत्यधिक शुक्रादिवीर्य = प्रभाव, से युक्त, गन्धादि महान् सैन्यबल वाली, उत्कृष्ट बुद्धिस्वरूपा (जिस बुद्धि के उत्पन्न होने पर कुछ जानने योग्य नहीं रहता, वह बुद्धि महाबुद्धि है) अणिमादि महासिद्धि वाली (या उत्कृष्ट सिद्धि देने वाली) बड़े बड़े योगेश्वरों की भी स्वामिनी देवी ललिता को नमस्कार है ॥५५ ॥

विमर्श -

महान् आभोग = पृथिवी आदि का विस्तार, है जिससे वह, या महान् भोग, सुख, धन, जिससे मिलते हैं वह महाभोगा (देवी) है। ऐसी बुद्धि महाबुद्धि है, जिसके होने पर कुछ भी जानना शेष नहीं रहता है। या महती बुद्धि जिससे प्राप्त हो वह महाबुद्धि है।

महातन्त्रा महामन्त्रा महायन्त्रा महासना।
महायागक्रमाराध्या महाभैरवपूजिता ॥५६ ॥

हिन्दी -

महाफल देने वाले कुलार्णव, महार्णव-तन्त्रों वाली, स्वतन्त्र तन्त्रवाली, बाला; बगला आदि महामन्त्रों वाली, या श्रीविद्यारूप मन्त्रवाली, पूजाचक्र, पद्मचक्र, अमृतघट, मेरुलिङ्ग आदि महायन्त्रों वाली, या "सिद्धिवज्र" नामक सर्वोत्तम यन्त्रवाली, पृथिव्यादि छत्तीस तत्वरूप महान् आसनवाली, मातङ्गी, वाराही, बाला आदि चौंसठ योगिनियों की पूजा के क्रम से (महायागक्रम) आराधना की जाने वाली, अथवा भावनोपनिषद् द्वारा प्रतिपादित रहस्यतर याग

ही महायाग है, उस महायाग के क्रम से आराध्या, तथा सृष्टि, स्थिति, एवं संहारकारी, परमशिवरूप महाभैरव से पूजित देवी ललिता को नमस्कार है ॥५६ ॥

विर्मश -

बाला, बगला आदि मन्त्र महामन्त्र हैं। भगवती ललिता सभी छत्तीस तत्वों को आधार बनाती हैं, अतः महासना है। भरण, रमण व वमनकर्ता, सृष्टि-स्थिति-संहृतिकारी परशिव को भैरव कहते हैं। वही भैरव महान् है। महाभैरव से देवी पूजित है।

महेश्वरमहाकल्पमहाताण्डवसाक्षिणी।
महाकामेशमहिषी महात्रिपुरसुन्दरी॥ ५७॥

हिन्दी -

महेश्वर द्वारा महाप्रलय की अवस्था में किए गए महा-ताण्डव नृत्त की एक मात्र साक्षी, महाकामेश=परशिव की महारानी, (पत्नी) ऊर्ध्व, मध्य, तथा अधोलोक रूपी त्रिपुर=तीन नगरियों, की एकमात्र महासुन्दरी, देवी को या माता, मान एवं मेय-रूप तीन पुरों (नगरों) की महासुन्दरी देवी ललिता को नमस्कार है ॥५७ ॥

विमर्श -

महाप्रलय की दशा में विश्व का संहार होने पर एकमात्र शिव के बचने पर महाताण्डव द्वारा स्वयं शिव उत्पन्न हुए आनन्द को प्रदर्शित करते हैं। उस समय अन्य किसी भी जीव का अभाव हो जाता है। शिव की शक्ति-रूपा देवी उन्हीं में संयुक्त व्र समाहित होकर महाताण्डव को देखती है। अतः देवी को महाताण्डव की साक्षिणी माना है। पञ्चदशीस्तव में कहा भी गया है- "कल्पोपसंहरणकल्पितताण्डवस्य देवस्य खण्डपरशोः परभैरवस्य। पाशाङ्कुशैक्षवशरासनपुष्पबाणैः सा साक्षिणी विजयते तव मूर्तिरेका"।

चतुःषष्ट्युपचाराढ्या चतुःषष्टिकलामयी।
महाचतुःषष्टिकोटियोगिनीगणसेविता॥५८॥

हिन्दी -

चौंसठ प्रकार की उपासनाओं (उपचार) या अनुष्ठानों से सम्पन्न, वेद उपवेद गीतादि चौंसठ कलाओं वाली, उत्कृष्ट चौंसठ करोड़ योगिनी-गणों से सेवित देवी श्री ललिता को नमस्कार है ॥५८ ॥

विमर्श -

कल्पसूत्र में परशुराम ने चौंसठ उपचारों का वर्णन किया है। अन्य तन्त्र में आठ विशेष उपचार भी बताए गए हैं। पूजा-प्रकरण में चौंसठ उपचारों (अनुष्ठानों) के साथ देवी की पूजा की जाती है। अत एव देवी उन उपचारों के कारण धनशालिनी है। वेदादि-शास्त्र, गज-अश्वारोहणादि, गीतादि, रत्नपरीक्षा, चौर्य, धातुपरीक्षा आदि चौंसठ कलाएँ हैं। देवी चौंसठ कलास्वरूपा हैं। ब्राह्मी आदि अष्टमातृकाओं के मध्य प्रत्येक के अंश से आठ आठ योगिनी-शक्ति प्रादुर्भूत होकर चौंसठ बनीं। उन चौंसठ योगिनियों के अपने अंशभूत करोड़-संख्या में गण प्रादुर्भूत हुए। उन विशिष्ट चौंसठ करोड़ योगिनियों के गण से देवी सेवित हैं। तन्त्रराज में कहा गया है कि - "ललिताचक्रनवके प्रत्येकं शक्तयः प्रिये। चतुःषष्टिपरिमिताः कोट्यः", इति।

मनुविद्या चन्द्रविद्या चन्द्रमण्डलमध्यगा।
चारुरूपा चारुहासा चारुचन्द्रकलाधरा ॥५९ ॥

हिन्दी -

मनु द्वारा उपासित विद्यास्वरूप वाली, तथा चन्द्र द्वारा उपासित विद्यास्वरूपा (द्वादशविद्यारूपा) चन्द्रमण्डल के मध्य में ध्येयभाव से जाने वाली, सुन्दररूप वाली, सुन्दर हासवाली, सुन्दर चन्द्र की कला (वृद्धि व क्षयरहित चन्द्र की कला) को धारण करने वाली देवी ललिता को नमस्कार है ॥५९ ॥

विमर्श -

देवी के मनु, चन्द्र, कुबेर, लोपामुद्रा, मन्मथ, अगस्ति, अग्नि, सूर्य, इन्द्र, स्कन्द, शिव, एवं क्रोधभट्टारक, ये बारह उपासक हैं। इनमें मनु एवं चन्द्र द्वारा उपासित विद्या का स्वरूप (श्रीविद्या का प्रस्तार) देवी का अपना स्वरूप है; अत एव वे मनुविद्या व चन्द्र-विद्या हैं। सायंकालीन सन्ध्यावन्दन में आयुष्कर प्रयोग में चन्द्रमण्डल में देवी का ध्यान किया जाता है। अत एव वे चन्द्र-मण्डल मध्यगा हैं। वृद्धि व क्षयरहित चन्द्र की कला को चारु=सुन्दर, माना गया है। उसको धारण करने के कारण देवी को 'चारुचन्द्रकलाधरा' कहा गया है।

चराचरजगन्नाथा चक्रराजनिकेतना।
पार्वती पद्मनयना पद्मरागसमप्रभा ॥६० ॥

हिन्दी -

चराचर (स्थावर एवं जङ्गम) संसार की स्वामिनी, त्रैलोक्य को मोहित करने वाले नये चक्रराज (श्री चक्र) पर निवास करने वाली, पर्वतराज की पुत्री

पार्वती, कमल सदृश नयनवाली, और पद्मराग-मणि के समान ईषद् रक्तकान्ति युक्त नेत्रों वाली, देवी श्रीललिता को नमस्कार है ॥६०॥

पञ्चप्रेतासनासीना पञ्चब्रह्मस्वरूपिणी।
चिन्मयी परमानन्दा विज्ञानघनरूपिणी ॥६१॥

हिन्दी -

ब्रह्मा विष्णु रुद्र ईश्वर और सदाशिव ये सभी अपनी अपनी शक्ति के अभाव में धर्मी के अंश से, या कार्यक्षम न होने के कारण वामांश से प्रेत हो जाते हैं। उन ब्रह्मादि पञ्चप्रेतों से कल्पित आसन पर आसीन, ब्रह्म, विष्णु, रुद्र, ईश्वर और सदाशिवरूप पञ्चब्रह्मों की स्वरूपवाली, चिद्रूपा, परमानन्दस्वरूपा, तथा एकमात्र चैतन्य रूप वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है ॥६१॥

विमर्श -

"वामा शक्तिस्तु सा ज्ञेया ब्रह्मा प्रेतो न संशयः"। इस 'ज्ञानार्णव' वचन के अनुसार उपर्युक्त ब्रह्मादि-पञ्चप्रेत माने गये हैं तथा त्रिपुरसिद्धान्त के अनुसार ब्रह्म विष्णु रुद्र ईश्वर और सदाशिव का ब्रह्मकोटि में अन्तर्भाव है। ये सभी रूप देवी के हैं। यां, —शब्द आदि पञ्चतन्मात्राएँ ब्रह्मस्वरूप हैं, उनसे आकाशादि पाँच महाभूतों की उत्पत्ति देवी करती हैं। अतः वे 'पञ्च तन्मात्रा-स्वरूपा' भी हैं। विज्ञानघनरूपिणी = विज्ञान का अर्थ है चैतन्य। घन का अर्थ घना या एकरस है। चैतन्य ही एकमात्र रूप है जिसका, उस देवी को नमस्कार कहा गया है।

ध्यानध्यातृध्ययेरूपा धर्माधर्मविवर्जिता।
विश्वरूपा जागरिणी स्वपन्ती तैजसात्मिका ॥६२॥

हिन्दी -

ध्यान (मानसज्ञान) रूपा, ध्यातारूपा एवं ध्येय=विषयरूपा, धर्म और अधर्म (पापपुण्य) से वर्जित, विश्व (स्थूल उपाधि से उपहित चैतन्य) रूपवाली, बाह्येन्द्रिय-विलास-युक्त (जागरिणी) स्वप्नदशा को प्राप्त जीव से अभिन्न स्वरूपवाली, तथा जाग्रत् अवस्था को प्राप्त जीव से अभिन्न स्वरूप वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है।

विमर्श -

जागरिणी = बाह्येन्द्रिय से देखने योग्य साधारण सृष्टिं को "जागर" कहते हैं। अर्थात् स्थूल शरीराभिमानी जीव। उससे अभिन्न स्वरूप देवी का

है। अतः वे जागरिणी हैं। स्वपन्ती = स्वप्नदशा को प्राप्त तैजसनामक सूक्ष्म शरीर-व्यष्टि (एक) का अभिमानी जीव, स्वप्न पद का अर्थ है। उस जीव से अभिन्न-स्वरूप होने से वह देवी स्वपन्ती है। तैजसात्मिका = तैजस नामक सूक्ष्म-शरीर समूहधारी जीव "हिरण्यगर्भ" है। हिरण्यगर्भ है आत्मा = स्वरूप, जिस का वह देवी तैजसात्मिका हई।

सुप्तां प्राज्ञात्मिका तुर्या सर्वावस्थाविवर्जिता।
सृष्टिकर्त्री ब्रह्मरूपा गोप्त्री गोविन्दरूपिणी ॥६३ ॥

हिन्दी -

सुषुप्ति-अवस्था की अभिमानवाली, प्राज्ञ = जीवसमष्टिभूत ईश्वर-स्वरूप वाली, तुर्यावस्था-प्राप्त चैतन्यरूपा, शुद्ध संवित्-मात्र रूप होने के कारण जाग्रत्, सुषुप्ति, स्वप्न एवं तुर्यावस्था से रहित, ब्रह्मा-स्वरूप वाली तथा सृष्टि करने वाली, रक्षा करने वाली एवं विष्णुस्वरूपिणी देवी श्रीललिता को नमस्कार है ॥६३ ॥

विमर्श -

अविवेक व माया सौषुप्त है। कारणशरीर-व्यष्टि का अभिमानी जीव सुप्त है, तथा कारणशरीर की समष्टि = जीव, ईश्वररूप आत्मा है। देवी व्यष्टि एवं समष्टि उभयरूपा हैं, अतः सुप्ता व प्राज्ञात्मिका हैं। जाग्रत्, सुषुप्ति व स्वप्नावस्था से भिन्न शुद्धविद्योदय की अवस्था तुर्य है। या तीनों अवस्थाओं वाला महाकारण-शरीर का अभिमानी जीव तुर्य है। उस तुर्य की व्यष्टि एवं समष्टि से अभिन्न होने के कारण देवी तुर्या हैं। ब्रह्मरूपा, गोप्त्री एवं गोविन्दरूपिणी पदों के द्वारा देवी को सृष्टि-कारक ब्रह्मा, रक्षणकारक शिव, तथा विष्णु इन सभी का सम्मिलित-स्वरूप वाली बताया गया है।

संहारिणी रुद्ररूपा तिरोधानकरीश्वरी।
सदाशिवाऽनुग्रहदा पञ्चकृत्यपरायणा ॥६४ ॥

हिन्दी -

जगत् का संहार करने वाली, रुद्र (पशुपति) स्वरूप वाली, तिरोधान (परमाणु आदि का प्रकृति में लय) करने वाली शक्तिरूपा (तिरस्करिणी नामक विशेष शक्ति-स्वरूप वाली) शुद्ध सत्व-प्रधान ईश्वर (सदाशिव) स्वरूपवाली, या सदा कल्याणकारिणी, ध्वंस हुए संसार की पुनः सृष्टि के लिए प्रारम्भिक चेष्टारूप अनुग्रह (कृपा) करने वाली, तथा उक्त पाँच कृत्यों की आश्रयभूता देवी श्रीललिता को नमस्कार है ॥६४ ॥

भानुमण्डलमध्यस्था भैरवी भगमालिनी।
पद्मासना भगवती पद्मनाभसहोदरी ॥६५ ॥

हिन्दी -

भानु-मण्डल के मध्य में स्थित भैरव = परमशिव की स्त्री, या बारह वर्षीय कन्यारूपा, षड्गुणों को (भग) धारण करने वाली, पद्मासन वाली, या भक्तों को बाँट कर लक्ष्मी देने वाली, ऐश्वर्यशालिनी (भगवती) तथा पद्मनाभ = विष्णु, की सहोदरी = भगिनी, श्रीललिता को नमस्कार है ॥६५ ॥

विमर्श -

संध्या करते समय देवी का ध्यान भानुमण्डल पर होता है, अतः उन्हें भानुमण्डलमध्यस्था कहा है। भैरवी शिवानी है, तथा द्वादशवर्षीय कन्या भी, "द्वादशाब्दा तु भैरवी"। भग नाम है ऐश्वर्य, धर्म, यश, श्री, और ज्ञान-विज्ञान का। इनको धारण करने के कारण देवी को भगमालिनी कहा है। पद्मासना = पद्मां सनति, विभज्य ददाति, षणु संभक्तौ से सना बना है। लक्ष्मी को बाँट कर अपने भक्तों को देने वाली देवी पद्मासना है। एक ही ब्रह्म धर्म तथा धर्मी इन दो रूपों को प्राप्त हुआ। धर्म पुमान् और स्त्री के रूप में दो भागों में बँटा। पुमान् विष्णु हुए, तथा परमशिव का महिषी-भाव हुआ स्त्री। अतः ललिता जी को विष्णु की "सहोदरी" बताया गया है।

उन्मेषनिमिषोत्पन्नविपन्नभुवनावली।
सहस्रशीर्षवदना सहस्राक्षी सहस्रपात् ॥६६ ॥

हिन्दी -

नेत्र के खोलने एवं बन्द करने के क्रम से भुवनों (लोकों) की पंक्ति को उत्पन्न करने वाली तथा नष्ट करने वाली, अनन्त (सहस्र) मस्तकों एवं मुखों वाली, अनन्त नेत्रों वाली एवं अनन्त चरणों वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है ॥६६ ॥

विमर्श -

देवी के नेत्र खोलने मात्र से सभी लोक उत्पन्न होते हैं, तथा नेत्र बन्द करने मात्र से सभी लोक विनष्ट हो जाते हैं। इच्छा-मात्र ही उत्पत्ति एवं नाश का कारण है। श्लोक में सहस्र पद अनन्त अर्थ का उपलक्षक है।

आब्रह्मकीटजननी वर्णाश्रमविधायिनी।
निजाज्ञारूपनिगमा पुण्यापुण्यफलप्रदा ॥६७ ॥

हिन्दी -

हिरण्यगर्भ से लेकर अतीन्द्रिय कीटों की भी जननी, वर्ण और आश्रम की तथा वर्णधर्म एवं वर्णाश्रमधर्म की व्यवस्था करने वाली, तथा वेदादि शास्त्र जिनकी स्वकीय आज्ञारूप हैं उसे, व विहित तथा निषिद्धकर्म से उत्पन्न होने वाले सुख व दुःख-रूप अदृष्ट फल को देने वाली देवी ललिता जी को नमस्कार है ॥६७ ॥

विमर्श -

सभी जीवों की समष्टि-स्थूलरूप हिरण्यमर्भ नामक जीव ब्रह्मा कहलाता है। उसी ब्रह्मा से लोकसृष्टि प्रारम्भ होती है। सृष्टि के कारणीभूत ब्रंह्मादि से लेकर कीट तक की जननी देवी ललिता हैं, क्योंकि ब्रह्मादि भी उन्हीं की आज्ञा से सृष्टि में प्रवृत्त होते हैं। पुण्य = विहित कर्म, अपुण्य = निषिद्ध कर्म, उन दोनों के फल सुख-दुःख हैं, जो अदृष्ट हैं। स्वर्ग और नरक-प्राप्ति रूप फल भी अदृष्ट ही हैं। उसको प्रदान करने वाली देवी पुण्यापुण्यफलप्रदा हैं।

श्रुतिसीमन्तसिन्दूरीकृतपादाब्जधूलिका।
सकलागमसंदोहशुक्तिसंपुटमौक्तिका ॥६८ ॥

हिन्दी -

स्त्रियों के केशविन्यास के मध्य स्थित सिन्दूर के समान श्रुति, उपनिषद् के भागों में तदन्तर्गत रहस्य अर्थों को जिनके चरण कमल की धूलि सिन्दूरवत् प्रतिपादित कर रही है, उस देवी को, तथा साङ्गोपाङ्ग वेद-समूह रूप शुक्तियों से सम्पुटित नासिका के आभरण (मौक्तिक) वाली देवी ललिता को नमस्कार है ॥६८ ॥

विमर्श -

श्रुति स्त्री रूपा है तथा सीमन्त उसका केशविन्यास है। इस कथन के द्वारा रूपक की प्रस्तुति की गई हैं। श्रुतिशब्द के स्त्रीलिङ्ग होने से अप्रस्तुत नायिका के अलङ्करण की प्रतीति होने से समासोक्ति भी है। श्रुति = वेद का ऊपरी भाग उपनिषद् हैं। उन उपनिषदों के रहस्यतर अर्थों को देवी के चरण कमल के रज ने सिन्दूरवत् बना दिया है। अर्थात् उनको अलङ्करण बना दिया है। सकल आगम, अर्थात् वेदों का समूह ही शुक्ति है, उस वेदरूपी शुक्ति में मोती के समान देवी स्थित हैं, यह अर्थ हुआ द्वितीय- पंक्ति का। अर्थात् वेदादि के मध्य देवी का ही महत्वपूर्ण वर्णन है। या वेद समूह-रूप

शुक्ति से देवी का नासिकाभरण सम्पुटित है। अर्थात् वेदादि उनके मुखादि स्वरूप का वर्णन करने में असमर्थ हैं। वे उनके अलङ्कारों के वर्णन तक ही सीमित हैं।

पुरुषार्थप्रदा पूर्णा भोगिनी भुवनेश्वरी।
अम्बिकाऽनादिनिधना हरिब्रह्मेन्द्रसेविता॥ ६९॥

हिन्दी -

धर्म अर्थ काम व मोक्ष इन चार पुरुषार्थों को प्रदान करने वाली, देश काल व वस्तु द्वारा निर्धारण नहीं किए जाने के कारण या उनकी सीमा में नहीं आने योग्य होने से पूर्णा, सुखादिसाक्षात्कार वाली, या नागकन्यारूपा, चौदह लोकों की स्वामिनी, अम्बिका = जगन्माता, जन्म-मृत्यु रहित, (अनादिनिधना) विष्णु ब्रह्मा तथा इन्द्र से सेवित देवी श्रीललिता जी को नमस्कार है ॥६९॥

विमर्श -

देश, कालादि से परिच्छिन्न नहीं होने के कारण देवी पूर्णा हैं। या पंचमी दशमी पंचदशी तिथि जो पूर्णा तिथि है, तत्स्वरूपा हैं। या— शुक्लपक्ष की चतुर्दशी-रात्रि-स्वरूपा हैं या— नदी-विशेष रूपा हैं। ये सभी अर्थ पूर्ण शब्द के हैं। अम्बिका = इच्छा, ज्ञान एवं क्रियाशक्ति की समष्टि, अम्बिका है, भारती, पृथ्वी व रुद्राणी जगन्माता हैं, इच्छाशक्ति-रूपा भारती, ज्ञानशक्ति-रूपा पृथ्वी व क्रिया-शक्ति-रूपा रुद्राणी, इन तीनों की समष्टि अम्बिका हैं। या— रात्रि-रूपा, निद्रारूपा देवी अम्बिका है। "अम्बिका कैतवे सिद्धे निद्रायां निशि कीर्त्यते"। (विश्वकोष)

नारायणी नादरूपा नामरूपविवर्जिता।
ह्रींकारी ह्रीमती हृद्या हेयोपादेयवर्जिता॥ ७०॥

हिन्दी -

नर के अपत्य नारायण = शिव, की पत्नी या विष्णु की भगिनी, नादस्वरूपा, अस्ति, भाति, प्रिय, नाम एवं रूप इन पाँच अंशों में नाम और रूप से रहित, लज्जाकरी "ह्रीं" इस माया बीज-स्वरूप वाली (भुवनेश्वरी बीज-स्वरूपा) लज्जायुक्ता, भक्तों, मुनियों के हृदय में निवास करने वाली या स्पृहणीया; त्याज्य एवं ग्राह्य-भाव से रहित देवी श्रीललिता जी को नमस्कार है ॥६०॥

विमर्श -

नारायणी- नरस्यापत्यम् नारायणः, शिव या विष्णु। उसकी यह, नारायणी हुई। अथवा 'नराणाम् अयनं यस्मात्' इस व्युत्पत्ति से नारायण बना। नयतीति नरः, नृ नये से बना। नर परमात्मा है। नर का यह जीव "नार" है। या नर से उत्पन्न तत्त्व नार है। नार ही अयन है जिसका वह नारायण हुआ। नारायण की पत्नी नारायणी, या पुंयोगात् सूत्र की प्रवृत्ति पितृ-पुत्री भावादि सम्बन्ध में भी होने से नारायण की भगिनी नारायणी हुई। या नर-नारियों को उत्पन्न करने वाली देवी नारायणी है। नादरूपा = ह्रींकार-आदि में बिन्दु के ऊपर अर्धचन्द्र रोधनी आदि शक्ति को व्याप्त करने वाली समनोन्मनी के नाम से सूक्ष्म, सूक्ष्मतर, एवं सूक्ष्मतम आठ वर्णों में तीसरा वर्ण नाद है। यह करोड़ों सूर्य की प्रभावाला असंख्य पुरों से घिरा है। उसमें देवी का ध्यान किया जाता है। अतः देवी नादरूपा है। "अस्ति भाति प्रियं नाम रूपम्" इस पंचांश में आद्य तीन, ब्रह्म-स्वरूप हैं शेष दो जगद्रूप हैं। जगद्रूप = नाम, रूप, मिथ्या माने गये हैं। देवी उससे रहित हैं।

राजराजार्चिता राज्ञी रम्या राजीवलोचना।
रञ्जनी रमणी रस्या रणत्किङ्किणिमेखला॥७१॥

हिन्दी -

राजराज = मनु, कुबेर, और इन्द्रादि द्वारा पूजिता, या कुबेरादि-विद्या-स्वरूपा, (कामेश्वर की महिषी होने से) महारानी, सौन्दर्यमयी, कमल, हिरण, या मीन जैसी नेत्रों वाली, भक्तों को प्रसन्न करने वाली, या स्फटिक-समान परमशिव, को जपाकुसुमादि की तरह, सान्निध्यमात्र से आनन्दित करने वाली, भक्तों को रमण कराने वाली, योगियों के आस्वादन-योग्य रस के सदृश, तथा मधुर शब्द करती छोटी घंटियों से युक्त मेखला वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥७१॥

विमर्श -

राजराज नाम है मनु का, कुबेर का और इन्द्रादि का, उनसे पूजित हैं देवी। राजीव पद का अर्थ कमल, हिरण और मत्स्य है। "राजीवाख्या मृगे मत्स्ये पद्मे राजोपजीविनीति" विश्वः। रसस्वरूपा होने से भक्तों के लिए रस्या हैं। आनन्ददायिका हैं।

रमा राकेन्दुवदना रतिरूपा रतिप्रिया।
रक्षाकरी राक्षसघ्नी रामा रमणलम्पटा ॥७२॥

हिन्दी -

श्रीरूप होने से रमा = लक्ष्मी-स्वरूपा, पूर्णिमा के चन्द्र के समान मुखवाली, कामपत्नी रति के समान संसार को मोहित करने वाले रूप से युक्त, कामपत्नी रति को प्रिय मानने वाली, भक्तों की रक्षा करने वाली, राक्षसों को मारने वाली, स्त्रीमात्ररूपा (रामा) या योगियों को रमण कराने वाली तथा रमण पुरुष = कामेश्वर में लालसा युक्त देवी श्री ललिता को नमस्कार है ॥७२॥

विमर्श -

रमणलम्पटा = जितने स्त्री-रूप हैं वे गौरी की विभूतियाँ हैं, तथा जितने पुरुष रूप हैं, वे शंकर, रुद्र हैं। इस तरह रमण कराने वाला पुरुष शिव-कामेश्वर है। उस कामेश्वर में देवी की लालसा है, यह अर्थ निकला। लम्पटा का अर्थ सतृष्ण व लालसा है। देवी निखिल स्त्री रूप हैं, अत: यह भी अर्थ ध्वनित होता है कि अपने अपने रमणों = पतियों में, या संभोग में या क्रीडा में आसक्तिरूपा, लालसा रूपा देवी ही हैं।

काम्या कामकलारूपा कदम्बकुसुमप्रिया।
कल्याणी जगतीकन्दा करुणारससागरा ॥७३॥

हिन्दी -

ज्ञान से प्राप्त होने के कारण योगियों के लिए काम्य, या कृष्णपक्ष की द्वादशी-रात्रि-रूपा, कामदेव की जगन्मोहिनी कला के समान, या काम = कामेश्वर, की कला रूपा, कदम्बकुसुम को चाहने वाली, मंगल-स्वरूपा (कल्याणी) संसार की मूलरूपा (कन्द) व करुणा-रस का सागर (सागरों से भी अधिक करुणामयी) देवी श्री ललिता को नमस्कार है ॥७३॥

विमर्श -

ज्ञानी मुमुक्षुओं द्वारा देवी-दर्शन की कामना की जाती है। अत: वे काम्या हैं। कामकलारूपा- उपर्युक्त अर्थ के अतिरिक्त- बिन्दुत्रय में प्रथम बिन्दु काम है व अन्तिम बिन्दु कला है। मंसार का मूल होने से यह जगतीकन्दा है।

कलावती कलालापा कान्ता कादम्बरीप्रिया।
वरदा वामनयना वारुणीमदविह्वला ॥७४॥

हिन्दी -

सवार्थदात्री सावित्री सच्चिदानन्दरूपिणी॥ १३६॥

हिन्दी -

दीक्षा प्राप्त, दैत्यों की नाशिका, सभी लोकों को वश में करने वाली, धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष (सर्वार्थ = पुरुषार्थ) को देने वाली, जगत् को उत्पन्न करने वाले शिव (सविता) की शक्तिरूपा, (पुष्कर की अधिष्ठात्री देवता) तथा सत्, चित् व आनन्द स्वरूप वाली देवी को नमस्कार है॥ १३६॥

विमर्श -

दीक्षिता - मन्त्रादि-दान के द्वारा पापों को नष्ट करने वाली 'दीक्षा' कहलाती है। या– कृपा करके शिष्यों को जो मन्त्र दिया जाता है तथा जिससे पाप का नाश होता है, वह दीक्षा है। दीक्षा अस्याः अस्यां वा संजाता इति दीक्षिता। जिसमें दीक्षा हुई (उत्पन्न हुई वह)। सावित्री - सवितुः = जगतः उत्पादकस्य इयम् सावित्री। अर्थात् संसार को उत्पन्न करने वाले की शक्ति या पुष्कर तीर्थ की अधिष्ठात्री देवी। पद्म पुराण में आया है - "सावित्री पुष्करे नाम्ना तीर्थानां प्रवरे शुभे।"

देशकालापरिच्छिन्ना सर्वगा सर्वमोहिनी।
सरस्वती शास्त्रमयी गुहाम्बा गुह्यरूपिणी॥ १३७॥

हिन्दी -

देश और काल की सीमा से रहित, सर्वत्र प्रकाशरूप में जाने वाली, त्रैलोक्य को मोहित करने वाली, (या–मोहनचक्ररूपा वा मोहनी विद्यारूपा) ज्ञानाभिमानिनी देवता, ज्ञान-समुद्ररूपा सरस्वती, (या–प्राणियों की जिह्वा पर स्थित देवी) समग्रशास्त्र-रूपा, गुफा स्थित अम्बा, या–गुह = कार्तिकेय, की माता, तथा अतिगुप्त रूपवाली या परमरहस्यात्मक ज्ञान-स्वरूपा, देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ १३७॥

विमर्श -

देवी को देश और काल की सीमा में बाँधा नहीं जा सकता। वह देश और काल की सीमा से परे हैं, अतः "देशकालापरिच्छिन्ना" है। सरस्वती - ज्ञानाभिमानी देवता। या—ज्ञान ही है सरस् = समुद्र, तद्रूपा, ज्ञानसमुद्ररूपा। प्राणियों की जिह्वा पर रहने वाली देवी। गुहाम्बा = गुहा में स्थिता अम्बा। या—गुह = कार्तिकेय की अम्बा। गुह्यरूपिणी -- गुह्यम् = अतिगुप्त, रूप वाली। गुहायां स्थितम्- गुह्यम् = परमरहस्यात्मक-ज्ञान, तद्रूपिणी। कहा भी गया है - "सर्वोपनिषदां देवि गुह्योपनिषदुच्यते"।

सर्वोपाधिविनिर्मुक्ता सदाशिवपतिव्रता।
सम्प्रदायेश्वरी साध्वी गुरुमण्डलरूपिणी॥ १३८॥

हिन्दी -

सभी उपाधियों (धर्मों) से मुक्त, शिव ही हैं पति जिसके, ऐसे सार्वकालिक-नियमों वाली (सदाशिव की पतिव्रता) शिष्यों को दी जाने वाली विद्या (सम्प्रदायसंज्ञक मन्त्र) की स्वामिनी, सद्गति को देने वाली (साध्वी) तथा परमशिव आदि गुरुपरम्परा-रूप स्वरूपवाली देवी श्रीललिता को प्रणाम है॥ १३८॥

विमर्श -

पूर्व श्लोक में देवी को कार्तिकेय की माता कहा है तथा रहस्यात्मक ज्ञान भी कहा है। इस तरह देवी को अद्वैत, सिद्ध नहीं किया जा सकता है। अतः इस श्लोक में उन्हें "सर्वोपाधिविनिर्मुक्ता" कहा है। अर्थात् स्कन्द की माता, सखण्ड, अखण्ड आदि धर्मों से वस्तुतः वह मुक्त हैं। शक्ति में रजत बोध के समान ही अन्य धर्मों का आभास मात्र होता है। सदाशिवपतिव्रता = शिव एव पतिः = शिवपतिः, शिवपतिः इति व्रतं = नियमः, सदा = सार्वकालिकः यस्याः, इस व्युत्पत्ति से शिव की पत्नी होना भी शिव के समान सनातन (कालत्रय में अबाधित) होना सिद्ध करता है। सम्प्रदायेश्वरी = सम्यक् प्रदीयते शिष्येभ्यः इति सम्प्रदायः, तस्य ईश्वरी। शिष्यों को दिये जाने वाले मन्त्र की स्वामिनी। साध्वी = साधु, उचित, सद्गति, सामान्ये नपुंसकम्। धर्म और धर्मी दोनों रूप में साधु का प्रयोग है। ई = शिवपत्नी, कामकला, साधु + ई = साध्वी, सद्गति या उचितगति देने वाली शिव की पत्नी।

गुरुमण्डलरूपिणी = शैवदर्शन के अनुसार गुरु कहते हैं सदाशिव पशुपति आदि को, उनके मण्डल = परम्परा ही रूप है जिस देवी का वह।

कुलोत्तीर्णा भगाराध्या माया मधुमती मही।
गणाम्बा गुह्यकाराध्या कोमलांगी गुरुप्रिया॥ १३९॥

हिन्दी -

(यहाँ रहस्यात्मक स्वरूप का वर्णन है)

कुल = जातिसमूह-संसार या इन्द्रियसमूहों का अतिक्रमण कर चुकी, सूर्यमण्डल में उपासना के योग्य, भगवान् शिव की माया शक्ति, (पूजन काल में) मधु = पुष्परस, इक्षुरस या मद्य वाली, पृथ्वी के समान सबका आधार होने से महीरूपा, प्रमथादि गणों की या गजानन की माता, यक्षों द्वारा आराधना के योग्य, कोमल अंगों वाली, तथा संसार के गुरु, शिव की प्रिया, देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ १३९॥

विमर्श -

भगाराध्या = भग नाम है सूर्यमण्डल का। उसमें आराधना योग्य। माया = प्रसिद्ध वस्तु को भी प्रकट नहीं होने देने की शक्ति।

स्वतन्त्रा सर्वतन्त्रेशी दक्षिणामूर्तिरूपिणी।
सनकादिसमाराध्या शिवज्ञानप्रदायिनी॥ १४०॥

हिन्दी -

सृष्टि आदि क्रियाओं में परमुखापेक्षी न होने के कारण स्वतन्त्र, (या स्व = आत्मीय शिव, के अधीन) चौंसठ तन्त्रों (वैष्णव शैव आदि) की प्रणेत्री, या समर्थन करने वाली, शिव की दक्षिणाभिमुखी-मूर्ति ब्रह्मनारायण आदि स्वरूप वाली, सनक, सनन्दन आदि ऋषियों के द्वारा सम्यक् आराधना की जाने वाली, तथा शिवविषयक ज्ञान देने वाली, या, अमल, शान्तज्ञान देने वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ १४०॥

विमर्श -

सर्वाणि तन्त्राणि ईष्टे इति सर्वतन्त्रेशी - सभी तन्त्रों का समर्थन करने वाली। शिवज्ञानप्रदायिनी - शिवविषयकं ज्ञानम्, शिवज्ञानम्, तस्य प्रदात्री। या शिवम् = निर्मलम्, कल्याणकारकं, शान्तं वा ज्ञानम्, शिवज्ञानं, तस्य प्रदात्री। अथवा शिवः ज्ञानप्रदाता यस्याः सा शिवज्ञानप्रदात्री। (निर्मल, कल्याणकारक या शान्त ज्ञान देने वाली। या शिव से ज्ञान प्राप्त करने वाली।)

चित्कलानन्दकलिका प्रेमरूपा प्रियंकरी।
नामपारायणप्रीता नन्दिविद्या नटेश्वरी॥ १४१॥

हिन्दी -

सच्चिदानन्द ब्रह्म की कला (एकदेश रूपा) या—चित् = ज्ञानरूप शिव, की कलाशक्ति, जीव में रहने वाले आनन्द की कली, (एक भाग) भक्तविषयक प्रेम वाली, भक्तों का प्रिय करने वाली, नाम के पारायण से प्रसन्न (२७३६ नामों के पारायण से प्रसन्न) या नाम, स्मरण और सहस्रनाम के पारायण से प्रसन्न, नन्दिकेश्वर द्वारा उपासना की जाने वाली विद्यारूपा, तथा नटेश्वर = परमशिव, की पत्नी, या नटेश्वर का अनुकरण करने वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ १४१॥

विमर्श -

चित्कला -- चित् = ब्रह्म, सच्चिदानन्द आत्मा, उसकी कला = एकदेश (एकांश) के समान कला वाली, या अन्तःकरण की उपाधि वाला चैतन्य निरुपाधिक-चैतन्य का एकदेश है। या—चित्त में रहने वाली 'चित्कला' नाम की शक्ति जो सभी शरीरधारियों में रहती हैं। देवी भी सभी के चित्तों में कलाशक्ति के रूप में विद्यमान हैं।

मिथ्याजगदधिष्ठाना मुक्तिदा मुक्तिरूपिणी।
लास्यप्रिया लयकरी लज्जा रम्भादिवन्दिता॥ १४२॥

हिन्दी -

मिथ्यारूप संसार का भान कराने वाली, (द्वैत भाव से) मोक्ष देने वाली, मुक्ति-स्वरूप वाली, नृत्यप्रिया, तान विशेष को करने वाली (या चित्त की अवस्था को विशेषरूप प्रदान करने वाली) प्राणियों में लज्जा रूप से स्थित (या हृदयलेखा की बीजभूता) तथा रम्भा आदि अप्सराओं द्वारा वन्दना की गई देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ १४२॥

विमर्श -

मिथ्याजगदधिष्ठाना - जगत् मिथ्या है। देवी ही एकमात्र सत्य है। फिर भी मिथ्या का ज्ञान चैतन्यरूप से जो हो रहा है, उसका भान कराने वाली देवी ही हैं। अतः कहा गया कि - "मिथ्यारूपस्य जगतः अधिष्ठानं भानाधिकरणं चैतन्यं यस्याः सा।" या मिथ्याजगतः अधिष्ठानं = अधिष्ठितं यस्याः सा। तान्त्रिक सम्प्रदाय में जगत् को ब्रह्म का परिणाम माना गया है।

भवदावसुधावृष्टिः पापारण्यदवानला।
दौर्भाग्यतूलवातूला जराध्वान्तरविप्रभा॥ १४३॥

हिन्दी -

संसाररूपी दावाग्नि की शान्ति में सुधा की वर्षा के समान स्वरूप वाली, पापरूप जंगल को नष्ट करने हेतु दवानल (वनाग्नि) के समान रूपवाली, दौर्भाग्यरूपी कपास को दूर करने के लिए वायुसमूह के समान रूप वाली, तथा जरा = वृद्धावस्था-रूप, अन्धकार को नष्ट करने वाली सूर्य की प्रभा के समान रूप वाली देवी श्रीललिता जी को नमस्कार है॥ १४३॥

विमर्श -

भवदावसुधावृष्टिः - भवदा = परमशिव को देने वाली, वसुधा = धन, धान्यादि को धारण करने वाली (वसु+धा) तथा वृष्टि-रूपा, ये तीनों अर्थ भी संभव हैं। या– मोक्ष एवं भोग की वर्षा करने वाली देवी का नाम हुआ - 'भवदावसुधावृष्टिः'। या - भवः एव दावः = संसाराग्नि, तस्मै सुधावृष्टिः इव = संसाराग्नि के लिए अमृत वर्षा के समान।

भाग्याब्धिचन्द्रिका भक्तचित्तकेकिघनाघना।
रोगपर्वतदम्भोलिर्मृत्युदारुकुठारिका॥ १४४॥

हिन्दी -

समुद्र को तरंगित करने वाली चन्द्रिका के समान भाग्यसमुद्र को तरंगित करने वाली, भक्तों के मनरूपी मयूर को आह्लादित करने वाले मेघ के समान स्वरूपवाली, पर्वत-समान रोगों का नाश करने में वज्र के समान, तथा मृत्यु के नाश के लिए लकड़ी को काटने वाली कुल्हाड़ी के समान देवी श्रीललिता जी को नमस्कार है॥ १४४॥

महेश्वरी महाकाली महाग्रासा महाशना।
अपर्णा चण्डिका चण्डमुण्डासुनिषूदिनी॥ १४५॥

हिन्दी -

महा ईश्वरी, महाकाली (महाकाल की स्त्री) अपरिमित-ग्रास वाली, संसाररूप-आहार वाली (महाशना) भक्तों के ऋण को समाप्त करने वाली (अपर्णा) या पतनरहिता, दुष्टों पर क्रोध करने वाली (चण्डिका) तथा चण्ड एवं मुण्ड नामक दैत्यों को मारने वाली देवी को नमस्कार है॥ १४५॥

विमर्श -

महाग्रासा - महान् = अपरिमितसंसार-रूप, ग्रास (कौर) है जिसके, वह। संसार को एक ही बार में ग्रास बनाने वाली (संहार की इच्छा होने पर)। **अपर्णा:** - अपगतं ऋणं यस्या: (भक्तानाम्) या — पर्णं पतनम्। अविद्यमानं पर्णं यस्या: सा अपर्णा। चण्डमुण्डासुनिषूदिनी - चण्डानि = प्रचण्डानि, मुण्डानि = मस्तकानि येषां ते चण्डमुण्डा:, चण्डमुण्डानाम् असव: = प्राणा: चण्डमुण्डासव:। चण्डमुण्डासून्, निषूदति = नाशयति इति। प्रचण्ड शिर वालों के प्राणों का नाश (हरण) करने वाली देवी, यह दूसरा अर्थ भी सम्भव है।

क्षराक्षरात्मिका सर्वलोकेशी विश्वधारिणी।
त्रिवर्गदात्री सुभगा त्र्यम्बका त्रिगुणात्मिका॥ १४६॥

हिन्दी -

अनित्य एवं नित्यवस्तु-स्वरूपा (या एकाक्षर अनेकाक्षर -- आकृति वाली) सभी लोकों की ईश्वरी, विश्व को धारण करने वाली, धर्म, अर्थ एवं काम (त्रिवर्ग) को देने वाली, पञ्चवर्षा, या ऐश्वर्यशालिनी, सोम, सूर्य व वह्नि-रूप तीन नेत्रों वाली, तथा सत्त्व, रजस् व तमस् इन तीनों गुणों के साम्य से बने शरीर वाली देवी श्रीललिता जी को नमस्कार है॥ १४६॥

विमर्श -

क्षराक्षरात्मिका = "क्षर: सर्वाणि भूतानि कूटस्थोऽक्षर उच्यते" इस वचन के अनुसार सभी प्राणियों का स्वरूप देवी का स्वरूप है। प्राणी क्षर हैं, देवी का अंश होने से उसमें मिल जाते हैं। देवी नित्य स्वरूपा हैं। या — क्षर = अनियतसंख्या वाले वर्ण, तथा अक्षर = वर्ण, हैं आत्मा = स्वरूप जिसका, वह देवी।

स्वर्गापवर्गदा शुद्धा जपा-पुष्पनिभाकृति:।
ओजस्वती द्युतिधरा यज्ञरूपा प्रियव्रता॥ १४७॥

हिन्दी -

स्वर्ग और मोक्ष को देने वाली (कर्मफल = स्वर्ग, एवं ज्ञानफल = मोक्ष (अपवर्ग) को देने वाली) अविद्या की मलिनता से रहित शुद्ध-स्वरूपा, जपापुष्प के सदृश आकृति वाली, बल व प्रकाश वाली, द्युति = कान्ति, को धारण करने वाली, यज्ञ स्वरूप वाली, तथा (प्रियव्रता नामक राजस्वरूपा) व्रत को प्रिय मानने वाली देवी श्रीललिता को प्रणाम है॥ १४७॥

दुराराध्या दुराधर्षा पाटलीकुसुमप्रिया।
महती मेरुनिलया मन्दारकुसुमप्रिया॥ १४८॥

हिन्दी -

चञ्चल इन्द्रिय वालों से दुःखपूर्वक आराधना के योग्य, (या– आराधना के अयोग्य) वश में नहीं की जा सकने वाली, या– दुःखपूर्वक वश में की जाने वाली, रक्त-श्वेत वर्णों के पाटलीपुष्पों को चाहने वाली, महत् परिमाण वाली, या – नारद की वीणा-स्वरूपा, मेरु-पर्वत पर निवास करने वाली, तथा मन्दार वृक्ष के फूलों को प्रिय मानने वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ १४८॥

विमर्श -

मेरुनिलया = मेरु है निवास स्थान (घर) जिसका। परमाकाश में मेरु की संस्थिति है। या – चक्रराज के भूमि, कैलास, एवं मेरु, इन तीन प्रस्तारों में मेरुप्रस्तार जिसका घर है, वह देवी। नवाक्षर मन्त्र भी मेरु कहलाता है। वह सभी मन्त्रों की उत्पत्ति का स्थान है क्योंकि देवी मेरु पर विराजमान हैं। कहा भी गया है - "महात्रिपुरसुन्दर्याः मन्त्रा मेरुसमुद्भवाः"॥ १४८॥

वीराराध्या विराड्रूपा विरजा विश्वतोमुखी।
प्रत्यग्रूपा पराकाशा प्राणदा प्राणरूपिणी॥ १४९॥

हिन्दी -

अन्तर्मुख वीरों के द्वारा आराधना के योग्य, विराट् (स्थूलसमष्टि) रूपधारिणी, पापरहित (या – उत्कल में स्थित विरजा-नामक पीठक की अधिष्ठात्री) सभी ओर मुख वाली, अन्तःज्ञान रूपा (चैतन्य-रूपा) पराकाशा = परब्रह्मस्वरूपा या, आत्मविषयक उत्कृष्ट विमर्श-शक्ति वाली, प्राण देने वाली, (प्राण-ब्रह्म को देने वाली) तथा प्राणब्रह्म के स्वरूप को धारण करने वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ १४९॥

विमर्श -

विरजाः = विगतं रजः (मलं, पापं वा) यस्याः। मल या पाप से रहित। प्रत्यग्रूपा = प्रतिकूलम् अञ्चति इति प्रत्यक्, प्रत्यक् रूपं यस्याः सा। विषयोन्मुखता, बहिर्मुखता और पराङ्मुखता आदि के प्रतिकूल चलने वाली, आत्मा की ओर उन्मुख देवी। आत्मा = चैतन्य, तद्रूपा। पराकाशा = अनादिसिद्ध शक्ति का नाम है या – ब्रह्म की अभिव्यक्ति का स्थान। अथवा, पर = उत्कृष्ट, आकाशा = विमर्शशक्ति वाली। प्राणदा = "प्राणो ब्रह्म कं ब्रह्म खं ब्रह्म" इस श्रुति के अनुसार प्राण = ब्रह्म, का सायुज्य देने वाली।

मार्तण्डभैरवाराध्या मन्त्रिणीन्यस्तराज्यधूः।
त्रिपुरेशी जयत्सेना निस्त्रैगुण्या परापरा॥ १५०॥

हिन्दी -

सूर्यमण्डल के अधिष्ठाता देव द्वारा आराधना योग्य, या मार्तण्ड के समान भैरव द्वारा आराधना योग्य, श्यामलाम्बा पर राज्यभार को रखने वाली, स्थूल, सूक्ष्म, एवं कारणशरीर, इन तीनों शरीरों की अधिष्ठात्री, जीतने वाली सेना से युक्त, सत्त्वरजसादि तीन गुणों के सम्बन्ध से रहित, तथा परापर-स्वरूपिणी या दूरस्थ होती हुई भी समीपस्थ देवी को नमस्कार है॥ १५०॥

विमर्श -

मार्तण्डभैरवाराध्या = मणिमल्ल दैत्य को मारने हेतु अश्व पर आरूढ होकर शिव स्वयं पृथिवी पर आए थे, और उनका नाम मार्तण्ड-भैरव पड़ा था। या, देवी का उपासक भैरव, जो सूर्यमण्डल पर उपासना करता है। या, मार्तण्ड सदृश भैरव से आराधना योग्य। **परापरा** - पर = उत्कृष्ट ब्रह्मादि भी, अपर = निकृष्ट, हैं जिससे वह देवी। या, पर = दूरस्थ, तथा अपर = समीपस्थ। सामान्य लोगों से दूर रहकर भी भक्तों के हृदय में निवास करने वाली देवी।

सत्यज्ञानानन्दरूपा सामरस्यपरायणा।
कपर्दिनी कलामाला कामधुक् कामरूपिणी॥ १५१॥

हिन्दी -

सत्यस्वरूपा, ज्ञानस्वरूपा तथा आनन्दस्वरूपा, शिव-शक्ति के ऐक्य-रूप परमस्थान वाली, या देवों सहित लोकों का आश्रय, कपर्दी = शिव, की पत्नी, चौंसठ कलाओं की परम्परारूपा (माला) या लावण्य और शोभा को प्रदान करने वाली, भक्तों के मनोरथों को पूर्ण करने वाली तथा कामधेनु के सदृश रूपवाली, या, काम = परशिव, स्वरूपवाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ १५१॥

विमर्श -

'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म, नित्यं विज्ञानम् आनन्दं ब्रह्म', इस श्रुति के अनुसार सत्य, ज्ञान और आनन्द ये तीनों ब्रह्म के स्वरूप हैं। देवी भी इस कारण ब्रह्मस्वरूपा हैं। सामरस्य = शिवशक्ति का एकरस होना, एक हो जाना ही, पर = उत्कृष्ट, अयन = आश्रय है जिसका। या – 'अमरैः सहितः सामरः, सामरस्य परायणा।' देवादि सहित लोकों का उत्कृष्ट आधार।

कलानिधिः काव्यकला रसज्ञा रसशेवधिः।
पुष्टा पुरातना पूज्या पुष्करा पुष्करेक्षणा॥ १५२॥

हिन्दी -

पूर्ववर्णित अनेक कलाओं की निधि, या — चन्द्रमण्डलरूपा, काव्यकलारूपा, या शुक्राचार्य की (काव्य की) मृत संजीवनी नामक कलारूपा, शृङ्गारादि रसों को जानने वाली, ब्रह्मामृत की निधि, (रसशेवधिः) छत्तीस तत्त्वात्मक शरीर होने से पुष्टा, संसार का आदि होने से पुरातनी, सभी से पूज्या, पुष्कर तीर्थ-रूपा, या पुष्क = पोषण को (राति इति रा) रा = देने वाली, तथा (पुष्कर) कमल सदृश नेत्रों वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ १५२॥

विमर्श -

"रस एव परं ब्रह्म, रस एव परा गतिः। रसो हि कान्तिदः पुंसां, रसो रेत इति स्मृतः"। "प्राणात्मको रसः प्रोक्तः" इत्यादि वचनों के अनुसार देवी रसज्ञा होने से सब कुछ जानने वाली हैं तथा इन सभी की निधि भी हैं।

परं ज्योतिः परंधाम परमाणुः परात्परा।
पाशहस्ता पाशहन्त्री परमन्त्रविभेदिनी॥ १५३॥

हिन्दी -

सभी को प्रकाशित करने के कारण उत्कृष्ट ज्योतिरूप, (या — अष्टाक्षर मन्त्ररूप परं ज्योति), उत्कृष्ट धाम (या — जाग्रद् आदि त्रिधाम की साक्षी) परमाणु रूपा, (अणु से भी छोटा = दुर्ज्ञेया) उत्कृष्ट ब्रह्मादि से भी श्रेष्ठा, वाम कर में पाश लिए हुई, पाशों = बन्धनों, को नष्ट करने वाली, तथा अपने भक्तों के शत्रुओं के अभिचारादि मन्त्रों का भेदन करने वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ १५३॥

विमर्श -

देवी परं ज्योति हैं। इनसे बढ़कर कोई अन्य प्रकाश नहीं है। "न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकम्", यह श्रुति भी प्रमाण है। **परात्परा** - परात् = ब्रह्मादि-श्रेष्ठों, से भी, परा = श्रेष्ठ, या परात् = ब्रह्मायु के परिमाण से भी, परा = संख्या परिच्छेद से रहित। **परमन्त्रविभेदिनी** - पर = शत्रुओं के, मन्त्र = अभिचारादि मन्त्रों को, विभेदिनी = तोड़ने वाली। या — पर = उत्कृष्ट, मन्त्र = पञ्चदशीमन्त्र को, विभेदिनी = खोलने वाली।

मूर्तामूर्ता नित्यतृप्ता मुनिमानसहंसिका।
सत्यव्रता सत्यरूपा सर्वान्तर्यामिणी सती॥ १५४॥

हिन्दी -

मूर्ता = बाह्येन्द्रियों से देखे जाने वाली, (पञ्चीकृत वायु, आकाश आदि महाभूत-रूपा) और बाह्येन्द्रियों से नहीं देखे जाने वाली, (सूक्ष्म अपञ्चीकृत महाभूत रूपवाली) भक्तों के उपचारों से नित्य तृप्त, मननशील मुनियों के मन रूपी मानसरोवर में हंस के समान नित्य सम्बद्ध, शीघ्रफल देने का नियम वाली, (या सत्य ही है व्रत जिसका) सत्यरूप (अबाधित-रूप) वाली, सभी के अन्तःकरणों को नियन्त्रित करने वाली, (या – सर्वा = सर्वरूपा, अन्तर्यामिणी = सभी के अन्तःकरण में प्रविष्ट) तथा सतीरूपा श्रीललिता को नमस्कार है॥ १५४॥

विमर्श -

मूर्तामूर्ता - मूर्ता + अमूर्ता। मूर्ता - पृथिवी, जल, तेज, वायु, आकाश इनका पञ्चीकृतरूप (महाभूत) जिन्हें हम इन्द्रियों से देख सकते हैं। अमूर्ता - इन पांचों का अपञ्चीकृतरूप, (सूक्ष्म) जिन्हें देख नहीं सकते। ये दोनों ही स्वरूप देवी के हैं। मुनिमानसहंसिका = मुनियों के मन रूपी मानस में हंस के सदृश, या – मुनियों के मान = सम्मान में, सहंसिका = पायल रूपा। उनके मान के लिए नृत्य करती हुई देवी।

ब्रह्माणी ब्रह्मजननी बहुरूपा बुधार्चिता।
प्रसवित्री प्रचण्डाज्ञा प्रतिष्ठा प्रकटाकृतिः॥ १५५॥

हिन्दी -

ब्रह्माणीरूपा (या – ब्रह्मा को जीवन देने वाली) ब्रह्मस्वरूपा जननी = जगन्माता, (या – परम ज्ञान की जननी) संसार को उत्पन्न करने के कारण अनेक रूपों वाली, बुधों = विद्वानों, एवं देवों द्वारा पूजित, आकाशादि या संसार को जन्म देने वाली, दुष्टों पर अत्यन्त कोप करने वाली, (प्रचण्डा) या अत्यन्त क्रुद्ध दूतों वाली, भगवान् की आज्ञारूपा, संसार का अधिष्ठान होने के कारण प्रतिष्ठारूपा, (या – जिसमें संसार प्रतिष्ठित हो, वह) तथा प्रकट-आकृति वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ १५५॥

विमर्श -

ब्रह्माणी - ब्रह्म = परमशिव, की स्त्री। या, ब्रह्माणम् आनयति इति

ब्रह्माणी = ब्रह्मा को जीवित करने वाली। संसार नाम और रूप भेद से अनन्त है। अतः देवी बहुरूपा है। प्रतिष्ठाप्रकटाकृतिः - प्रतिष्ठा + अप्रकटाकृतिः = सब में प्रतिष्ठित होते हुए भी अप्रकट स्वरूप वाली।

प्राणेश्वरी प्राणदात्री पञ्चाशत्पीठरूपिणी।
विशृङ्खला विविक्तस्था वीरमाता वियत्प्रसूः॥ १५६॥

हिन्दी -

प्राण = इन्द्रियों की, अधिष्ठात्री, (स्वामिनी) संसार को प्राण देने वाली (संसार को जीवित करने वाली, या एकादश इन्द्रियों को देने वाली) कामरूप आदि पचास पीठरूप स्वरूपवाली, विशृङ्खला = कर्म बन्ध से मुक्त, विविक्त = एकान्त, या पवित्रस्थान में रहने वाली, वीर-उपासक जनों की रक्षा करने वाली माता, तथा आकाश को उत्पन्न करने वाली देवी को नमस्कार है॥ १५६॥

विमर्श -

प्राण नाम है प्राणवायु का, तथा इन्द्रियों का। प्राण की स्वामिनी एवं प्राणदायिनी है देवी। या — इन्द्रियों की अधिष्ठात्री देवता होने से इन्द्रियों = ज्ञान एवं कर्म-साधनों को देने वाली है। विशृङ्खला = उपर्युक्त अर्थ के अतिरिक्त, विगता शृङ्खला = कटिवस्त्रबन्धः, यस्याः, नग्नस्वरूपा, अतएव विविक्तस्था = एकान्तवासिनी, यह अर्थ भी किया गया है।

मुकुन्दा मुक्तिनिलया मूलविग्रहरूपिणी।
भावज्ञा भवरोगघ्नी भवचक्रप्रवर्तिनी॥ १५७॥

हिन्दी -

मुकुन्द = विष्णुस्वरूपा (या मुक्तिदायिनी) मुक्ति का आवास (घर) बाला, बगला आदि—आदि शक्तियों का मूल शरीर वाली (राजराजेश्वरी की रूपवाली, या जगत् का कारण शरीर वाली) लोगों के भावों (आशयो) को जानने वाली, संसार - रूप रोग की नाशिका, तथा संसारचक्र को चक्र के समान चलाने वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ १५७॥

विमर्श -

मुकुन्दा - मुक्तिं ददाति इति मुकुन्दा, पृषोदरादित्वात् सिद्ध करें। मूलविग्रहरूपिणी = बगला, बाला-आदि शक्तियों का मूल शरीर राजराजेश्वरी

का शरीर है। वही देवी का भी रूप है। भावज्ञा = भाव शब्द के अनेक अर्थ हैं। आशय, सत्ता, स्वभाव, चेष्टा आदि। 'अस्ति जायते' इत्यादि छः विकार भी भाव कहलाते हैं तथा छः पदार्थों (द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष समवाय) को भी भाव कहते हैं। शिव भव हैं, उनके भक्त भाव हैं। या — भा = कान्ति, उनको, वान्ति = प्राप्त करते हैं, वे सूर्यादि भी भाव हैं। देवी - उन सभी भावों को जानने वाली हैं।

छन्दःसारा शास्त्रसारा मन्त्रसारा तलोदरी।
उदारकीर्तिरुद्दामवैभवा वर्णरूपिणी॥ १५८॥

हिन्दी -

वेदों में वर्णित सार-स्वरूप वाली, या पिङ्गल-शास्त्र में वर्णित निष्कर्षरूपा, स्मृत्यादि-शास्त्रों में वर्णित श्रेष्ठ-रूप वाली, या, शास्त्रों की सारभूता, चौंसठ तन्त्रों की, या, मन्त्रशास्त्रों की सारभूता, करतल के समान कृश उदरवाली, (या, तल नामक लोक ही उदर है जिसका, उसे) उदार कीर्ति वाली, (या जिसकी उपासना से शीघ्र कीर्ति मिले) अपरिमित (उद्दाम) वैभववाली, तथा चौंसठ वर्णरूप स्वरूप वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ १५८॥

विमर्श -

छन्द कहते हैं - वेद, गायत्रीमन्त्र तथा पिङ्गल रचित शास्त्र को। उनमें जिसका निष्कर्ष दिया गया है, ऐसी देवी "छन्दःसारा" हुई। मन्त्र शब्द तन्त्रों का भी वाचक है। सार का अर्थ निष्कर्ष या उत्कृष्ट-रूप, ये दोनों हैं। **उदार-कीर्तिः** - उत् = आसमन्तात् व्याप्त, अरा = शीघ्र साध्य, कीर्ति = यश। **वर्णरूपिणी** = पाणिनीय-शिक्षा में तिरसठ या चौंसठ वर्ण शम्भु के मत में हैं, ऐसा कहा गया है। वर्णों का रूप देवी का ही रूप है।

जन्ममृत्युजरातप्तजनविश्रान्तिदायिनी।
सर्वोपनिषदुद्‌घुष्टा शान्त्यतीता कलात्मिका॥ १५९॥

हिन्दी -

जन्म, मृत्यु एवं बुढापा इन तीनों से सन्तप्त भक्तजनों को विश्रान्ति (आत्म लाभ) रूप सुख को देने वाली, सभी उपनिषदों में (रहस्य-शास्त्रों में) प्रतिपादित (वर्णित) और आकाश में रहने वाली कला (शान्त्यतीता) से अभिन्न कला-स्वरूप वाली देवी श्रीत्रिपुरसुन्दरी को नमस्कार है॥ १५९॥

विमर्श -

शान्त्यतीता - आकाशनिष्ठ कला या पञ्चमी-कला जिसे कलाध्वनि कहते हैं, और वह शिव में अभिन्न-भाव से स्थित है, वही देवी का स्वरूप है। अत एव देवी शान्त्यतीता कलात्मिका हैं।

गम्भीरा गगनान्तस्था गर्विता गानलोलुपा।
कल्पनारहिता काष्ठाऽकान्ता कान्तार्द्धविग्रहा॥ १६०॥

हिन्दी -

समुद्र के समान अतिविस्तृत होने से गम्भीरा, चिदाकाश, भूताकाश या पराकाश के मध्य में स्थित (या आकाश के नाश होने पर भी स्थित रहने वाली) विश्व की अस्मितारूप (विश्वनिर्माण विषयक) अभिमान वाली, गान = गान्धर्वगान या साम में तृष्णा वाली, कल्पना = भ्रान्तिमयी-वासना, से रहित या — प्रलय में भी जीव (नार) के लिए हितकारिणी, काष्ठा = कालमान-रूपा, या — योगियों की परागति-रूपा, पाप का अन्त करने वाली (अकान्ता-अकं = पाप का, अन्ता = अन्त करने वाली) तथा शिव-रूप (कान्त) अर्ध-शरीर वाली (या — आकाश का एक भागरूप शरीर वाली) देवी श्रीललिता को नमस्कार है।

विमर्श -

कान्तार्धविग्रहा = विग्रहस्य अर्धम् अर्धविग्रहः, कान्तः अर्ध-विग्रहः यस्याः। कान्त = शिव हैं शरीर का आधा हिस्सा जिसका, वह देवी। या कस्य अन्तः कान्तः = खः = आकाशम्। कान्तार्धः विग्रहः यस्याः। क का अन्त ख, ख का अर्थ है आकाश। आकाश का आधा = एकभाग, है विग्रह = शरीर, जिसका, वह देवी।

कार्यकारणनिर्मुक्ता कामकेलितरंगिता।
कनत्कनकताटङ्का लीलाविग्रहधारिणी॥ १६१॥

हिन्दी -

कार्य = महदादि-तत्त्व, एवं कारण = मूलप्रकृति, इन सभी से मुक्त (अर्थात् स्थूल, सूक्ष्म, दोनों रूपों का चैतन्य में अभाव होने से देवी कार्य-कारण भावों से रहित हैं।) काम = परमेश्वर के क्रीड़ाविलासों की तरङ्ग से = (परम्परा से) युक्त, चमकते सोने के कर्णाभूषण वाली, तथा लीला के लिए शरीर को धारण करने वाली, अथवा बिना आयास के अवतारविशेषों के देह को धारण करने वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ १६१॥

विमर्श -

लीलाविग्रहधारिणी = लीलार्थं विग्रहं धारयति, लीला के लिए शरीर धारण करने वाली। या, लीलया = अनायासेन विग्रहान् = अवतार-विशेषरूपाणि धारयति। अनायास ही अवतार-विशेषों के रूप को धारण करने वाली। या, पद्मराज की महारानी लीलादेवी के शरीर को धारण करने वाली।

अजाक्षयविनिर्मुक्ता मुग्धा क्षिप्रप्रसादिनी।
अन्तर्मुखसमाराध्या बहिर्मुखसुदुर्लभा॥ १६२॥

हिन्दी -

जन्म-रहिता, क्षय = मृत्यु से सर्वथा मुक्त, मुग्धा = सौन्दर्यवती, भक्तों द्वारा शीघ्र प्रसन्न की जाने वाली, अन्तर्मुख = विषय-वासनाओं से रहित अन्तःकरण वाले भक्तों द्वारा, भली—भाँति आराधना के योग्य, तथा बहिर्मुख = विषयवासनाओं में लिप्त-हृदय वालों के लिए अत्यन्त-दुर्लभ, देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ १६२॥

त्रयी त्रिवर्गनिलया त्रिस्था त्रिपुरमालिनी।
निरामया निरालम्बा स्वात्मारामा सुधास्रुतिः॥ १६३॥

हिन्दी -

ऋग्, यजुष्, साम इन तीनों की स्वरूप वाली, त्रिवर्ग = धर्म, अर्थ, एवं काम का, निवासस्थान, भूत, वर्तमान, एवं भविष्यत् इन तीनों कालों में स्थित, या, अकार, उकार, मकार = ओम्, में रहने वाली, या – तीनों लोकों में रहने वाली, स्थूल, सूक्ष्म, एवं कारणदेहों की माला = परम्परा वाली, भक्तों के रोगों को निकालने वाली, किसी अन्य के आलम्बन से रहित, अपने में ही आराम = क्रीडा (विहरण) करने वाली तथा ज्ञानसुधा का निष्यन्दन करने वाली देवी श्रीत्रिपुरसुन्दरी को नमस्कार है॥ १६३॥

विमर्श -

त्रिस्था = मार्कण्डेय पुराण में कहा गया है कि तीन लोक, तीन देव, तीन विद्याएँ, तीन अग्नि, तीन ज्योति, तीन वर्ग, तीन धर्म, तीन गुण, तीन शब्द, तीन दोष, तीन आश्रम, तीन काल, तीन अवस्थाएँ, तीन पितर, तीन दिन एवं रातें, तीन मात्राएँ, ये सभी तीन, देवी सरस्वती के रूप हैं, अतः वे त्रिस्था कहलाती हैं। स्वात्मारामा = अपने को देवी दो भागों में बाँटकर परस्पर

क्रीड़ा करती हैं। या, स्वात्मा एव आरामः-कृत्रिमं वनं, जगद्रूपं यस्याः, सा। अपना रूप ही कृत्रिम वन = जगद् रूप वन हो गया है जिसका, वह देवी। सुधास्रुतिः - ज्ञानामृत स्यन्दन रूपा। या, सहस्रारकर्णिका-चन्द्र में स्थित सुधा का स्यन्दन जिस कुण्डलिनी से होता है, तद्रूपा।

संसारपङ्कनिर्म्मग्न-समुद्धरणपण्डिता।
यज्ञप्रिया यज्ञकर्त्री यजमानस्वरूपिणी॥ १६४॥

हिन्दी -

संसाररूप कीचर (पङ्क) में डूबे हुए लोगों (भक्तजनों) के समुद्धार में अत्यन्त कुशल (पंडिता = सद्, असद् विवेचन करने वाली बुद्धि से युक्त) यज्ञों को प्रिय मानने वाली, यज्ञों को करने वाली तथा यजमान के स्वरूप को धारण करने वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ १६४॥

विमर्श -

यजमानस्वरूपिणी - यज्ञकर्ता यजमान परमशिव हैं। यजमान और स्व = देवी, ये दोनों ही रूप देवी के हैं। ऐसा अर्थ भी किया गया है।

धर्माधारा धनाध्यक्षा धनधान्यविवर्द्धिनी।
विप्रप्रिया विप्ररूपा विश्वभ्रमणकारिणी॥ १६५॥

हिन्दी -

शास्त्रीय आचारों (धर्मों) की आधारभूता, (प्रवर्तिका) धन की स्वामिनी (कुबेर रूपा) धन एवं धान्यों को बढ़ाने वाली, वेदादिविद्यानिष्णात (विप्र) ब्राह्मण को प्रिय मानने वाली, विप्रस्वरूप वाली तथा ब्रह्माण्डमण्डल (विश्व) का सृष्टि-स्थिति लयरूप भ्रमण कराने वाली, या, विश्व को भ्रमण = मिथ्याज्ञान, कराने वाली देवी श्रीललिता को प्रणाम है॥ १६५॥

विमर्श -

उन-उन देशों में शिष्ट-परम्परानुकूल वेद से अविरुद्ध क्रिया या शास्त्रीय-आचरण धर्म कहलाता है। धर्म की आधारभूता, या – धर्म है आधार (प्राप्त करने का साधन) जिस देवी का, वह। विप्रप्रिया विप्ररूपा = "अविद्यो वा सविद्यो वा ब्राह्मणो मामकी तनूः"। विद्याहीन या विद्यावान् ब्राह्मण मेरा शरीर है तथा "यावतीर्वै देवतास्ताः सर्वा वेदविदि ब्राह्मणे वसन्ति", इस वचन के अनुसार ब्राह्मण देवी को प्रिय हैं, अतः उन्होंने विप्ररूप को भी धारण किया।

विश्वग्रासा विद्रुमाभा वैष्णवी विष्णुरूपिणी।
अयोनिर्योनिनिलया कूटस्था कुलरूपिणी॥ १६६॥

हिन्दी -

विश्व = चराचर, को ग्रास बनाने वाली (संहार की दशा में) प्रवाल (विद्रुम) के समान रक्त- आभा वाली, विष्णु की शक्तिरूपा, विष्णु का रूप ग्रहण करने वाली, (विष्णु-रूपा) कारण रहित, (अयोनि) या, विष्णु की मातृ-रूपा, योनि में रहने वाली (प्रकृति-स्वरूपा) या, माया से सीमित की जाने वाली, कूट (गाड़े गए लोहे का गोला) के समान अचल-भाव से स्थित, या, छलरूप ज्ञान में रहने वाली, तथा कुल = आचार, रूपवाली या जगत्-स्वरूप वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ १६६॥

विमर्श -

अयोनिः - न विद्यते योनिः = कारणं, यस्याः सा। जिसका कारण कोई नहीं हो, वह। या, अस्य = विष्णु की, योनिः = जनिका (उत्पन्न करने वाली) योनिनिलया = निलीयते जगत् यस्याम् सा निलया, योनिश्चासौ निलया च। संसार को लीन करने वाली योनि, (प्रकृति) या, योनि = माया है, निलय = परिच्छेदिका, जिसका, वह देवी। या, योनीनाम् = संसार के कारण ब्रह्मा आदि का, निलय = जिसमें निश्चित लय हो जाये वह देवी। **कूटस्था** - कूट = लौहमुद्गर, या चोट मारे जाने का आधार (घन) तद्वत् स्थित। या, कूटयति = छलयति, आत्मानम् इति कूटः = छलात्मक-ज्ञान, उसमें स्था = स्थित, या, कूट = पर्वतशिखर, उस पर, स्था = रहने वाली।

वीरगोष्ठीप्रिया वीरा नैष्कर्म्या नादरूपिणी।
विज्ञानकलना कल्या विदग्धा वैन्दवासना॥ १६७॥

हिन्दी -

वीरों की गोष्ठी (सभा) को प्रिय मानने वाली, तथा स्वयं वीर्यवान् होने से वीररूपिणी (या, विंशेष-स्तुति-वाचकों की सभा को प्रिय मानने वाली तथा स्तुतिवाचकों से घिरी हुई) कर्मलेप से रहित, नादशक्तिरूपा, ब्रह्म-साक्षात्कार या स्वात्मानुभव में स्फुरण वाली, कलाओं में निपुण (कल्या), या, उषः कालरूपा, चतुरस्वभाव वाली, तथा बिन्दु-चक्र में आसन को धारण करने वाली, या, बिन्दुसमूह-रूप आसन वाली, देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ १६७॥

विमर्श -

वीरा - वि = विशेषेण, ईरा: स्तुतिवाचका: यस्या: सा, विशेष स्तुति वाचकों से घिरी। **नैष्कर्म्या** = निर्गतानि कर्माणि यस्मात् स निष्कर्मा, तस्य भाव: नैष्कर्म्यम् = कर्मरहित का भाव। नैष्कर्म्यम् अस्ति अस्याम् इति नैष्कर्म्या (अर्शाद्यच्) = कर्मरहित भाव वाली। **विज्ञानकलना**-विज्ञान = ब्रह्म-साक्षात्कार, या, स्वात्म-विषयकज्ञान, उसे धारण करने वाली (कलना) या, स्फुरण करने वाली।

तत्त्वाधिका तत्त्वमयी तत्त्वमर्थस्वरूपिणी।
सामगानप्रिया सौम्या सदाशिवकुटुम्बिनी॥ १६८॥

हिन्दी -

शिवादि-क्षिति पर्यन्त छत्तीस तत्त्वों से भी अधिक (प्रलयपर्यन्त ये तत्त्व रहते है) आत्मतत्त्व, विद्यातत्त्व, एवं शिवतत्त्व, इन तीनों तत्वों वाली, तत् और त्वं पद के अर्थ ब्रह्म एवं जीव या शिव और जीव रूप स्वरूप वाली, सामगान को चाहने वाली, शान्तरूपा (या, सोमयाग को चाहने वाली (सोम्या) तथा सदाशिव की भार्या देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ १६८॥

विमर्श -

शैवदर्शन में शिव से लेकर क्षिति तक ३६ तत्त्व हैं जिनसे त्रैलोक्य निर्माण हुआ है। उन तत्त्वों से त्रैलोक्यनिर्माण करने के कारण देवी उनसे अतिरिक्त हैं, अतएव उनसे अधिक हैं। **तत्त्वमयी** - संसार के समस्त तत्त्व उनमें समाविष्ट हैं। **सौम्या** = सोम के समान आह्लादिका। या, सोमं = सोमयागम् अर्हति इस अर्थ में यत् करके सोम्या पाठ मानें। या, सौम्या मानने पर स्वार्थ में ष्यञ् करें।

सव्यापसव्यमार्गस्था सर्वापद्विनिवारिणी।
स्वस्था स्वभावमधुरा धीरा धीरसमर्चिता॥ १६९॥

हिन्दी -

दक्षिण एवं वाममार्ग में पूज्य भाव से स्थित, (या, सविता मण्डल के दक्षिण, उत्तर और मध्य (मार्ग) में स्थित, सेवकों की सभी विपत्तियों का विशेष रूप से निवारण करने वाली, दुःखादि से होने वाले चाञ्चल्य का अभाव वाली होने से स्वस्था, स्वभावत: मधुर, धीर स्वभाव वाली, तथा धैर्यवान् पण्डितों द्वारा सम्यक् पूजित देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ १६९॥

विमर्श -

सव्यापसव्यमार्गस्था - उपासना के क्रम में दो मार्ग दिखलाई पड़ते हैं। वाममार्ग एवं दक्षिणमार्ग। अपने–अपने वर्णाश्रमों के विहित कार्य, श्रौत अग्निहोत्रादि, तथा स्मार्त-तान्त्रिक मन्त्रसिद्धियाँ ये सभी वाममार्ग की उपासना में आते हैं। दक्षिणमार्ग में श्रौतादि कर्म के अङ्गभूत देवता के स्थान में देवी को ही उपास्य देवता मानकर पूजा जाता है। देवी उन दोनों मार्गों में स्थित होने से सबके लिए पूज्या हैं। **स्वस्था-स्व** = अपने में, स्थित। देवी समाधिदशा में आत्ममात्र स्वरूप में स्थित होती है तथा सारी वृत्तियाँ लीन हो जाती हैं। या-सु = शोभना, अस्था = गतिरूपा (गतिनिवृत्ति की अभाव वाली) होने से 'स्वस्था' कहा है। **स्वभावमधुरा** - सभी की स्पृहणीया। या – स्वेषु = आत्मीयों में, भावेन = रहने से, मधुरा, हैं देवी। **धीरा** - धी = बुद्धिप्रदा, इरा = दशमीतिथि रूपा।

चैतन्यार्घ्यसमाराध्या चैतन्यकुसुमप्रिया।
सदोदिता सदातुष्टा तरुणादित्यपाटला॥ १७०॥

हिन्दी -

चैतन्य = चिद्रूप पूजोपकरणों (अर्घ्य) से सम्यक् आराधना की जाने वाली (या – चैतन्यमय योगियों की चित्तवृत्ति रूप पूजोपकरण से आराधना योग्य, या चैतन्यार्घ्य = भुवनेश्वरी-मन्त्र, से आराधना की जाने वाली) चैतन्य-कुसुम को चाहने वाली, या – चैतन्यकुसुम = पुष्पाष्टक को प्रिय मानने वाली, नित्य उदित (स्वप्रकाश होने से) या – सत्पुरुषों में पूर्णतः प्रकाशित, सदा प्रसन्न रहने वाली, या – सज्जनों पर पूर्णतः सन्तुष्ट रहने वाली, तथा मध्याह्न-कालीन सूर्य के समान श्वेत-रक्त वर्ण वाली (पाटला) देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ १७०॥

विमर्श -

चैतन्यकुसुमप्रिया - चैतन्यकुसुम = ज्ञानपुष्प हैं प्रिय जिसे, वह। चैतन्यकुसुम, पुष्पाष्टक को भी कहते हैं। वे आठ पुष्प हैं - (१) अहिंसा, (२) इन्द्रियनिग्रह, (३) क्षान्ति, (४) दया, (५) ज्ञान, (६) तप, (७) सत्य, (८) भाव। **सदोदिता** - सताम् = सज्जनों में, आ + उदिता = पूर्णतः प्रकाशयुक्ता। या, स्वप्रकाशरूप होने से सर्वदा उदित।

दक्षिणा दक्षिणाराध्या दरस्मेरमुखाम्बुजा।
कौलिनी केवलाऽनर्घ्यकैवल्यफलदायिनी॥ १७१॥

हिन्दी -

पण्डित एवं मूर्ख दोनों से आराधना की जाने वाली, या, दक्षिणा द्वारा कुशल व्यक्तियों से पूजी जाने वाली, या, कर्मज्ञानी तथा ब्रह्मज्ञानियों द्वारा पूजी जाने वाली, तनिक मुस्कुराहट युक्त मुखकमल वाली (मन्द-स्मित मुख कमल वाली) कौलिंनी = क्लींकारी रूपा या, कुलाङ्गना, केवलस्वरूपा (सुखदु:खविमुक्ता) तथा अपरिमित कैवल्यपद (मोक्ष) को देने वाली, (अमूल्य कैवल्य फल को देने वाली) देवी श्रीललिता को नमस्कार है।

विमर्श -

दक्षिणादक्षिणाराध्या - दक्षिणया - दक्षिणै: = कुशलै:, आराध्या, या, दक्षिणेन = पण्डितेन, अदक्षिणेन = मूर्खेण, च आराध्या, या दक्षिणमार्गोपासकेन वाममार्गोपासकेन च आराध्या। **कौलिनीकेवला** - कौलिनी से लेकर वशिनी तक वाग्देवताओं द्वारा निर्णीत। केवल का अर्थ निर्णीत भी है।

स्तोत्रप्रिया स्तुतिमती श्रुतिसंस्तुतवैभवा।
मनस्विनी मानवती महेशी मङ्गलाकृतिः ॥ १७२ ॥

हिन्दी -

लौकिक गुणानुवाद (नमस्कार, आशीर्वाद, सिद्धान्त-कथन, पराक्रम, विभूति और प्रार्थना, ये छ: स्तोत्र, लौकिकगुणानुवाद कहलाते हैं) को प्रिय मानने वाली, स्तुति की जाने वाली (स्तुति-सम्बन्ध वाली) श्रुतियों में सम्यक् वर्णित वैभव वाली, स्वाधीन मन वाली (मनस्विनी) आदर वाली, महेश की वधू, तथा मङ्गलदायक-आकृति वाली देवी को नमस्कार है ॥ १७२ ॥

विश्वमाता जगद्धात्री विशालाक्षी विरागिणी।
प्रगल्भा परमोदारा परामोदा मनोमयी ॥ १७३ ॥

हिन्दी -

संसार की माता, पृथिवी रूप से संसार को धारण करने वाली, या संसार की पोषिका, विशाल नेत्रों वाली, या, विशालाक्षी = वाराणसी पीठ की अधिष्ठात्री, वैराग्यमयी, सृष्ट्यादि-कार्यों में प्रौढा, (समर्थ) उत्कृष्ट एवं दानशील, (या, उत्कृष्ट आनन्द को प्राप्त कराने वाली) उत्कृष्ट-कीर्ति वाली, या, परमसन्तोष वाली, तथा मन:प्रधाना देवी श्रीललिता को नमस्कार है ॥ १७३ ॥

विमर्श -

विशालाक्षी - "वाराणस्यां विशालाक्षी" (पाद्मशास्त्र)। 'विशाला' शब्द बदरिकाश्रम का वाचक भी है। हिमालय पर बदरिका आश्रम होने से कुछ लोग नेपाल-पीठ की देवी मानते हैं। **परमोदारा** – परम् = उत्कृष्ट, मोद = आनन्द को, आरा = सम्पूर्णतः प्राप्त कराने वाली। **परामोदा** - पर = उत्कृष्ट, आमोदा = कीर्तिवाली, या, सन्तोष वाली। आमोद का अर्थ सुगन्ध भी है। 'परमसुगन्धि वाली' यह अर्थ भी हो सकता है।

व्योमकेशी विमानस्था वज्रिणी वामकेश्वरी।
पञ्चयज्ञप्रिया पञ्चप्रेतमञ्चाधिशायनी॥ १७४॥

हिन्दी -

आकाश-रूप केश वाली, या, व्योमकेश = शिव की स्त्री, विमान पर स्थित (या, विशेष मान में रहने वाली, या, विशिष्ट कान्ति वाले किरिचक्र आदि रथ पर स्थित) इन्द्र की स्त्रीरूपा, या, वज्र धारण करने वाली, वामकेश्वर तन्त्ररूपा, या, वामकतन्त्र की (प्रतिपादनीया होने से) स्वामिनी, या, वामकेश्वर = शिव की पत्नी, देव, ब्रह्म, भूत, पितृ, और मनुष्ययज्ञ ये पाँच यज्ञ प्रिय हैं जिसे, उसे, तथा ब्रह्मादि से सदाशिव पर्यन्त पाँच प्रेत-रूप मञ्च पर सोने वाली देवी श्रीत्रिपुरसुन्दरी को प्रणाम है॥ १७४॥

विमर्श -

व्योमकेशी = व्योम ही है केश जिसके, वह विराट्-रूपा देवी। या व्योमक-रूप ईश की स्त्री, दिग्रूपा। **विमानस्था** - वि = विशेष, मान = सम्मान में, स्था = रहने वाली, या, वि = विशिष्ट, मा = कान्तिवाला हुआ 'विम', अन का अर्थ है किरिचक्रादि रथ, उस पर, स्था = रहने वाली। या, विगतं मानं परिमाणं यस्य, परिमाण रहित ब्रह्म, उसमें रहने वाली, ब्रह्मनिष्ठा देवी। या, विशिष्ट = वेद के अविरुद्ध, मान = प्रमाणों में, स्था = धर्म-रूप से रहने वाली। **पञ्चप्रेतमञ्चाधिशायनी** = ब्रह्मादि चार प्रेत मञ्च के पांव हैं तथा सदाशिव-प्रेत मञ्च का फलक है। उस मञ्च पर देवी विराजमान हैं। भैरवयामल में कहा गया है कि - "शिवात्मके महामञ्चे महेशानोपबर्हणे। भृतकाश्च चतुष्पादाः कशिपुश्च सदाशिवः। तत्र शेते महेशानी महात्रिपुरसुन्दरी।"

पञ्चमी पञ्चभूतेशी पञ्चसंख्योपचारिणी।
शाश्वती शाश्वतैश्वर्या शर्मदा शम्भुमोहिनी॥ १७५॥

हिन्दी -

तुरीयातीत रूप वाली, (पञ्चमी) या, पाँच मकारों = आनन्दों का समूह, पृथिवी, वायु, तेज, जल, आकाश, इन पाँच महाभूतों की स्वामिनी, गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, एवं नैवेद्य, इन पाँच संख्याओं से पूजा की जाने वाली (उपचारिणी) नित्यरूपा, नित्य ऐश्वर्य वाली, सुख देने वाली (शर्मदा) तथा शम्भु को मोहित करने वाली देवी को नमस्कार है ॥ १७५ ॥

विमर्श -

ब्रह्मादि पाँचों में सदाशिव पञ्चम हैं। उनकी स्त्री हुई पञ्चमी। पञ्चमी शब्द 'वाराही' के लिए भी रूढ है। मकारों में पञ्चम आनन्द-रूप है। अत: पञ्चानां मानां समाहार: 'पञ्चमी' यह व्युत्पत्ति होने पर 'आनन्द-स्वरूपा' यह अर्थ होगा। पञ्चभूतेशी = पाँच महाभूतों की स्वामिनी। या, पाँच प्रकार के रत्नों वाली वैजयन्ती माला।

धरा धरसुता धन्या धर्मिणी धर्मवर्धिनी।
लोकातीता गुणातीता सर्वातीता शमात्मिका ॥ १७६ ॥

हिन्दी -

संसार को धारण करने वाली, या, पृथ्वी-रूपा (धरा) हिमालय (धर) की पुत्री, कृतार्था या धन्यधान्यपूर्णा, धर्मशीला (या आनन्दानुभूति आदि नित्यधर्मों की विशेष्यभूता) धर्म को बढ़ाने वाली, लोकों का अतिक्रमण कर चुकी (महाकैलाश नामक परशिव के पुर में रहने वाली, या जीवों का अतिक्रमण कर चुकी) गुणों से परे, सभी (तत्त्वों) से परे तथा सुखात्म-स्वरूपा, या, संसार की शान्तिरूपा देवी श्रीललिता को नमस्कार है ॥ १७६ ॥

बन्धूककुसुमप्रख्या बाला लीलाविनोदिनी।
सुमङ्गली सुखकरी सुवेषाढ्या सुवासिनी ॥ १७७ ॥

हिन्दी -

बन्धूक पुष्प के समान अत्यन्त रक्त-कान्ति वाली, कुमारी, (बाला) सांसारिक क्रीडाओं में हर्ष अनुभव करने वाली, (या, पद्मराज की पत्नी लीला को वर देकर प्रसन्न करने वाली सरस्वती-रूप वाली), सुन्दर मङ्गल वाली, (या, सुमङ्गल = ब्रह्म, ब्रह्मस्वरूपा) सेवकों को सुख देने वाली, सुन्दर वेष से युक्त, तथा सौभाग्यवती देवी श्रीललिता को नमस्कार है ॥ १७७ ॥

सुवासिन्यर्चनप्रीताऽऽशोभना शुद्धमानसा।
बिन्दुतर्पणसन्तुष्टा पूर्वजा त्रिपुराम्बिका॥ १७८॥

हिन्दी -

सौभाग्यवतियों की अर्चना से प्रसन्न, संपूर्णतः सुन्दर (आशोभना) रागादिरहित शुद्ध मन वाली, बिन्दुचक्र में पूजन करने से सन्तुष्ट होने वाली, सब से पहले उत्पन्न हुई, (अबुद्धिपूर्वक हुई पहली सृष्टि) तथा तीन अवस्थाओं की जननी, या, तीन (पुर) लोकों को जननी, (श्री त्रिपुराम्बिका) को नमस्कार है॥ १७८॥

विमर्श -

बिन्दुतर्पणसन्तुष्टा – बिन्दु = सर्वानन्दमयचक्र में, ब्राह्मणादि चार वर्णों को बनाने (तर्पण) से प्रसन्न, या, बिन्दुचक्र में पूजन से प्रसन्न। **पूर्वजा** - 'अहमस्मि प्रथमजा ऋतस्य' इस श्रुति के अनुसार अबुद्धिपूर्वक की गई पहली सृष्टिरूपा देवी ही है।

दशमुद्रासमाराध्या त्रिपुराश्रीवशङ्करी।
ज्ञानमुद्रा ज्ञानगम्या ज्ञानज्ञेयस्वरूपिणी॥ १७९॥

हिन्दी -

संक्षोभणी से लेकर त्रिखण्डा तक की दश मुद्राओं द्वारा भली-भाँति पूजा के योग्य, पञ्चमचक्र की अधिष्ठात्री देवी त्रिपुराश्री को वश में करने वाली, या, जागर, स्वप्न एवं सुषुप्ति, इन तीन अवस्थाओं से प्राचीन आत्मशक्ति और लक्ष्मी को वश में करने वाली, ज्ञानरूप मुद्रा वाली, या, ज्ञान से आनन्द को प्राप्त कराने वाली, ज्ञान से प्राप्त करने योग्य, तथा ज्ञान और ज्ञेयस्वरूप वाली (दृक् और दृश्य रूप वाली) देवी श्री त्रिपुरसुन्दरी को नमस्कार है॥ १७९॥

विमर्श -

त्रिपुराश्रीवशङ्करी – पञ्चमचक्र की अधिष्ठात्री देवी त्रिपुराश्री हैं। उनको वश में रखने वाली श्री ललिता जी हैं। या, तिसृभ्यः = जाग्रदादि - अवस्थाभ्यः पुरा = प्राचीना, त्रिपुरा = आत्मशक्तिः, तां, श्रियम् = लक्ष्मीञ्च वशङ्करोति इति त्रिपुराश्रीवशङ्करी। **ज्ञानमुद्रा** - ज्ञानेन मुदं राति, इति। ज्ञान से प्रसन्नता को देने वाली। या, ज्ञानम् - चिद् को, तथा मुदम् = आनन्द को, द्रावयति = द्रवित करती है जो, वह।

योनिमुद्रा त्रिखण्डेशी त्रिगुणाम्बा त्रिकोणगा।
अनघाद्भुतचारित्रा वाञ्छितार्थप्रदायिनी॥ १८०॥

हिन्दी -

नवममुद्रारूपा (योनि है मुद्रा = आच्छादिका, जिस बिन्दु की, तद्रूपा, मन्त्रदोष के निवारण के लिए एक मुद्रा विशेष, जिसे गुरुमुखमात्र से जाना जाये।) त्रिखण्डा = दशम मुद्रा की स्वामिनी (या, सोम, सूर्य, और वह्निनामक मन्त्रखण्डों की स्वामिनी) त्रिगुणा = सत्वरजस्तमस् गुण-स्वरूपा, तथा सभी की माता, त्रिकोणचक्र में जाने वाली, दुःख, व्यसनादि से रहित, (अनघा) अद्भुत चरित्र वाली, तथा भक्तों को वांछित अर्थ प्रदान करने वाली देवी को नमस्कार है॥ १८०॥

विमर्श -

त्रिगुणाम्बा - सत्त्व, रजस् एवं तमस् इन तीन गुणों की माता। अद्भुत-चारित्रा - अद्भुतेषु-भूकम्पादिषु उत्पातेषु निमित्तेषु चरन्ति इति अद्भुतचारीणि, दुष्टफलानि, भूकम्पादि निमित्तों में घूमने वाले दुष्ट फल, उन दुष्टफलों से रक्षा करने वाली। तेभ्यः त्रायते, इति अद्भुतचारित्रा।

अभ्यासातिशयज्ञाता षडध्वातीतरूपिणी।
अव्याजकरुणामूर्तिरज्ञानध्वान्तदीपिका॥ १८१॥

हिन्दी -

ब्रह्मात्म के ऐक्य के लिए किये गये अभ्यास से विशेषतः जानी गई, वर्ण, पद, मन्त्र, कला, तत्त्व व भुवननामक छः मार्गों से अतिक्रान्त स्वरूप वाली, नैसर्गिक करुणा की मूर्ति, तथा अज्ञानान्धकार को दूर करने वाले (दीपक) प्रकाश सदृश देवी श्रीललिता जी को नमस्कार है॥ १८१॥

विमर्श -

वर्णाध्वा, पदाध्वा, मन्त्राध्वा, कलाध्वा, तत्त्वाध्वा, तथा भुवनाध्वा, इन छः अध्वा से परे देवी का स्वरूप है। इन अध्वाओं में तीन विमर्श अंश हैं तथा तीन प्रकाश अंश। या, शैव, वैष्णव आदि छः उपासना मार्गों को अतिक्रमित कर चुकी देवी "षडध्वातीतरूपिणी" कहलाती है।

आबालगोपविदिता सर्वानुल्लङ्घ्यशासना।
श्रीचक्रराजनिलया श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरी॥ १८२॥
श्रीशिवा शिवशक्त्यैक्यरूपिणी ललिताम्बिका॥

इति श्री वाग्देवी विरचितं श्रीललितायाः
सहस्रनामस्तोत्रं समाप्तम्।

हिन्दी -

हरिहर आदि से लेकर बाल तक सभी से विदित, ब्रह्मा आदि द्वारा भी जिसकी आज्ञा का उल्लंघन नहीं किया जाये, उसे, श्री चक्रराज है घर जिसका, उस देवी को, तथा श्रीयुक्ता शिव की भार्या को नमस्कार है॥ १८२॥

श्रीशिव स्वरूपा, शिव और शक्ति के ऐक्य (अभिन्न) स्वरूप वाली, या, शिवचक्र तथा शक्तिचक्र के ऐक्य स्वरूप वाली, तथा सर्वत्र सदा शोभायमान हो रही अम्बा को (ललिताम्बा) नमस्कार है।

विमर्श -

आबालगोपविदिता - बाल-गोप पर्यन्त सभी द्वारा ज्ञात। या, बालान् = ब्रह्मादीन् गोपयति इति बालगोपः, ब्रह्मादिकों के रक्षक शिव, बालश्चासौ गोपश्च इति बालगोपः = कृष्ण, बालगोपश्च बालगोपश्च इति बालगोपौ। एकशेष करने पर शिव और कृष्ण अर्थ हुआ। तौ अभिव्याप्य आबालगोपम्, आबालगोपेन, विदितं = ज्ञानं यस्याः सा आबालगोपविदिता। **श्रीचक्रराज-निलया** - "श्रीचक्रं शिवयोर्वपुः", श्रीचक्र में स्थित शिव और शिवारूपिणी। **श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरी** - त्रिपुरस्य = परम शिव की, सुन्दरी = भार्या, श्रीमती = श्रीयुक्ता, त्रिपुरसुन्दरी। या, त्रीणि पुराणि (ब्रह्म, विष्णु और शिव के तीन शरीर) यस्मिन् = जिसमें है, वह त्रिपुर हुआ परशिव। उनकी पत्नी। **ललिताम्बिका** — ललते = सर्वत्र सदा शोभते असौ इति ललिता, जो सर्वत्र शोभा प्राप्त कर रही हो, वह है ललिता। ललिता चासौ अम्बिका च इति, ललिताम्बिका = ललिता माँ (पार्वती माता)।

॥ इति श्रीवाग्देवी विरचित श्रीललितासहस्रनामस्तोत्र ॥

शाण्डिल्यगोत्रोत्पन्न न्याय, व्याकरण, वेदान्तादि अनेकशास्त्र-निष्णात पं. उमेश चौधरी के आत्मज अर्कनाथ चौधरी कृत ललितासहस्रनाम का हिन्दी अनुवाद पूर्ण।

◆ ◆ ◆

SANSTHAN DEEMED UNIVERSITY (UNDER MINISTRY OF H.R.D. GOVT. OF INDIA)
21638
ACCESSION NO
DATE 21/4/04.

CENTRAL SANSKRIT UNIVERSITY

(Under Ministry at Education, Govt. of India)

GURUVAYOOR CAMPUS LIBRARY

Due Date Slip

Title : Sree lalitha Sahasranama Stotra

Author : Goswami Sreelakshmi

Acc. No. 21638

This book should be returned to the library on or before the date last stamped. Otherwise over-due charges of ₹1/- per book per day will be collected.

Due date of Return	Due date of Return	Due date of Return

श्री रामकृपालुजी शर्मा

ापका जन्म सम्वत 1988 (1932 ई. सन्)

को हुआ। बाल्यावस्था से ही साहित्य में रुचि थी। 18 वर्ष की आयु में ही 'प्राञ्जलि' नामक गद्य-पद्य मय पुस्तक की रचना करके प्रकाशित की। इस पुस्तक के श्री शर्माजी को अनेक विशिष्ट विद्वानों, रामकृष्ण शुक्ल 'शिलीमुख', महादेवी त्रानन्दन पंत, रामकुमार वर्मा, वैद्य हनुमान शास्त्री आदि की संस्तुति एवं शुभाशीर्वाद से शर्माजी का साहित्य सृजन और प्राचीन त ग्रन्थों के संग्रह के प्रति झुकाव हुआ। 5 से संग्रहीत हस्तलिखित ग्रन्थ एवं सामग्री को आपने सन् 1970 में ''शर्मा '' के रूप में समर्पित कर दिया जिसका तत्कालीन केन्द्रीय शिक्षा राज्य-मंत्री र्शनजी के कर-कमलों से हुआ।

ौरान आपके कनिष्ठ पुत्र संजय शर्मा का 3 मार्च, 1982 को गंभीर बीमारी के हावसान हो जाने से आपने ''शर्मा '' के संग्रहीत हस्तलिखित ग्रन्थ एवं सामग्री को ''श्री संजय शर्मा संग्रहालय ंस्थान'' के रूप में प्रस्थापित कर प्रन्यास ा की तथा वर्तमान में आप और आपकी मती पद्मावती शर्मा) दोनों ने व्यक्तिगत संग्रहालय भवन का निर्माण कराया, लाख से अधिक हस्तलिखित ग्रन्थ एवं संख्या में बहुमूल्य कलाकृतियाँ सुरक्षित ई हैं।

नाथ नागर रचित बालातप भाष्य के साथ ख्या सहित ''श्रीललितासहस्रनामस्तोत्र'' ान आपकी प्रेरणा का फल एवं इस एवं शोध संस्थान का प्रथम पुष्प है।



CSUGCKL
Q25:4173x1,1 1
21638
Acc.No: 21638

श्री संजय शर्मा संग्रहालय एवं शोध संस्थान, जयपुर
ज्ञानमेव परं ज्योतिः